सूर्योदय 7:21 सूर्यास्त 5:32

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5 न्यू | 15 अधि |
| धर्मशाला | 9 न्यू | 16 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,762 .01 |
| निफ्टी | 26,328.55 |
| सोना 1,34,415 | चांदी 2,34,906 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 4 जनवरी 2026 | 20 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 8, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### बिजली बोर्ड कर्मचारियों को 50 फीसदी एरियर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश बिजली बोर्ड के कर्मचारियों के लिए राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण और राहतभरा निर्णय लिया है। सरकार ने कर्मचारियों को 50 प्रतिशत एरियर देने को मंजूरी दे दी है, जिससे लंबे समय से लंबित मांग को लेकर कर्मचारियों में संतोष का माहौल बना है। वेतन निर्धारण के दौरान कर्मचारियों ने 15 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी का विकल्प चुना था, जिसके आधार पर एरियर भुगतान का यह निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से लगभग 800 कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। माना जा रहा है कि इस कदम से न केवल कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी, बल्कि कार्यबल का मनोबल भी बढ़ेगा। राज्य सरकार का कहना है कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनके लंबित मामलों का समाधान उसकी प्राथमिकता है।

### प्रिंसिपल पदोन्नति में करें आरक्षण रोस्टर का पालन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को स्कूल कैडर में प्रिंसिपल पद पर पदोन्नति करते समय आरक्षण रोस्टर का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश बिहारी लाल व अन्य बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य मामले की सुनवाई के दौरान पारित किया गया। अदालत ने कहा कि पदोन्नति की पूरी प्रक्रिया संविधान में निहित प्रावधानों और राज्य की आरक्षण नीति के अनुरूप ही होनी चाहिए। मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश संदीप शर्मा ने स्पष्ट किया कि आरक्षण नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह इस मामले में अपना विस्तृत जवाब आठ सप्ताह के भीतर दाखिल करे, ताकि पदोन्नति प्रक्रिया की वैधानिकता की समुचित समीक्षा की जा सके।

### छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर में 14 नक्सली ढेर

**एजेंसी, बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में शनिवार सुबह दो अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 14 नक्सलियों को मार गिराया है। सुकमा के किस्टाराम इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी के इनपुट पर डीआरजी की टीम को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान शनिवार सुबह करीब 8 बजे नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में फोर्स ने 12 नक्सलियों को ढेर कर दिया। वहीं, बीजापुर में माओवादियों की मौजूदगी की इनपुट मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने अभियान शुरू किया। शनिवार तड़के नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड़ में दो नक्सलियों मारे गए हैं। मुठभेड़ की पुष्टि एसपी जितेंद्र यादव ने की है। मारा गया एक नक्सली एरिया कमेटी मेंबर है, जिस पर पर 5 लाख का नाम इनाम था, जबकि दूसरा 8 लाख का इनामी था। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अतिक्रमण: 3 दुकानदारों में से एक का सामान जब्त -पेज 2
- 200 पंचकर्मा तकनीशियनों की भर्ती न करने पर उठे सवाल -पेज 3
- भेड़पालकों का होगा बीमा, बकरी भेड़ पालन को मिलेगा अनुदान -पेज 4
- महिला नेतृत्व, सुशासन और बिलासपुर का विकास प्राथमिकता: अंजना -पेज 6
- दाड़लाघाट में शराब की 130 पेटियों समेत दो दबोचे -पेज 12


# पावर प्रोजेक्टों से भू-राजस्व हमारा हक : सीएम

## कहा- सरकार ने बीबीएमबी परियोजनाओं में मांगी स्थायी सदस्यता, 6500 करोड़ रुपए का एरियर भी मांगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं डेवेलपर्स के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए भू-राजस्व के विशेष मूल्यांकन पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने डेवेलपर्स से कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है।

प्रदेश में कार्यान्वित विभिन्न जल विद्युत परियोजना डेवेलपर्स का यह दायित्व है कि प्रदेश को भू-राजस्व (लैंड रेवन्यू) अदा करें। यह राजस्व प्राप्त करना राज्य का अधिकार है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यशील सभी जल विद्युत परियोजनाओं को नियमानुसार भू-राजस्व अदा करना चाहिए। भू-राजस्व प्रदान करने की दर के युक्तिकरण के लिए विचार-विमर्श किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 25 मैगावाट क्षमता की जल विद्युत परियोजना डेवेलपर्स के साथ इसी संदर्भ में 12 जनवरी को शिमला में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के लिए सुनिश्चित संसाधनों का सदुपयोग राज्य के लोगों के हित और विकास के लिए सुनिश्चित कर रही है।



शिमला में जल विद्युत परियोजना डेवेलपर्स के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**कहा-प्रदेशवासियों को मिले प्राकृतिक संसाधनों का लाभ**

सीएम सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने अनेक निर्णय लिए हैं। केंद्र और पड़ोसी राज्यों से अपने हक लेने के लिए मजबूती से अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य ने बीबीएमबी परियोजनाओं में प्रदेश को स्थायी सदस्यता देने तथा वर्ष 1966 से वर्ष 2011 तक के एरियर के लगभग 6500 करोड़ रुपए शीघ्र जारी करने की मांग की है।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बहुमूल्य विचार साझा किए। विभिन्न हितधारकों ने भी मुख्यमंत्री के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत किया। बैठक में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, विनोद सुल्तानपुरी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### चार-चार स्कूल गोद लें वरिष्ठ अधिकारी

**शिमला।** मुख्यमंत्री ने अपना विद्यालय हिमाचल स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के तहत उपायुक्तों के साथ वर्चुअल बैठक में कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की गुणवत्ता बेहतर करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि डीसी, एडीसी और वरिष्ठ अधिकारी कम से कम चार-चार स्कूल गोद लें और हर माह विद्यार्थियों से संवाद करें। गोद लिए गए स्कूलों का औचक निरीक्षण कर युवाओं को करियर मार्गदर्शन तथा प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं की तैयारी संबंधी जानकारी दी जाए।

### सीएम के आदेश के बाद प्रोफेसर सस्पेंड

**शिमला।** राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की छात्रा की मौत मामले में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आदेशों पर आरोपी प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार शाम को इस संबंध में आदेश जारी किए गए। इससे पहले सीएम सुक्खू ने सुबह सोलन के कंडाघाट में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा था कि धर्मशाला में छात्रा ने अपने वीडियो बयान में जिस प्रोफेसर का नाम लिया है, उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाएगा। प्रोफेसर को निलंबित करने के आदेश दे दिए हैं। मामले की और विस्तृत जांच कॉल डिटेल के साथ की जाएगी। कहा कि जो भी इसमें संलिप्त होगा, सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। उधर, छात्रा की मौत मामले में तथ्य खोज/प्रारंभिक जांच करने के लिए उच्च शिक्षा निदेशालय ने अध्यक्ष समेत सदस्यों की समिति का गठन किया है।

### मुख्यमंत्री ने सोलन के कंडाघाट में रखी दिव्यांग शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र की नींव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को जिला सोलन के कंडाघाट में दिव्यांगजन के लिए स्थापित किए जाने वाले दिव्यांगजन शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र की आधारशिला रखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के समावेशी विकास और कल्याण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अपनी प्रतिबद्धता के अनुसार इस केंद्र का शिलान्यास निर्माण कार्य लगभग 25 प्रतिशत पूर्ण होने पर ही किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिव्यांगजन शिक्षा उत्कृष्टता केंद्र 45 बीघा भूमि पर स्थापित किया जाएगा, जिसपर 200 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने इस केंद्र के पहले चरण का कार्य इस वर्ष अक्तूबर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। केंद्र में 300 दिव्यांग बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल मैदान तथा आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने केंद्र में 500 किलोवाट क्षमता की नई सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगाने के निर्देश भी दिए। सीएम ने कहा कि यह संस्थान दिव्यांगजनों को उच्च शिक्षा, विशेष शिक्षा एवं कौशल विकास से संबंधित पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाएगा। इसके साथ ही दिव्यांगता की प्रकृति और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान एवं विकास गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों सहित समाज के वंचित वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा कई महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं।

**केंद्र में 500 किलोवाट का सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगाने के निर्देश**

# चंबा में खाई में गिरी कार, दंपती की मौत

## हादसे में एक व्यक्ति गंभीर घायल, टांडा अस्पताल रेफर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा मुख्यालय से सटे कियानी में चुराह विधानसभा क्षेत्र के हिमगिरि के रहने वाले लोगों की कार अनियंत्रित होकर करीब 400 से 500 फुट गहरी खाई में जा गिरी। इस भीषण हादसे में कार सवार तीन लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे में हरी सिंह और उनकी पत्नी शिवदेई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं जगदीश सोनी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा में भर्ती करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। दुर्गम स्थल होने के कारण शवों को नाले से बाहर निकालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।



**प्रशासन ने परिजनों को दी 10-10 हजार रुपए की फौरी राहत**

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक चंबा विजय कुमार सकलानी ने बताया कि कियाणी के पास ईंड नाले में कार दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर दो लोगों की मौत हो चुकी थी, जबकि एक घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे के कारणों की गहन जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को 10-10 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान कर दी गई है। इस हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# हिमाचल में सिंथेटिक ड्रग बनाकर पंजाब में सप्लाई के आरोप

## बब्बर खालसा-पंजाब सोवरेंटी अलाइंस ने पोस्ट में लिखा- पुलिस को जगाने के लिए किया धमाका

## अगर अब भी पुलिस नहीं जागी, तो अगले धमाके पुलिस हेडक्वार्टर और पुलिस की गाड़ियों में होंगे

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बीबीएन।** एक जनवरी को नालागढ़ पुलिस थाने के समीप हुए संदिग्ध धमाके में बब्बर खालसा और पंजाब सोवरेंटी अलाइंस की एंट्री के बाद प्रदेश के साथ-साथ देश की जांच एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। जिला पुलिस बद्दी द्वारा इंस्टाग्राम एकाउंट 'जस्सा.सिंह.पीएसए' वायरल पोस्ट के बाद पंजाब पुलिस और एनआईए से संपर्क साधा गया है। पुलिस जहां धमाके के बाद से सीसीटीवी खंगालने में जुटी है, वहीं फॉरेंसिक टीम की रिपोर्ट का भी पुलिस को इंतजार है। उधर, इंस्टाग्राम पर जिम्मेदारी लेते हुए बब्बर खालसा और पंजाब सोवरेंटी अलाइंस द्वारा एक गंभीर आरोप हिमाचल प्रदेश पर जड़ा गया है और हिमाचल तथा पंजाब पुलिस को कटघरे में खड़ा किया गया है। 'जस्सा.सिंह.पीएसए' इंस्टा एकाउंट से जारी पोस्ट में कहा गया है कि हिमाचल में सिंथेटिक ड्रग बन रहा है, जिसे पंजाब में सप्लाई किया जा रहा है। सिंथेटिक ड्रग का यह कारोबार पंजाब और हिमाचल पुलिस की मिलीभगत से चल रहा है। पोस्ट में यह भी कहा गया है कि हमारी बेकसूर जनता से कोई लड़ाई नहीं है, हमारी लड़ाई नशे और इस भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ है और यह धमाका पुलिस के लिए चेतावनी था। अगर हिमाचल से सिंथेटिक ड्रग की सप्लाई नहीं रोकी गई तो अगले धमाके पुलिस हेडक्वाटर और पुलिस की गाड़ियों में होंगे। पोस्ट में सीधे तौर पर पंजाब और हिमाचल पुलिस को कटघरे में खड़ा करते हुए पुलिस की छत्रछाया में सिंथेटिक ड्रग पंजाब को सप्लाई करने के आरोप लगाए गए हैं।

**नालागढ़ धमाके में बब्बर खालसा की एंट्री के बाद जांच एजेंसियां सतर्क**




'जस्सा.सिंह.पीएसए' इंस्टा एकाउंट में डाली गई पोस्ट।

इस पोस्ट के बाद जहां कई सवाल खड़े हो गए हैं, वहीं प्रदेश के साथ-साथ देश की जांच एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। जिला पुलिस बद्दी जहां सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी है, वहीं फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके पर लिए गए सैंपल की रिपोर्ट आने का इंतजार पुलिस कर रही है। एसपी बद्दी विनोद धीमान का कहना है कि पंजाब पुलिस व एनआईए से मदद के लिए संपर्क साधा गया है और हर एंगल से जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं और पुलिस की अलग-अलग टीमें सभी पहलुओं के मद्देनजर जांच में जुटी हैं।

# अमेरिका का वेनेजुएला के 4 शहरों पर हमला

## डोनाल्ड ट्रंप बोले-वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी अब हमारे कब्जे में

**एजेंसी, काराकस**

अमेरिका ने शुक्रवार रात करीब 2 बजे वेनेजुएला के 4 शहरों पर हमले किए। इस दौरान अमेरिकी सैनिकों ने मिलिट्री ठिकानों और खास जगहों को निशाना बनाया। अमेरिका ने वेनेजुएला पर हमला कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने का दावा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया एडेला अब अमेरिकी सैनिकों के कब्जे में हैं। उन्हें वेनेजुएला से बाहर ले जाया गया है।

अमेरिकी हमले के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो ने बयान जारी कर कहा था कि वे जवाब देंगे। उन्होंने देशभर में इमरजेंसी लगाने का ऐलान किया था। उनके बयान जारी करने के 1 घंटे बाद ट्रंप ने उन्हें पकड़ने का ऐलान किया। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच बीते 4 महीने से टकराव जारी है। अमेरिका ने वेनेजुएला के पास समुद्र में सैनिक, विमान और युद्धपोत तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी का आरोप लगाकर वेनेजुएला की 35 नावों पर हमले किए हैं। इसमें 100 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। (अनंत ज्ञान)



### यमन में सऊदी अरब का हमला, 20 की मौत

**एजेंसी, सना।** यमन में सऊदी अरब की एयरस्ट्राइक में 20 अलगाववादी लड़ाके मारे गए हैं। यह घटना दक्षिणी प्रांत के हद्रामौत में हुई, जहां अलगाववादी संगठन सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल के एक ठिकाने को निशाना बनाया गया। इस बीच यमन सरकार ने सैन्य कार्रवाई कर अलगाववादी गुट से अहम मिलिट्री बेस वापस अपने कब्जे में लेने का दावा किया है। हद्रामौत के गवर्नर सालेम अल-खानबाशी ने कहा कि सुरक्षाबल सिर्फ सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल के कब्जे से सैन्य ठिकानों को वापस लेने की कोशिश कर रहे हैं।

## 125 साल बाद उनके अवशेष भारत वापस लाए, हमारे लिए वे सबकुछ

# भगवान बुद्ध तो सबके हैं : पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने भगवान बुद्ध से जुड़े अवशेषों की भारत वापसी पर कहा कि इन अवशेषों को अपने बीच पाकर हम धन्य हैं। हमारे लिए ये सबकुछ हैं। भगवान बुद्ध सबके हैं। 125 साल के इंतजार के बाद भारत की विरासत लौटी है। गुलामी के काल में इन्हें भारत से छीना गया था। जो लोग इसे लेकर गए थे उनके ये केवल एंटीक थे, इसलिए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय बाजार में नीलाम करने की भी कोशिश की। भारत ने तय किया कि हम इनकी नीलामी नहीं होने देंगे। हम गोदरेज समूह का आभार व्यक्त करते हैं। उनके सहयोग से यह मुमकिन हो सका कि ये अवशेष बुद्ध की भूमि पर वापस आए।



दरअसल, साल 1898 में उत्तर प्रदेश के कपिलवस्तु में खुदाई के दौरान भगवान बुद्ध के अवशेष मिले थे। यह खुदाई ब्रिटिश काल में हुई थी। खुदाई कराने वाले व्यक्ति डब्ल्यू. सी. पेपे, उस समय ब्रिटिश शासन में एक इंजीनियर थे। उस वक्त इन अवशेषों को भारत से बाहर भेज दिया गया था। इन्हें अब वापस लाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### भगवान बुद्ध का मेरे जीवन में गहरा स्थान

**पीएम** ने कहा कि मैं खुद को भाग्यशाली समझता हूं, उनका मेरे जीवन में गहरा स्थान रहा है। जब मैं सरकार के दायित्वों से दूर था तब भी बौद्ध तीर्थस्थलों का दौरा करता था। नेपाल के लुंबिनी में माया देवी मंदिर में जाना अद्भुत अनुभव था। जापान और चीन में भी मैंने भगवान बुद्ध को महसूस किया। मंगोलिया में लोगों की आंखों में बुद्ध से जुड़ाव देखा।

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव : महायुति के 68 उम्मीदवार निर्विरोध जीते

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र में 15 जनवरी को होने वाले नगर निकाय चुनाव से पहले महायुति गठबंधन के सहयोगियों ने 68 सीटें निर्विरोध जीत ली है। इसमें अकेले भाजपा के 44 उम्मीदवार, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 22 और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के दो उम्मीदवार शामिल हैं। वहीं, राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने उन नगर निकायों से रिपोर्ट मांगी है, जहां सत्तारूढ़ दलों के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

शुक्रवार को नामांकन वापसी का आखिरी दिन था। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केशव उपाध्याय ने शुक्रवार देर शाम को बताया कि भाजपा और महायुति के 68 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, जो नगर निकाय के चुनाव में पार्टी की बढ़ती ताकत और लोकप्रियता को दर्शाता है।

राज्य निर्वाचन आयोग करेगा जांच

निर्वाचन आयोग ने फैसला किया है कि वह इस बात की जांच करेगा कि क्या निर्विरोध चुने जान के मकसद से नामांकन वापस लेने के लिए विपक्षी उम्मीदवारों पर कोई दबाव तो नहीं डाला गया या उन्हें कोई प्रलोभन तो नहीं दिया गया।

**भाजपा के 44, शिंदे गुट के 22 कैंडिडेट्स**

गौरतलब है कि 29 दिसंबर को महायुति ने आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव के लिए सीटों का फॉर्मूला फाइनल किया है। इसके अनुसार, भाजपा 137 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि शिवसेना (शिंदे गुट) 90 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। (अनंत ज्ञान)

**बयान** संघ को पार्टी के नजरिए से देखना गलत, आरएसएस पैरा-मिलिट्री फोर्स नहीं

# भाजपा को आरएसएस नहीं करता कंट्रोल : भागवत

**एजेंसी, भोपाल**

आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भाजपा या विश्व हिंदू परिषद के नजरिए से आरएसएस को समझना गलत है। सभी स्वतंत्र रूप से काम करते हैं और संघ किसी (भाजपा) को कंट्रोल नहीं करता। संघ का उद्देश्य सत्ता, टिकट या चुनाव नहीं, बल्कि समाज की गुणवत्ता और चरित्र निर्माण है।

भोपाल में आरएसएस के 100 साल पूरे होने पर आयोजित 'प्रमुख जन गोष्ठी' में बोलते हुए भागवत ने कहा कि हम वर्दी पहनते हैं, मार्च निकालते हैं और लाठी का अभ्यास करते हैं। ऐसे में अगर कोई सोचता है कि यह एक पैरा मिलिट्री फोर्स है तो यह एक गलती होगी। भागवत ने आगे कहा कि हमारे मत-पंथ, संप्रदाय, भाषा और जाति अलग हो सकती है, लेकिन हिंदू पहचान हम सबको जोड़ती है। हमारी संस्कृति एक है, धर्म एक है और हमारे पूर्वज भी समान हैं।



भोपाल में जन गोष्ठी को संबोधित करते आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत।

गोष्ठी में मोहन भागवत ने राजनीति, स्वदेशी अर्थव्यवस्था, युवाओं की दिशा, पारिवारिक जीवन और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर खुलकर बात की। (अनंत ज्ञान)

### मोहन भागवत की स्पीच की बड़ी बातें

**संघ को समझने की जरूरत:** भागवत ने कहा कि संघ को लेकर समर्थक और विरोधी दोनों ही कई बार गलत नैरेटिव गढ़ते हैं। संघ की असली पहचान समाज निर्माण है और इसी वास्तविक स्वरूप को लोगों तक पहुंचाने के लिए ऐसे संवाद कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

**विदेशी निर्भरता पर स्पष्ट स्टैंड:** अमेरिका के टैरिफ जैसे वैश्विक मुद्दों पर भागवत ने कहा कि भारत को स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि किसी विदेशी वस्तु की आवश्यकता पड़े भी, तो वह भारत की शर्तों पर हो। भारत टैरिफ से डरने वाला देश नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की क्षमता रखता है।

**नई पीढ़ी को भारतीयता से जोड़ने की जरूरत:** जेन-जी और युवाओं को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। चीन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां की पीढ़ी को बचपन से राष्ट्रीय दृष्टि सिखाई जाती है, भारत को भी अपनी पीढ़ी को संस्कार और इतिहास से जोड़ना होगा।

**फैशन, फास्ट फूड और परिवार:** समाज में फैशन और उपभोक्तावाद की अंधी नकल बढ़ रही है। घर में विवेकानंद का चित्र होगा या किसी पॉप स्टार का, यह समाज की दिशा तय करता है। फास्ट फूड की संस्कृति पर भी उन्होंने संयम की सलाह दी और कहा कि परिवार को साथ बैठकर भोजन करने की आदत लौटानी होगी।

**समाज तय करता है देश का भाग्य:** देश का भाग्य नेता नहीं, बल्कि समाज तय करता है। डॉ. हेडगेवार ने समाज में एकता और गुणवत्ता लाने के लिए संघ की स्थापना की और वर्षों के प्रयोग के बाद उसकी कार्यपद्धति विकसित हुई।

# मंदिर पर चढ़ा, शराब मांगी पुलिस ने पहुंचाई तो नीचे उतरा

**एजेंसी, तिरुपति**

आंध्र प्रदेश के तिरुपति में शुक्रवार देर रात गोविंदराजस्वामी मंदिर के ऊपर पर एक व्यक्ति चढ़ गया और हंगामा किया। व्यक्ति ने कहा कि उसे एक क्वार्टर शराब की बोतल चाहिए तभी वह नीचे उतरेगा। व्यक्ति की पहचान तेलंगाना के निजामाबाद जिला निवासी कुट्टाडी तिरुपति (45) के रूप में हुई है। वह सिक्योरिटी गार्ड्स को चकमा देकर मंदिर में घुस गया था। पुलिस ने बताया कि उसे शराब देने के बाद नीचे उतारा गया और तिरुपति ईस्ट पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

पुलिस ने बताया कि व्यक्ति दर्शन खत्म होने के बाद नशे की हालत में मंदिर परिसर में घुस गया। मंदिर की दीवार पर चढ़ गया और गोपुरम के ऊपर रखा कलश चुराने की कोशिश भी की। पुलिस और फायर ब्रिगेड और मंदिर के सुरक्षा कर्मचारियों को उस आदमी को नीचे उतारने में तीन घंटे लग गए। (अनंत ज्ञान)

### मीडिया से बोला-मुझे तो बस 90एमएल चाहिए थी



**मंदिर** से नीचे उतारे जाने के बाद मीडिया ने उससे पूछा कि क्या यह सच है कि तुमने शराब की पूरी बोतल मांगी थी। आदमी ने कहा कि उसे तो बस 90 एमएल चाहिए थी। पुलिस ने तुरंत उसे गाड़ी में बैठाया और थाने लेकर चली गई।

# अतिक्रमण : 3 दुकानदारों में से एक का सामान जब्त

## नगर निगम के अतिरिक्ति आयुक्त के दिशा-निर्देशों पर कन्या स्कूल के सामने बूट विक्रेताओं पर की कार्रवाई

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** शहर में दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान सजाकर किए जा रहे अतिक्रमण को नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को नगर निगम के कर्मचारियों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या के सामने बूट विक्रेताओं पर कार्रवाई की।

इन तीन दुकानदारों को पहले चेतावनी थी कि सड़क पर रखा सामान उठा लें, लेकिन फिर यह दुकानदार सड़क पर सामान सजा कर बेच रहे थे। शनिवार को नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद शर्मा के निर्देश पर अतिक्रमण नियंत्रण कमेटी ने शहर का मुआयना किया। इस दौरान पाया गया कि तीन बूट विक्रेताओं ने सड़क पर सामान सजाया था। इनमें से एक दुकानदार का सामान जब्त कर लिया गया है व 2 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जबकि दो दुकानदारों ने अपना सामान उठा लिया था।


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर के सामने बूट, चप्पल बेचने वाले दुकानदारों पर नगर निगम ने की कार्रवाई।

बता दें कि पिछले लंबे समय से यह दुकानदार सड़क पर बूट, चप्पल सजाकर अतिक्रमण कर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि इनका चालान या कोई अन्य कार्रवाई नहीं की जाती है फिर भी यहा बूट और चप्पल बेचने वाले दुकानदार प्रशासन की इस कार्रवाई का ठेंगा दिखा रहे थे। प्रशासन द्वारा कार्रवाई करने के कुछ देर बाद ही अपना सामान सड़क पर सजा देते थे या कार्रवाई के दौरान सामान दुकान के अंदर कर देते थे। इन दुकानदारों पर प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई का कोई असर नहीं दिख रहा था। शनिवार को अतिक्रमण नियंत्रण कमेटी द्वारा की कार्रवाई के बाद इन दुकानदारों को चेतावनी दी गई है कि यदि फिर से सामान सड़क पर सजाया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**दुकानदारों को चेतावनी: सड़कों पर सामान सजाने पर होगी कड़ी कार्रवाई**

गौर रहे कि इन दुकानदारों को नगर परिषद द्वारा कई बार सड़क पर से सामान हटाने के नोटिस भी दिए जा चुके हैं, लेकिन इन दुकानदारों पर नोटिस का असर भी नहीं होता था। इन दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान सजाने से राहगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। यहां तक सड़क तंग होने की वजह से यहां से गुजरने वाले वाहनों से जाम लग जाता था।

अतिक्रमण को लेकर की गई इस कार्रवाई के बारे में नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त राम प्रसाद ने बताया कि इस सड़क से आयुक्त गुजरे थे व उन्होंने दुकानदारों को सड़क पर सामान हटाने के आदेश दिए थे। उन्होंने बताया कि तीन दुकानदारों में एक दुकानदार ने सामान नहीं उठाया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए उस दुकानदार का सामान जब्त कर लिया है व 2 हजार रूपए का जुर्माना किया गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी दुकानदार को सड़क पर सामान सजाकर बेचने की मनमानी को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण पर आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# कांग्रेस सरकार की विफलता से देवभूमि बन रही अपराध भूमि : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रदेश में बढ़ती अपराध की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार की विफलता के चलते आज देवभूमि में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि ये देवभूमि को अपराध भूमि बनाने पर तुले हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि शांत प्रदेश हिमाचल आज कांग्रेस सरकार की विफल नीतियों व नाकामी के कारण अपराध व अप्रिय घटनाओं का दंश झेल रहा है। यह देखना अत्यंत दुखद है कि हिमाचल में हिंसक घटनों की बाढ़ आ गई है। हिमाचल में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से मन आहत है व इन घटनाओं के पीड़ितों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं।



उन्होंने कहा कि गत दिनों धर्मशाला की बेटी पल्लवी का दुखद निधन कष्टदाई घटना हुई है, शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। इस प्रकरण उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच कर घटना के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सरकार को करनी चाहिए। हिमाचल की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल हुई है, खासकर कानून व्यवस्था के धराशायी होने से राज्य में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। अपराधी बिना किसी डर के वारदात को अंजाम दे रहे और जिम्मेदार चैन की बंशी बजा रहे हैं। आज हिमाचल में आम नागरिकों के अंदर घर करती असुरक्षा की भावना चिंताजनक है और बढ़ते अपराध ये दर्शाते हैं कि सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि अपराधियों पर लगाम कसने में प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल रही है।

**धर्मशाला में छात्रा के साथ हुई घटना की हो उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच**

## न्यूज ब्रीफ

### हीरानगर में आज लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत हीरानगर में 4 जनवरी को लाइनों के आसपास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते हीरानगर और इसके साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### धर्मपाल ने किया एक लाख का अंशदान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर से रिटायर संगीत के प्रोफेसर धर्मपाल ने जिला रेडक्रॉस सोसाइटी में एक लाख रुपये का आर्थिक अंशदान दिया। 75 वर्षीय प्रोफेसर धर्मपाल कुठेड़ा क्षेत्र के गांव बागचैकी के निवासी हैं। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने प्रोफेसर धर्मपाल को धन्यवाद देते हुए कहा कि सोसाइटी हमेशा गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद करती है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि वे अपनी कमाई का कुछ हिस्सा ऐसे अंशदान के रूप में दें और जरूरतमंदों की सहायता करें।

### खुली सिगरेट-बीड़ी बिक्री पर होगा चालान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश में खुली सिगरेट और बीड़ी की बिक्री पर रोक से जुड़े नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए प्रदेश सरकार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को चालान और जुर्माना करने के अधिकार प्रदान किए हैं। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सचिव द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम-2016 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। अधिसूचना के तहत एएसआई और इससे ऊपर के रैंक के सभी पुलिस अधिकारी पांच हजार रुपये तक का जुर्माना कर सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत सचिव व वरिष्ठ अधिकारी, शहरी क्षेत्रों में नगर निकायों के सेनिटरी इंस्पेक्टर, सचिव और ईओ, राज्य कर एवं आबकारी विभाग के निरीक्षक, साथ ही स्वास्थ्य विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर व खाद्य सुरक्षा अधिकारी भी चालान करने के लिए अधिकृत किए गए हैं।

### राज्य महिला आयोग का शिविर कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग की ओर से 5 जनवरी को हमीरपुर के एनजीओ भवन में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर आयोग की अध्यक्ष विद्या नेगी भी उपस्थित रहेंगी।

### सड़क सुरक्षा पर वीडियो बनाकर जीतें 25 हजार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आम लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनवरी माह को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा 'सड़क सुरक्षा-फिल्म महोत्सव' प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति हिंदी या अंग्रेजी भाषा में सड़क सुरक्षा पर आधारित लघु फिल्म या वीडियो बनाकर भाग ले सकता है। वीडियो की अधिकतम अवधि पांच मिनट निर्धारित की गई है। प्रविष्टियां 15 फरवरी तक ई-मेल के माध्यम से विभाग को भेजी जा सकती हैं या परिवहन निदेशालय में जमा करवाई जा सकती हैं। परिवहन विभाग के अतिरिक्त आयुक्त कार्यालय शिमला से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता चार आयु वर्गों में आयोजित होगी। प्रत्येक वर्ग में प्रथम पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा 20 विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

### स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू राम की मूर्ति हो स्थापित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** कांग्रेस युवा नेता उदय कुमार ने घोषणा की कि स्वतंत्रता सेनानी स्व. चौधरी सिद्धू राम चौधरी की मूर्ति जल्द ही सिद्धू चौक पर स्थापित की जाएगी। उदय कुमार ने कहा कि यह न केवल खुशी का क्षण है, बल्कि एक ऐतिहासिक कदम भी है, क्योंकि जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर किए, उनकी स्मृति पीढ़ियों के लिए गर्व का कारण बनेगी। उन्होंने सवाल उठाया कि अब तक सिद्धू चौक पर मूर्ति क्यों नहीं स्थापित की गई, जबकि उनके योगदान की कभी अनदेखी नहीं होनी चाहिए थी। उदय कुमार ने विधायक कैप्टन रणजीत सिंह का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने इस कमी को दूर करने की पहल की और मूर्ति स्थापना सुनिश्चित की। यह कदम स्थानीय लोगों के लिए भी गौरव का अवसर होगा।

### वरिष्ठता सूची के इंतजार में हो गई 6 साल नौकरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2019 से 2025 के बीच नियुक्त हजारों टीजीटी शिक्षकों की वरिष्ठता सूची छह वर्षों से लंबित है, जिससे उनका करियर प्रभावित हो रहा है। वरिष्ठता क्रमांक न मिलने के कारण हेडमास्टर और प्रवक्ता पदों पर पदोन्नति के अवसर शिक्षकों के लिए बंद हैं। कोविड से पहले नियुक्त शिक्षक भी अब तक वरिष्ठता क्रमांक से वंचित हैं। राजकीय टीजीटी कला संघ ने स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है और संबंधित स्टाफ को आदेश देने पर बल दिया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि बिलासपुर इकाई ने इस प्रकरण पर मंत्री राजेश धर्माणी को ज्ञापन भी सौंपा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो यह मुद्दा मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जाएगा।

### ताल में भेड़ों की नीलामी अब 15 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र ताल में छंटनी की गई 19 भेड़ों की नीलामी अब 15 जनवरी को सुबह 11 बजे प्रजनन प्रक्षेत्र के परिसर में की जाएगी। पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सतीश कपूर ने बताया कि पहले यह नीलामी 13 जनवरी को निर्धारित की गई थी, लेकिन इस दिन लोहड़ी की छुट्टी के कारण अब नीलामी की तिथि 15 जनवरी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को दस हजार रुपये की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को भेड़ों को छह घंटे के भीतर प्रजनन प्रक्षेत्र के परिसर से बाहर ले जाना होगा। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस को दोपहर बाद 3 बजे से सायं 5 बजे तक प्रजनन प्रक्षेत्र में आकर भेड़ों का अवलोकन कर सकते हैं।

# पूर्व विधायक की असलियत को समझ चुकी जनता : रणजीत सिंह


रणजीत सिंह ने सेना दिवस के बहाने राजनीति चमकाने पर पूर्व विधायक पर साधा निशाना।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के कांग्रेस विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने पूर्व विधायक पर आरोप लगाया कि वह किसी भी पार्टी में जाएं, उसके संगठन को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। रणजीत ने कहा कि सेना दिवस के बहाने अपनी राजनीति चमकाना गलत है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सेना के अधिकारी नीचे खड़े हैं जबकि पदाधिकारी मंच पर बैठकर सेल्यूट करवाते हैं, जो सम्मान की सही परंपरा नहीं है।

विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक केवल मुख्यमंत्री को कोसने में लगे हैं, जबकि सुजानपुर की जनता उनकी असलियत को समझ चुकी है। उन्होंने क्षेत्र में विकास कार्यों का हवाला देते हुए बताया कि सड़कों, शिक्षा और स्वास्थ्य पर फोकस किया जा रहा है। रोपा गांव के लिए सड़क का निर्माण और रेस्ट हाउस में पार्किंग का कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा, विधानसभा क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थानों में नशा समाप्ति के लिए शपथ अनिवार्य करवाई जाएगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री का संकल्प है कि हिमाचल प्रदेश चिटा मुक्त और नशा मुक्त बने, और इस दिशा में हर वर्ग योगदान दे रहा है।

## हिम अकादमी स्कूल के आदित्य का टीईएस-54 एसएसबी में चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर के छात्र आदित्य राणा ने टेक्निकल एंट्री स्कीम (टीईएस-54) और सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी), इलाहाबाद की कठिन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त कर भारतीय थलसेना की सिग्नल्स कोर में चयन हासिल किया। आदित्य राणा अब चार वर्षों के कठोर सैन्य और शैक्षणिक प्रशिक्षण से गुजरेंगे, जिसके पश्चात उन्हें लेफ्टिनेंट पद पर कमीशन मिलेगा। इस उपलब्धि का श्रेय आदित्य ने अपने माता-पिता और अध्यापकों को दिया। विद्यालय ने इस सफलता को गौरवपूर्ण बताया और आदित्य राणा के उज्ज्वल भविष्य, सफल प्रशिक्षण और राष्ट्र सेवा में निरंतर उन्नति के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उनकी उपलब्धि समस्त छात्र समुदाय के लिए प्रेरणास्रोत है।



# बूथ सशक्तिकरण व डिजिटल जनसंपर्क पर दिया जोर

## भाजपा की संगठनात्मक समीक्षा बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा जिला हमीरपुर ने संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क विस्तार को लेकर बाईपास रोड स्थित एक निजी रिसॉर्ट में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की। इन बैठकों की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने की, जबकि भाजपा प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी अमित ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जिला सह-प्रभारी प्रियव्रत शर्मा की भी विशेष उपस्थिति रही।

बैठकों का मुख्य उद्देश्य वर्तमान संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करना और पार्टी हाईकमान के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार करना रहा। बूथ सशक्तिकरण, संगठन की विभिन्न इकाइयों के बीच समन्वय, और जमीनी स्तर पर पार्टी की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा हुई।

जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और विभिन्न पदाधिकारियों, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों को सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा की। उन्होंने संगठनात्मक अनुशासन, समयबद्ध कार्य निष्पादन और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया, यह कहते हुए कि मजबूत संगठन ही पार्टी की वैचारिक और राजनीतिक सफलता की नींव है।


बैठक में उपस्थित भाजपा जिला पदाधिकारी और अन्य गणमान्य।

जिला सह-प्रभारी प्रियव्रत शर्मा ने डिजिटल युग में सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका पर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों, उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी जनता तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना आवश्यक है और कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मक संदेश फैलाने का आह्वान किया।

भाजपा प्रदेश सचिव अमित ठाकुर ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा करते हुए संगठनात्मक इकाइयों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुशासनबद्ध कार्य, प्रभावी क्रियान्वयन और मजबूत जनसंपर्क सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठकों के समापन पर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर की अगुवाई में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक प्रभावी रूप से पहुँचाने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## पूर्ण चंद का निधन क्षेत्र में शोक की लहर

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर के वार्ड नंबर 5 के निवासी पूर्ण चंद का शनिवार को साइलेंट हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। पूरन चंद आईएएस संदीप कुमार और पत्रकार संजीव बॉबी के पिता थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। उन्होंने अपने पीछे तीन बेटे संदीप कुमार, संजीव बॉबी, नीरज कुमार और एक बेटी छोड़ी है। उनके अंतिम संस्कार में कंडवाड़ी पालमपुर के अध्यात्मिक आश्रम के गुरु योगराज अमर ज्योति, डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह, एसडीएम निशांत शर्मा, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, पार्षद योगराज व पवन शर्मा, कांग्रेस नेता कमल कम्मी, अजय सौंधी, व्यापार मंडल और पत्रकारों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने शोक प्रकट किया।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं और कठिन समय में उनके साथ रहने का आश्वासन दिया।

# बेरोजगार युवाओं व उद्योगों के बीच सेतु का कार्य करेगा निस्वार्थ भाव सेवा संगठन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

निस्वार्थ भाव सेवा संगठन, मिशन रोजगार हिमाचल के तहत हिमालया फाउंडेशन और लघु उद्योग संघ के सहयोग से जिला हमीरपुर में दो दिवसीय रोजगार पंजीकरण मेले आयोजित कर रहा है। यह मेले 10 जनवरी को सुजानपुर के चौगान मैदान और 11 जनवरी को टौणी देवी के उहल में आयोजित होंगे।



इन मेलों का उद्देश्य क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता और रुचि के अनुसार बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। लघु उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार राणा और हिमालय फाउंडेशन की उपाध्यक्ष डिंपल परमार ने बताया कि मेलों के माध्यम से युवाओं को सीधे उद्योगों से जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें स्थायी और सम्मानजनक रोजगार मिल सके। डॉ. अशोक कुमार राणा की अध्यक्षता में मिशन रोजगार अभियान की बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। निस्वार्थ भाव सेवा संगठन के अध्यक्ष, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मोहन सिंह डोगरा ने बताया कि बद्दी, बरोटीवाला और नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, टेलीकॉलिंग और अन्य क्षेत्रों में लगातार मैनपावर की आवश्यकता रहती है। उन्होंने कहा कि मेले में शिक्षित, अल्प शिक्षित, डिप्लोमा होल्डर और आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं का पंजीकरण किया जाएगा और उनकी योग्यता के अनुसार उन्हें रोजगार दिलाने में संगठन सक्रिय भूमिका निभाएगा। मोहन सिंह डोगरा ने युवाओं से आग्रह किया कि वे निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर अपनाकर आत्मनिर्भर बनें। निस्वार्थ भाव सेवा संगठन समाज के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा।

## नव विवाहिता मौत मामले में सास, ससुर और पति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** मृतका शिल्पा के सास वीना, ससुर देश राज और पति नीरज को पुलिस ने गत रात गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात रहे शिल्पा के मायका की और से गत रात्रि पुलिस चौकी का घेराव करके आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें आज न्यायालय में पेश किया । न्यायालय से तीन दिन का रिमांड मिला है पुलिस चौकी गलोड़ के तहत आने वाली ग्राम पंचायत के गांव फाहल की नव विवाहिता शिल्पा कुमारी आयु 25 वर्ष पुत्री विजय कुमार की जहरीला पदार्थ खाने से हुई पर उसके ससुराल वाले तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शिल्पा कुमारी की लगभग एक साल पहले ही फाहल गांव में नीरज कुमार पुत्र देश राज से शादी हुई थी। एसपी बलबीर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों को तीन दिन का रिमांड मिला है ।सोमवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# प्रदेश में पूरी रफ्तार से चल रही मित्र मंडली प्रमोशन स्कीम : राजेंद्र राणा


राजेंद्र राणा ने सभी संदिग्ध नियुक्तियों और प्रमोशनों की निष्पक्ष जांच की मांग की।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर आरोप लगाया कि प्रदेश में शासन नहीं, बल्कि मित्र मंडली प्रमोशन स्कीम पूरी रफ्तार से चल रही है। उन्होंने कहा कि नियम, कानून और प्रशासनिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर मुख्यमंत्री अपने चहेतों को लाभ पहुंचा रहे हैं।

राणा ने बताया कि कुछ अधिकारियों को नियमों को दरकिनार कर प्रमोट किया गया, जबकि जनता के वेतन, पेंशन और मेडिकल क्लेम लंबित हैं। युवाओं और महिलाओं में नाराज़गी बढ़ रही है और विकास कार्य ठप हैं। वहीं भू-माफिया, खनन माफिया और शराब माफिया सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तानाशाही की सारी सीमाएं पार कर दी गईं और वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को जबरन रिटायर कर प्रमोशन सुनिश्चित किया गया। राणा ने कहा कि यह प्रशासनिक पतन है और भाजपा सरकार के दौरान गरीबों और जरूरतमंदों को योजनाओं से लाभ मिलता था। उन्होंने सभी संदिग्ध नियुक्तियों और प्रमोशनों की निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। भाजपा इस मुद्दे को सड़क से सदन तक उठाएगी।

# मुख्यमंत्री के करीबी सुमन भारती दूसरी बार बने कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है जिसमें हमीरपुर जिले से सुमन भारती को दूसरी बार कांग्रेस जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक बार फिर से सुमन भारती पर विश्वास जताया है। उन्होंने अपनी नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी है उसपर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इससे पहले भी सुमन भारती वर्ष 2023 तक कांग्रेस जिला अध्यक्ष के पद पर रहे हैं। उन्हें 2 जनवरी को फिर से इस पद पर नियुक्त किया है।



नाल्टी क्षेत्र से संबंध रखने वाले सुमन भारती का लम्बा राजनीतिक अनुभव रहा है। वह 1995 से 2001 तक युवा ब्लॉक कांग्रेस हमीरपुर के अध्यक्ष, उसके बाद 2001 से 2005 तक जिला यूथ कांग्रेस हमीरपुर के महासचिव, 2005 से 2007 तक ब्लॉक कांग्रेस हमीरपुर के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 1010 से 2019 तक वह जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे और 2019 से 2021 तक उन्हें सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया।

मुख्यमंत्री के करीबी माने जाने वाले सुमन भारती पर अब बड़ी जिम्मेवारी होगी। आने वाले पंचायत चुनावों के अलावा विधानसभा चुनावों में उम्मीदवारों को जिताने की चुनौती होगी।

**परेशानी** ग्रामीणों ने विधायक और विभाग से की सड़क की दशा सुधारने की मांग

# मंगलेहड़-डडर लिंक रोड बना जानलेवा

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** लोक निर्माण विभाग ग्रामीण इलाकों की सड़कों को दुरुस्त करने के लिए बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन तहसील सुजानपुर टीहरा के अंतर्गत बनाल, चमियाणा वाया मंगलेहड़-डडर लिंक रोड की हालत बदतर हो गई। यह सड़क पिछले कई वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे पड़े हुए हैं उखड़ी सड़क और टूटी किनारियों के कारण यह मार्ग आम दिनों में ही मुश्किल भरा रहता है, जबकि बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है।

बारिश के दौरान सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो जाती है और कई बार आवाजाही पूरी तरह बंद हो जाती है। ग्रामीणों ने सड़क की हालत को लेकर सुजानपुर के विधायक कै रणजीत सिंह राणा को पत्र भेजा है जिसमें सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर कर इस सड़क की दशा को सुधारने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में उचित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण सड़क के ऊपरी हिस्सों से लगातार भूस्खलन होता रहता है।



बनाल-चमियाणा वाया मंगलेहड़-डडर लिंक रोड की हालत बदतर।

ग्रामीणों का कहना है कि जुलाई 2023 में अत्यधिक बारिश के दौरान सड़क कई दिनों तक बंद रही थी, जिससे लोगों का संपर्क आसपास के क्षेत्रों से कट गया था। भूस्खलन के कारण मिट्टी और मलबा सड़क पर आ जाता है, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि आसपास की उपजाऊ कृषि भूमि भी प्रभावित होती है। खेतों में मलबा भर जाने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। स्थानीय लोगों ने यह भी चिंता जताई है कि सड़क के किनारे हो रहे भूस्खलन का खतरा अब घरों और लोगों की गोशालाओं तक पहुंच चुका है। कई स्थानों पर मकानों और गोशालाओं की नींव के पास जमीन खिसकती जा रही है, जिससे उनकी सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन स्थानों पर सड़क के साथ घर और गोशालाएं स्थित हैं, वहां मजबूत रिटेनिंग वॉल का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, ताकि भविष्य में किसी बड़े नुकसान से बचा जा सके। इस सड़क से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, बीमार, बुजुर्ग और स्थानीय लोग आवागमन करते हैं। आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना अत्यंत कठिन हो जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पूर्व में भी अपने हस्ताक्षरों सहित ज्ञापन संबंधित विभागों और जनप्रतिनिधियों को सौंपा था, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन एवं सरकार से मांग की है कि सड़क की शीघ्र मरम्मत, गड्ढों को भरने, भूस्खलन रोकने के स्थायी उपाय, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा घरों और गोशालाओं की नींव के साथ मजबूत दीवारों का निर्माण किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### कुटलैहड़ क्षेत्र की समस्याओं पर सीएम सुक्खू से चर्चा



मुख्यमंत्री सुक्खू से शिमला में भेंट करता कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधिमंडल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शनिवार को विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में ऊना जिला के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्हें सहानुभूतिपूर्वक पूरा करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह शीघ्र ही कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे, ताकि जमीनी स्तर पर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में जारी विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस अवसर पर विधायक विनोद सुल्तानपुरी भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने पूर्णचंद के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भारतीय प्रशासनिक अधिकारी संदीप कुमार और वरिष्ठ पत्रकार संजीव बॉबी के पिता पूर्णचंद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्णचंद का आज जिला हमीरपुर के नादौन में 80 वर्ष की आयु में निधन होना अत्यंत दुखद है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार परिवार के साथ खड़ी है और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### अवैध कब्जा नियमित करने वालों पर चुनावी रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया है कि जिन व्यक्तियों ने सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को नियमित करने के लिए आवेदन किया है, वे आगामी पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। न्यायालय ने कहा कि ऐसे आवेदन यह स्वीकार करते हैं कि संबंधित व्यक्ति ने सरकारी भूमि पर कब्जा किया है, जो हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के अंतर्गत अयोग्यता का आधार बनता है। हाईकोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग और जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए और नामांकन प्रक्रिया के दौरान ऐसे आवेदकों को अयोग्य माना जाए। अदालत का यह फैसला पंचायत चुनावों में पारदर्शिता और कानून के समान पालन की दिशा में अहम माना जा रहा है।

**हाईकोर्ट के आदेश से पंचायत चुनावों में सख्ती**

### जुब्बल की 25 पंचायतों को आपदा प्रबंधन किटें बांटीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र योजना के अंतर्गत विकास खंड जुब्बल की सभी पंचायतों को आवश्यक आपदा प्रबंधन उपकरण वितरित किए गए। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम द्वारा खंड विकास कार्यालय, जुब्बल में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक की 25 पंचायतों के प्रतिनिधियों को सेफ्टी हेल्मेट, लाइफ जैकेट, रस्सी, सर्च लाइट, तिरपाल, फोल्डिंग स्ट्रेचर, प्राथमिक उपचार किट, मेगाफोन सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की किट सौंपी गई और इनके उपयोग की संक्षिप्त जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जिला दण्डाधिकारी अनुपम कश्यप ने कहा कि पंचायतें आपदा प्रबंधन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं और उन्हें संसाधनों से सुसज्जित करना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये उपकरण प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं और अन्य आपात स्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करेंगे तथा पंचायत प्रतिनिधियों से सामग्री के समुचित रख-रखाव और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग का आग्रह किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी करण सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 200 पंचकर्मा तकनीशियनों की भर्ती न करने पर आयुष विभाग पर उठे सवाल

## केंद्र तो बने, स्टाफ नहीं; मरीजों को बाहर इलाज के लिए होना पड़ रहा मजबूर

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के आयुष विभाग के अंतर्गत आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में स्थापित पंचकर्मा केंद्रों के लिए स्वीकृत लगभग 200 पंचकर्मा तकनीशियनों के पद वर्षों से खाली पड़े हैं। इन पदों को भरने के लिए न तो अब तक भर्ती एवं पदोन्नति नियम बनाए गए हैं और न ही कोई ठोस समयसीमा तय की गई है। इसका सीधा असर पंचकर्मा सेवाओं पर पड़ रहा है और प्रदेश में आयुर्वेदिक चिकित्सा की एक महत्वपूर्ण पद्धति कमजोर होती जा रही है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के कई आयुर्वेदिक चिकित्सालयों, जिनमें कोटखाई जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं, में पंचकर्मा केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन केंद्रों में आवश्यक मशीनें और संसाधन भी उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन प्रशिक्षित तकनीशियन न होने के कारण ये केंद्र या तो बंद पड़े हैं या फिर सीमित स्तर पर ही काम कर पा रहे हैं। इससे आम जनता को पंचकर्मा जैसी प्रभावी उपचार पद्धति का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा।

महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि आयुष विभाग द्वारा पिछले तीन वर्षों से आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर पंचकर्मा पाठ्यक्रम नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। हर वर्ष प्रशिक्षित पंचकर्म विशेषज्ञ तैयार हो रहे हैं, लेकिन नियुक्ति न होने के कारण ये युवा बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। एक ओर सरकार प्रशिक्षण पर संसाधन खर्च कर रही है और दूसरी ओर वही प्रशिक्षित मानव संसाधन उपयोग में नहीं लाया जा रहा है।

तकनीशियनों की कमी का सबसे अधिक खामियाजा गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। पंचकर्मा उपचार के लिए उन्हें निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जहां इलाज महंगा है। कई मरीज मजबूरी में चंडीगढ़, दिल्ली, जालंधर और अन्य बड़े शहरों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे उनका आर्थिक और मानसिक बोझ दोनों बढ़ रहा है। पड़ोसी राज्य उत्तराखंड का उदाहरण सामने है, जहां पहले ही बड़ी संख्या में पंचकर्मा तकनीशियनों की भर्ती कर आयुर्वेदिक सेवाओं को मजबूत किया गया है। इससे वहां सरकारी आयुर्वेदिक संस्थानों पर मरीजों का भरोसा बढ़ा है और स्थानीय स्तर पर ही उपचार की सुविधा उपलब्ध हो रही है।

### 200 पदों की कोई अधिसूचना नहीं : डॉ. गुलेरिया



**इस** पूरे मामले पर आयुष विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. अमित गुलेरिया ने स्पष्ट किया कि अक्तूबर 2020 में आयुष विभाग को पंचकर्मा से जुड़े कुल 35 पद भरने की स्वीकृति मिली थी, जिनमें से 25 पद भरे जा चुके हैं। शेष 10 पद दिव्यांग और अन्य आरक्षित श्रेणियों से संबंधित हैं, जिन्हें भरने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं और इन्हें भी शीघ्र भरने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 35 आयुर्वेदिक अस्पतालों में पंचकर्मा सेवाएं संचालित हैं, जिनमें से अधिकांश में स्टाफ की तैनाती की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 19 नए अस्पतालों के लिए सरकार को 38 नए पद सृजित करने का प्रस्ताव भेजा गया है, जिनमें 50 प्रतिशत पद पुरुष और 50 प्रतिशत महिला तकनीशियनों के लिए होंगे। इन पदों की मंजूरी मिलते ही भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। डॉ. गुलेरिया ने यह भी स्पष्ट किया कि 200 पंचकर्म तकनीशियनों की भर्ती को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक अधिसूचना या सरकारी स्वीकृति जारी नहीं हुई है, लेकिन विभाग का प्रयास है कि जैसे ही आवश्यक मंजूरी मिले, योग्य डिप्लोमाधारी युवाओं को शीघ्र अवसर प्रदान किए जाएं और पंचकर्मा सेवाओं को और सशक्त बनाया जाए।

# प्रदेश कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संगठन की रीढ़ : विनय कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्षों को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत केंद्रीय आलाकमान द्वारा जताया गया भरोसा केवल एक पद नहीं, बल्कि संगठन को सशक्त और जीवंत बनाने का अवसर है। इस भरोसे को निष्ठा, ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ निभाना प्रत्येक जिलाध्यक्ष की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी।



**बोले- जमीनी सक्रियता व समन्वय को दें प्राथमिकता**

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिलाध्यक्ष संगठन की रीढ़ होते हैं और जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों, विचारधारा और कार्यक्रमों को आम लोगों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका निर्णायक है। उन्हें कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना होगा, उनकी समस्याओं को संजीदगी से सुनना होगा और संगठनात्मक एकता को मजबूती देनी होगी, ताकि पार्टी का संदेश हर वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन को अधिक सक्रिय, प्रभावी और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए जिला कार्यकारिणियों, ब्लॉक अध्यक्षों और ब्लॉक कार्यकारिणियों की घोषणा शीघ्र की जाएगी। इससे संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा और पार्टी का कामकाज तेज़, पारदर्शी और बेहतर समन्वय के साथ आगे बढ़ सकेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी बताया कि पीसीसी कार्यकारिणी को जल्द अंतिम रूप देकर केंद्रीय आलाकमान की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम के गठन से प्रदेश कांग्रेस को नई ऊर्जा, स्पष्ट दिशा और जनसेवा के लिए मजबूत आधार मिलेगा, जिससे पार्टी आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना कर सकेगी। अंत में उन्होंने कहा कि संगठन की यह नई संरचना केवल पदों की भरपाई नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के आत्मविश्वास और जनता के विश्वास को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है।

# राज्यपाल ने जाखू मंदिर में की पूजा-अर्चना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शनिवार को अपने परिवार सहित शिमला स्थित प्रसिद्ध जाखू मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के लोगों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए भगवान से जनकल्याण का आशीर्वाद मांगा। राज्यपाल की उपस्थिति से मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण और अधिक श्रद्धामय हो गया।



शिमला के जाखू मंदिर में पूजा-अर्चना करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल परिवार सहित।

राज्यपाल ने कहा कि भगवान हनुमान को समर्पित जाखू मंदिर धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह स्थल देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और ऐसी पवित्र धरोहरें समाज में सौहार्द, करुणा और सामूहिक कल्याण की भावना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक स्थल मानव जीवन को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया उद्यम महोत्सव-2026 का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम महोत्सव-2026 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान भी उनके साथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव प्रदेश के कुटीर, लघु और मध्यम उद्योगों को सशक्त मंच प्रदान करेगा तथा स्थानीय उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाने में सहायक होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सहयोग, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और विपणन सहायता सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने उद्यमियों से गुणवत्ता, नवाचार और स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग पर बल देने का आह्वान किया। उद्योग मंत्री ने कहा कि इस महोत्सव के माध्यम से नए उद्यमी, कारीगर और स्वयं सहायता समूह सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ेंगे।

# हिमाचल लोक सेवा आयोग के सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में शनिवार को हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की सदस्य ममता मोकटा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्य के प्रशासनिक और संस्थागत विषयों को लेकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई।



शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट करती हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की सदस्य।

इसी क्रम में लोक सेवा आयोग की सदस्य राखिल काहलो ने भी मुख्यमंत्री से भेंट की। यह मुलाकात मुख्यमंत्री कार्यालय, शिमला में सम्पन्न हुई, जिसमें लोक सेवा आयोग के कार्यों और समन्वय से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

# डॉ. शुक्ला ने किया भाजपा युवा मोर्चा के नए संठन का विस्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

संगठन को नई दिशा व युवा शक्ति को मजबूत मंच देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने प्रदेश स्तरीय नई टीम की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला ने प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के उपरांत पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों के नाम घोषित किए। यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

संगठन के भीतर इस फैसले को युवा मोर्चा के पुनर्गठन और विस्तार की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में देखा जा रहा है। घोषणा के अनुसार मुस्कान को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि दिव्यांशी शर्मा और राकेश कुलेठी को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समीक्षा शर्मा और संदीप शर्मा को प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी तथा साक्षी भारती को सोशल मीडिया सह-प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में भुवन शर्मा, राकेश ठाकुर, वरुण सहगल, दिनेश राजपूत, निहाल ठाकुर, हरनाम अत्री, नरेंद्र ठाकुर, मुकेश नड्डा, रूपेंद्र ठाकुर, रोहित कौशल, कुनाल गुप्ता, संदीप चंदेल, रजनीश ठाकुर, विशाल शर्मा, सचिन नेगी, रजत गांधी, परीक्षित सांख्यान, नवनीत शर्मा, पंकज कुमार, नरेंद्र हांडा, अरुण भावटा, भूपेंद्र ठाकुर, अमन ठाकुर, वरुण शर्मा, रोहित ठाकुर, हरप्रीत सिंह, विपिन बरपा, राजन सैनी, यान चंद, विनय ठाकुर, निखिल गंगरोटा, अधिवक्ता अजय शर्मा, विश्व बंधु, भवन ठाकुर, सुरेश ठाकुर, दिलीप कुमार, विकास ठाकुर, मोनिका राणा, श्वेता ठाकुर, अर्चना नंदोली, चेतन वर्मा, अशोक शर्मा, राहुल ठाकुर, प्रिंस हिमराल, अक्षत सैनी, मोहित कुमार, रूप चंद, आदित्य कश्यप, तनकराज लक्की आदि को शामिल किया गया।

# सीपीआई ( एम ) ने छात्रा मौत मामले में किया शिमला में जोरदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की शिमला लोकल कमेटी ने कांगड़ा जिले के धर्मशाला कॉलेज में 19 वर्षीय दलित छात्रा पल्लवी की मौत की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर जिलाधीश कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन की कथित निष्क्रियता और सरकारी तंत्र की विफलता के खिलाफ नारेबाजी की।




धर्मशाला कॉलेज छात्रा मौत मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर शिमला में सीपीआई(एम) का प्रदर्शन।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी के राज्य सचिव संजय चौहान, राज्य सचिवालय सदस्य राकेश सिंघा और राज्य कमेटी सदस्य जगत राम ने कहा कि पल्लवी की मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। वक्ताओं का आरोप था कि पल्लवी के माता-पिता ने रैगिंग और एक अध्यापक द्वारा शारीरिक हिंसा की शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने से मना कर दिया। उनका कहना था कि समय रहते कार्रवाई होती तो पल्लवी की जान बच सकती थी।

सीपीआई(एम) ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, एफआईआर दर्ज न करने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई हो और शिक्षण संस्थानों में जेंडर सेंसिटाइजेशन कमेटी व यौन उत्पीड़न निरोधक समितियों का गठन किया जाए। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला तो पार्टी पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

# बच्चों और किशोरों का शोषण रोकना लक्ष्य : दिव्यांशु सिंघल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** बाल एवं किशोर श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम, 1986 के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक अतिरिक्त उपायुक्त दिव्यांशु सिंघल की अध्यक्षता में बचत भवन में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में बाल मजदूरी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है और अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कानून बच्चों और किशोरों के शोषण को रोकने के उद्देश्य से बनाया गया है, जिसके तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को खतरनाक कार्यों में लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध है, जबकि 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों की कार्य परिस्थितियों को नियंत्रित किया गया है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी उप-मंडलों में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा, ताकि अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। श्रम विभाग को निर्देश दिए गए कि वह हर माह उपायुक्त कार्यालय को निरीक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी संस्थान में नियमों के विरुद्ध बच्चा या किशोर कार्यरत पाया गया तो यह दंडनीय अपराध होगा, जिसमें कारावास और जुर्माने का प्रावधान है। साथ ही, आमजन को बाल मजदूरी के विरुद्ध जागरूक करना भी आवश्यक है, ताकि ऐसे मामलों की समय पर सूचना मिल सके। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था पंकज शर्मा ने कहा कि 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चे हर हाल में स्कूल में होने चाहिए और बाल मजदूरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिमला शहर के रिज, माल रोड और लोअर बाजार जैसे क्षेत्रों में बच्चों से सामान बिकवाने की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## धर्मशाला में छात्रा रैगिंग मौत मामला

# दोषियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

धर्मशाला में छात्रा की मौत और रैगिंग के गंभीर आरोपों के बाद प्रदेश सरकार एक्शन मोड में आ गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राज्य सचिवालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में साफ कहा है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत त्वरित और सख्त कार्रवाई का संकेत दिया है, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



शिक्षा मंत्री ने बताया कि मामले की गहन और निष्पक्ष जांच के लिए शिक्षा विभाग ने अतिरिक्त निदेशक शिक्षा हरीश शर्मा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की है। समिति में तीन कॉलेज प्रिंसिपल शामिल किए गए हैं, जिनमें एक महिला प्रिंसिपल भी सदस्य हैं, ताकि जांच प्रक्रिया पारदर्शी और संतुलित रहे। प्रोफेसर अशोक कुमार पर लगे आरोपों की भी इसी समिति द्वारा विस्तार से पड़ताल की जाएगी।

सरकार ने जांच समिति को तीन दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट शिक्षा सचिव को सौंपने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विभागीय और कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। शिक्षा विभाग के समानांतर पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पहले ही संबंधित प्रोफेसर को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने स्वत: संज्ञान लेते हुए प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से त्वरित कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने निष्पक्ष जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी और कॉलेज की एंटी-रैगिंग व्यवस्था की समीक्षा के निर्देश दिए हैं।

**पहल** | **सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए एग्रीस्टैक के तहत पंजीकरण जरूरी**

# किसानों-बागवानों के लिए अब फार्मर आईडी अनिवार्य

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने किसानों और बागवानों के लिए फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य कर दिया है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पारदर्शी, लक्षित और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाना है। राज्य सरकार भारत सरकार की एग्रीस्टैक पहल के तहत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक किसान और बागवान की यूनिक पहचान तैयार की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, कृषि व बागवानी विभाग मिलकर इस परियोजना को लागू कर रहे हैं। फार्मर आईडी बनने के बाद किसान केंद्र व राज्य सरकार की कृषि, बागवानी, प्राकृतिक खेती, बीज, उर्वरक, सिंचाई, फसल बीमा अनुदान और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ सीधे प्राप्त कर सकेंगे। इससे पात्र लाभार्थियों तक सहायता बिना किसी रुकावट के पहुंचेगी।

**एग्रीस्टैक के तहत मिलेगी डिजिटल किसान पहचान**

**आधार आधारित ई-केवाईसी से होगा आसान पंजीकरण**




फार्मर आईडी बनवाने के लिए आधार आधारित प्रमाणीकरण यानी ई-केवाईसी या ओटीपी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल, सुरक्षित और पारदर्शी है। किसान स्वयं घर बैठे ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए गूगल पर फार्मर रजिस्ट्री हिमाचल प्रदेश सर्च कर या सीधे अधिकृत वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते है। वेबसाइट पर फार्मर विकल्प चुनकर यूजर अकाउंट बनाने के बाद भूमि और कृषि से संबंधित विवरण भरना होगा। सत्यापन के बाद फार्मर आईडी जारी कर दी जाएगी।

### लोकमित्र केंद्रों पर निशुल्क मिलेगी सुविधा

**जिन** किसानों या बागवानों को ऑनलाइन प्रक्रिया में परेशानी हो, वे अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र में जाकर निशुल्क फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। वहां तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा संबंधित कृषि या बागवानी अधिकारी से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### सभी सरकारी सहायता का डिजिटल प्रवेश द्वार होगा

**फार्मर** आईडी का पहचान पत्र भविष्य में मिलने वाली सभी सरकारी सहायता का डिजिटल प्रवेश द्वार है। समय रहते पंजीकरण न कराने पर किसान अनुदान और योजनाओं से वंचित हो सकते हैं, इसलिए यह कदम किसानों- बागवानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा।

# ग्रामीण पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की सभी पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पंचायत को सड़क सुविधा से जोड़ना और पर्याप्त बजट उपलब्ध कराकर समान विकास सुनिश्चित करना है। वह शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बढ़ई में 1.14 करोड़ रुपए की लागत से नव निर्मित पंचायत सामुदायिक भवन के लोकार्पण अवसर पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह जनसभा को संबोधित करते हुए।

मंत्री ने कहा कि बढ़ई पंचायत सहित शिमला ग्रामीण क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न विकास कार्यों के लिए दो करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकत की गई है। उन्होंने बताया कि संकट मोचन से बढ़ई और आंजी चिड़ियाघर तक सड़क को पक्का करने के लिए 37 लाख रुपए की राशि खर्च की जा रही है, जिसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। साथ ही, खराब होने वाली सड़कों के लिए सीजीएमजी तकनीक अपनाई जा रही है, जिसकी शुरुआत बढ़ई मार्ग से की जा रही है।

**1.14 करोड़ से बने पंचायत सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण**

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश के लिए नई 250 डीजल बसें आने पर बढ़ई गांव और आसपास के क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर बस रूट दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार गांव और आसपास के छूटे हुए घरों को घरोग-घंडल उठाऊ पेयजल योजना से जोड़ा जाएगा, ताकि लोगों को पर्याप्त पेयजल सुविधा मिल सके। इसके अलावा उन्होंने बढ़ई पंचायत के विकास कार्यों के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पंचायत प्रधान प्रियंका तनवर ने पंचायत क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी और पंचायत सामुदायिक भवन के लिए स्वीकृत राशि पर सरकार का आभार व्यक्त किया। इसके उपरांत मंत्री ने मंत्री आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

# भेड़पालकों का होगा बीमा, भेड़ व बकरी पालन को मिलेगा अनुदान

## प्रदेश सरकार ने 294.36 करोड़ का पहल प्रोजेक्ट किया स्वीकृत: मनोज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**पहाड़ी** राज्य हिमाचल में अब भेड़पालकों का भी बीमा होगा। साथ ही भेड़-बकरी पालन के लिए 95 फीसदी अनुदान प्रदान किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने 294.36 का पहल प्रोजेक्ट स्वीकृत किया है। साथ ही सरकार ने संबंधित विभागों को इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारकर भेड़पालकों को लाभान्वित करने के निर्देश जारी किए हैं।

यह बात प्रदेश वूल फेडरेशन के चेयरमैन मनोज कुमार ठाकुर ने शनिवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। मनोज ठाकुर ने कहा कि 5 साल की गणना में जो आंकड़े सामने आए हैं, उसमें भेड़-बकरियों में 20 से 25 फीसदी की कमी पाई गई है, जो कि चिंता का विषय है। इस विषय को सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष उठाया गया था, जिस पर 294.36 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार कर कैबिनेट में मंजूरी प्रदान की गई है। मनोज ने कहा कि सीएम ने इस प्रोजेक्ट के माध्यम से भेड़पालकों को नए साल का तोहफा दिया है।


धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते प्रदेश वूल फेडरेशन के चेयरमैन मनोज कुमार ठाकुर।

### बोले- डिजिटल डाटा होगा तैयार

**मनोज** ठाकुर ने बताया कि पहल प्रोजेक्ट के तहत भेड़पालकों का डिजिटल डाटा तैयार किया जाएगा। ऊंची पहाड़ियों में जाने के चलते उन्हें सेविंग किट भी उपलब्ध करवाई जाएगी। भेड़-बकरी पालन के लिए 95 फीसदी अनुदान का प्रावधान होगा। भेड़ पालकों को ऊन, मांस व दूध की अच्छी कीमत मिले, इसकी व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश में अच्छी नस्ल की भेड़ें हों, उसके लिए नस्ल सुधार की दिशा में कार्य किया जाएगा। भेड़पालकों का दस लाख तक बीमा करवाया जाएगा। भेड़-बकरियों के लिए चरागाह प्रभावित न हों, इस ओर ध्यान दिया जाएगा।

# प्रवक्ता संघ ने मूल्यांकन केंद्र की पुनः बहाली के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, महासचिव बलजीत सिंह अटवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज कुमार एवं रमेश ठाकुर, वित्त सचिव तिलक राज राणा, उपमंडल सुलह के अध्यक्ष नरेश राणा एवं सचिव रमन कशयप, उपमंडल पालमपुर के अध्यक्ष जतिंदर कंवर, संदीपा शर्मा एवं सचिव गोपाल कृष्ण ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डरोह, सुलह और राजकीय सह शिक्षा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घुग्गर पालमपुर में पुनः बोर्ड मुलयांकन केंद्र स्थापित करने के लिए बोर्ड अध्यक्ष एवं सचिव का आभार व्यक्त किया।

**कहा- बोर्ड ने सराहनीय कदम उठाया**

प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास ने कहा कि संघ ने बोर्ड के समक्ष प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से मूल्यांकन केंद्र स्थापित करने के लिए लगातार अपना पक्ष रखा और बोर्ड अध्यक्ष एवं सचिव ने अपनी कुशल कर्तव्यनिष्ठ शैली का परिचय देते हुए प्रवक्ता संघ की मांग को पूरा किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम समयानुसार घोषित करने की दिशा में मूल्यांकन केंद्रों का पुनः बहाल करना बोर्ड का सराहनीय कदम है, जिसका प्रवक्ता संघ स्वागत करता है तथा साथ ही कुछ मुख्य मांगें प्रेषित कर उचित समाधान की अपेक्षा करता है। मुख्य मांगों में मार्च 2025 में संचालित बोर्ड परीक्षाओं का मेहनताना अविलंब जारी करना, बोर्ड पेपर पैटर्न-2026 जारी करना, पुनर्मूल्यांकन एवं पुनः निरीक्षण फीस कम करना, बोर्ड परीक्षाओं के अनुरूप ही नवमी एवं ग्यारहवीं के प्रश्नपत्र भी ड्रॉपिंग केंद्र पर पहुंचाना, विद्यार्थी संबंधित कोई भी निर्णय लेने के लिए प्रवक्ता संघ को भी विश्वास में लेना आदि। सिकंदर मिन्हास ने कहा कि शिक्षा बोर्ड एवं अध्यापकों का कुशल समन्वय ही शिक्षा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाएगा।

# कांगड़ा कार्निवाल में आशवी धीमान को मिला आइकॉनिक अचीवमेंट अवॉर्ड

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** 31 दिसंबर 2025 को कांगड़ा कार्निवाल में उभरती नन्ही कलाकार आशवी धीमान ने स्टेज पर बेहद सुंदर प्रस्तुति पेश की। इस उभरती कलाकार को न्यू साल पर आइकॉनिक अचीवमेंट अवॉर्ड 2026 से नवाजा गया। आशवी धीमान का सफर धीरे-धीरे उसके सपनों को और बड़ा करता जा रहा है। कांगड़ा कार्निवाल में भी आशवी ने हिमाचली संस्कृति के प्रसिद्ध नाटी डांस की शानदार प्रस्तुति दी। नन्ही सितारा आशवी धीमान पालमपुर के पंचरुखी की रहने वाली मात्र 8 साल की उम्र में कई उपलब्धियों व पुरस्कारों से नवाजी जा चुकी हैं। कांगड़ा कार्निवाल में उन्हें न्यू ईयर आइकॉन अचीवमेंट अवॉर्ड के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। आशवी का सफर प्रेरणादायक है।




16 महीनों में 122 पुरस्कार जीतना एक असाधारण उपलब्धि है और अब न्यू ईयर आइकॉनिक अचीवमेंट अवॉर्ड 2026 को संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रदान किया जाना इसे और भी प्रतिष्ठित बनाता है। यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक है बल्कि प्रेरणा का स्रोत भी है, खासकर सांस्कृतिक और कला क्षेत्र में सक्रिय लोगों के लिए। वायोमिंग जैसे राज्य से मान्यता मिलना वैश्विक स्तर पर सम्मान बढ़ाती है।

# सरकार 10 दिन में करे पीड़ित परिवार को मुआवजे की व्यवस्था : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने जारी वक्तव्य में कहा कि धर्मशाला में कॉलेज छात्रा की अन्य छात्राओं द्वारा रैगिंग और शिक्षक द्वारा प्रताड़ता अति दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वह आजकल हिमाचल से हजारों मील दूर दुबई में अपनी बेटी के पास हैं। जब उन्होंने टीवी चैनल पर यह समाचार देखा तो उनका सिर शर्म से झुक गया और आंखें सजल हो गईं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के मंदिरों में यह सब क्या हो रहा है। इस प्रकार के घृणित कृत्यों को रोकने के लिए सरकार को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि मृतक छात्रा के अभिभावकों को सरकार 10 दिन के भीतर उचित मुआवजा देने की व्यवस्था करे। शांता ने हिमाचल सरकार से अनुरोध किया है कि इस प्रकार के अपराधों को रोकने के लिए सख्त कानून बनाए ताकि भविष्य में ऐसी घृणित घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और हिमाचल प्रदेश बदनाम न हो।

# पल्लवी मौत मामला: ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** की बेटी के साथ कथित तौर पर रैगिंग और मौत मामले को लेकर ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा ने डीसी कांगड़ा को ज्ञापन सौंपकर उचित जांच पर कार्रवाई की मांग की है। ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा की प्रदेश अध्यक्ष और सुलह से जिला परिषद सदस्य रूपरेखा ने बताया कि इस मामले की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि बेटी के साथ शैक्षणिक संस्थान में जिस तरह से जाति सूचक शब्दों से प्रताड़ित किया गया, उसके बाल काटे गए व आरोपियों द्वारा आहत किया गया, बावजूद इसके पुलिस ने शिकायत दर्ज करने में आनाकानी दिखाई।

**मामले की उचित जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग**

इससे बेटी की तबीयत और भी ज्यादा खराब होती गई और आज वह इस दुनिया को अलविदा कह गई। इस घटना की निंदा करते हैं और पुलिस प्रशासन से इस मामले की गंभीरता को समझते हुए इसमें कड़ा संज्ञान लेने की मांग करते हैं।

ऑल इंडिया अंबेडकर महासभा के प्रदेश महासचिव सीताराम भाटिया ने कहा कि वे जिलाधीश से इस मामले में संज्ञान लेने के लिए अपील करने आए हैं कि मामले के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और दिवंगत बेटी की आत्मा को शांति दिलवाई जाए।

# पल्लवी मौत मामले की हो उच्चस्तरीय जांच: राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला कॉलेज की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु को प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने इस पूरे प्रकरण को बेहद गंभीर बताते हुए प्रदेश सरकार से उच्च स्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग की है। राकेश शर्मा ने कहा कि यह केवल एक छात्रा की मौत का मामला नहीं, बल्कि प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर बड़ा सवाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मामले को हल्के में लेकर दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। यदि इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो भाजपा सड़क से सदन तक सरकार को जवाबदेह बनाएगी। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है, लेकिन अब तक की कार्यप्रणाली निराशाजनक रही है। राकेश ने सरकार से अपील की कि वह राजनीति से ऊपर उठकर सच सामने लाए और दोषियों को कानून के अनुसार सजा दिलाए, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# पल्लवी के परिजनों को समय पर न्याय दे सरकार और प्रशासन: सचिन शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी कांगड़ा के जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा ने धर्मशाला की बेटी पल्लवी के मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए न्याय की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि पल्लवी के साथ जो हुआ वह अत्यंत दुखद है और इस घड़ी में पूरा समाज पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। सचिन शर्मा ने पुलिस प्रशासन और प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मामले की जांच में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि जांच एजेंसियां पूरी पारदर्शिता के साथ काम करें, ताकि युवती के परिजनों को समय रहते उचित न्याय मिल सके। उन्होंने प्रशासन को सचेत करते हुए कहा कि इस मामले को ठंडे बस्ते में न डाला जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके।

# महिलाओं की सुरक्षा पर भाजपा व कांग्रेस सरकारों का दोहरा चरित्र उजागर: भंडारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**आम** आदमी पार्टी ने धर्मशाला कॉलेज में 19 वर्षीय छात्रा पल्लवी की दर्दनाक मौत और उत्तराखंड में अंकिता भंडारी की 2022 की कथित हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है।



'आप' के राज्य समन्वयन समिति सदस्य व जिला कांगड़ा मीडिया इंचार्ज कल्याण भंडारी ने कहा कहा कि ये दो घटनाएं नहीं, बल्कि भाजपा और कांग्रेस सरकारों की महिलाओं के प्रति घोर लापरवाही और अपराधियों को संरक्षण देने की साजिश का जीता-जागता सबूत हैं। जहां एक तरफ कांग्रेस शासित हिमाचल में पल्लवी को रैगिंग, यौन शोषण और मानसिक प्रताड़ना ने मौत के मुंह में धकेल दिया। वहीं, भाजपा शासित उत्तराखंड में अंकिता की हत्या में पार्टी के बड़े नेता का नाम जुड़ने के बावजूद न्याय की प्रक्रिया को दबाया जा रहा है। कल्याण भंडारी ने कहा कि यह शर्मनाक है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा और महिलाओं के अधिकारों की बात करने वाली कांग्रेस दोनों ही महिलाओं को शिकार बनने दे रही हैं। धर्मशाला के गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पल्लवी को 18 सितंबर 2025 को तीन सीनियर छात्राओं ने रैगिंग के नाम पर पीटा और धमकाया, जबकि इसी कॉलेज के प्रोफेसर अशोक कुमार ने अनुचित स्पर्श और अश्लील हरकतों से उसे मानसिक रूप से तोड़ा। महीनों तक तनाव झेलने के बाद 26 दिसंबर 2025 को लुधियाना के अस्पताल में उसकी मौत हो गई। ये दोनों मामले दिखाते हैं कि भाजपा और कांग्रेस महिलाओं की सुरक्षा पर सिर्फ जुमले फेंकती हैं। हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने पल्लवी की शिकायत को नजरअंदाज किया, तो उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने अंकिता केस में पार्टी नेताओं को बचाया। उन्होंने मांग की कि दोनों मामलों में सीबीआई जांच तुरंत शुरू हो तथा सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो। पल्लवी और अंकिता के परिवारों को न्याय और मुआवजा मिले।

# पल्लवी मौत मामले की हो निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध जांच : माकपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में एक दलित छात्रा के साथ रैगिंग, उसके बाद मानसिक अवसाद में चले जाने और अंततः हुई दुखद मृत्यु की घटना अत्यंत निंदनीय, शर्मनाक और चिंताजनक है। यह घटना समाज और शैक्षणिक संस्थानों में व्याप्त असंवेदनशीलता, रैगिंग जैसी सामाजिक बुराई तथा कमजोर वर्गों की सुरक्षा में प्रशासन की विफलता को उजागर करती है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने इस अमानवीय घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत छात्रा के शोकाकुल परिवार से भेंट कर पिता से जानकारी ली और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। माकपा के जिला सचिव अशोक कटोच, जिला सचिवालय सदस्य शोकिनी कपूर, जगदीश जग्गी, सतपाल सिंह, रविंदर कुमार व केवल कुमार ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष, जांच करवाई जाए।

# नूरपुर में गाड़ी से 10 .30 ग्राम चिट्टा बरामद, दो गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नशा माफिया के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में पुलिस थाना नूरपुर के अंतर्गत मुकाम कंडवाल में नाकाबंदी के दौरान बोलेरो नंबर एचपी39बी-7284 की तलाशी ली गई, जिसमें सवार प्रभात सिंह उर्फ गौरव पुत्र सरदार सिंह राणा निवासी गांव व डाकघर रेहलू, तहसील शाहपुर तथा अविनाश पटियाल उर्फ अब्बू पुत्र सविंद्र सिंह निवासी गांव चतरेहड़, तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा के कब्जे से 10.30 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस चौकी कंडवाल में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।


पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार आरोपी।

# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अनुराग ने बैजनाथ शिव मंदिर में नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**नवनियुक्त** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बैजनाथ मंदिर पहुंचकर भोले शंकर का आशीर्वाद लिया। अनुराग ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी हाईकमान सहित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में सबसे बड़े जिले की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों में पुनः सत्ताधीन करने के लिए कार्यकर्ताओं तथा नेताओं को एकजुट करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में पार्टी विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है।



भारी वित्तीय संकट के बावजूद वर्तमान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के हर क्षेत्र तथा हर वर्ग की बेहतरी के लिए कार्य किया है, वह ह एक मिसाल है। इससे पहले बैजनाथ पहुंचने पर युवा नेता रविंद्र बिट्टू के नेतृत्व में अनुराग शर्मा का ढोल नगाड़ों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता ने जोरदार स्वागत किया। बैजनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से अनुराग शर्मा को भोले शंकर की फोटो के रूप में समृद्धि चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर घनश्याम अवस्थी मिलाप राणा अजय अवस्थी कृष्ण शर्मा कुलदीप सोनी रविंद्र राव सचिन अवस्थी अतुल चौधरी विकास राणा सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## जिला परिषद कैडर संगठन ने दी अनुराग शर्मा को बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पंचायत सचिव संगठन जिला परिषद कैडर के मुख्य संरक्षक अमित जसरोटिया ने अनुराग शर्मा को कांग्रेस पार्टी का जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल का विशेष आभार व्यक्त किया। अमित जसरोटिया ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने एक ऊर्जावान और होनहार युवा नेता को प्रदेश के सबसे बड़े जिले की जिम्मेदारी सौंपकर युवाओं पर भरोसा जताया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जिला परिषद कैडर का एक प्रतिनिधिमंडल अनुराग शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट करेगा, जिसमें कर्मचारियों की लंबित मांगों पर चर्चा की जाएगी। अमित जसरोटिया ने कहा कि जिला परिषद कैडर के कर्मचारियों का पंचायती राज या ग्रामीण विकास विभाग में विलय उनकी प्रमुख मांग है। कर्मचारियों को विश्वास है कि सुक्खू सरकार इस लंबे समय से चली आ रही मांग को शीघ्र पूरा करेगी।

# अनुराग शर्मा के सामने होंगी बड़ी राजनीतिक चुनौती

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनुराग शर्मा के लिए कांगड़ा जैसे प्रदेश के सबसे बड़े जिले में संगठन की कमान किसी कठिन परीक्षा से कम नहीं है। बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के बीड़ गांव में 29 अगस्त 1978 को स्व. पंडित प्यारेलाल शर्मा के घर जन्मे अनुराग शर्मा कांग्रेस संगठन में कोई नया नाम नहीं हैं। वर्तमान में वह बीड़-बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष, प्रदेश एचआरटीसी परचेजिंग कमेटी के सदस्य तथा बैजनाथ कांग्रेस के मुख्य सलाहकार हैं।

**जिले में गुटबाजी को खत्म कर संगठन को करना होगा एकजुट**

अनुराग शर्मा को राजनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता विरासत में मिली है। उनके पिता स्वर्गीय पंडित प्यारेलाल शर्मा पीसीसी सदस्य, जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष, बीड़ पंचायत के प्रधान तथा बैजनाथ पंचायत समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। छात्र जीवन में एनएसयूआई के अध्यक्ष रहते हुए अनुराग शर्मा ने अपने नेतृत्व के गुणों का परिचय दिया। इसके बाद पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप, वर्ल्ड कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों को सफलतापूर्वक आयोजित कर वे एक कुशल आयोजक के रूप में भी उभरे। मधुर स्वभाव के अनुराग शर्मा एक सफल व्यवसायी होने के साथ-साथ सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों, रक्तदान शिविरों और स्वास्थ्य जांच कैंपों में भी सक्रिय रहते हैं। उन्हें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की विश्वसनीय टीम का अहम हिस्सा माना जाता है, इसी कारण उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, जिले में गुटबाजी को खत्म कर संगठन को एकजुट करना, वरिष्ठ नेताओं के साथ तालमेल बैठाना और आगामी चुनावी रणनीति तैयार करना उनकी सबसे बड़ी चुनौती रहेगी। उन्हें उम्मीद है कि अनुराग शर्मा के नेतृत्व में कांगड़ा में कांग्रेस संगठन नई मजबूती हासिल करेगा।

# दी रोड़ी कोड़ी सभा समिति का चुनाव 2 मार्च को होगा

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** दी सहकारी सभा समिति रोड़ी कोड़ी का चुनाव 2 मार्च को होगा। समिति सचिव शुभम कुमार ने बताया पंजीकरण अधिकारी द्वारा अनुमति मतदाता सूची का प्रकाशन 12 जनवरी को 11 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा। मतदाता सूचियों का अवलोकन 13-01-2026 से 3-02-2026 प्रातः 11 बजे से 3 बजे की जाएगी। मतदाता सूची पर आपत्तियों की सुनवाई 9-02-2026 को की जाएगी। पंजीयक अधिकारी द्वारा अंतिम मतदाता सूचि का प्रकाशन 10 फरवरी से किया जाएगा।

नामांकन पत्रों की प्राप्ति 18 फरवरी से 11 बजे से 3 बजे तक की जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच 18 फरवरी को की जाएगी। सूची का प्रकाशन 18 फरवरी दोपहर बाद 4:30 बजे तक नामांकन पत्रों पर आपतियां की प्राप्ति 19 फरवरी को की जाएगी। आपतियों की सुनवाई व निर्णय 20 फरवरी को किया जाएगा। नामांकन पत्रों की वापसी 21 फरवरी सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चुनाव चिन्ह व प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन 21 फरवारी को किया जाएगा। निर्वाचन की तिथि 2 मार्च प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे वोट डाले जाएंगे, मतगणना के तुरंत बाद रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

**कार्यक्रम** विवेका फाउंडेशन्ज स्कूल मनसिंबल ने मनाया वार्षिक खेल उत्सव

# विजेता प्रतिभागियों को बांटे पुरस्कार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिंबल ने शनिवार को 16वां वार्षिक खेल उत्सव मनाया। यह कार्यक्रम तगड़ा रहो थीम पर आधारित था, जो न केवल शारीरिक शक्ति बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन का भी प्रतीक रहा। वार्षिक खेल समारोह की शुरुआत विद्यालय की संस्थापक, निर्देशिका एवं प्राचार्या कुसुम राणा, विद्यालय के चेयरमैन कर्नल एसएस राणा और विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा अग्रवाल ने ध्वजारोहण से की।

साथ ही स्पोर्ट्स कैप्टन अर्श की ओर से मशाल जलाकर रिले दौड़ की गई। इसके बाद एनसीसी कैडेट द्वारा मार्च पास्ट किया गया। वहीं, सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का अनूठा मेल इस खेल उत्सव की विशेषता खेलों और संस्कृति का सुंदर समन्वय रही। इसके उपरांत राग विहाग और राग भैरवी की प्रस्तुतियों ने वातावरण में एक आध्यात्मिक शांति घोल दी। नन्हे सितारे टाइनी टाट्स और लिटिल चैंप्स कार्निवल के तहत छोटे बच्चों ने फ्लैग ड्रिल, हॉकी और पोम-पॉम ड्रिल से सभी का दिल जीत लिया। छात्रों ने अपनी शारीरिक शक्ति और आत्मरक्षा के कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं, छात्रों के दादा-दादी और नाना-नानी ने रस्साकशी और म्यूजिकल चेयर जैसे खेलों में भाग लेकर बचपन की यादें ताजा कीं। यह पहल विद्यालय और परिवारों के बीच के बंधन को मजबूत करने तथा समुदाय और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देने का एक अद्भुत अवसर था। छात्रों को खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ सदन, सर्वश्रेष्ठ एनसीसी दस्ता और सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ता के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके उपरांत एनसीसी दस्ता को कर्नल रॉबर्टसन रोलिंग ट्रॉफी भी प्रदान की गई। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को उनके प्रयासों के लिए सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र, मेडल और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस मौके पर अतिथिगणों एवं अभिभावक गणों ने विद्यालय प्रबंधक कमेटी को इस परिश्रम भरे कार्य के लिए बधाई दी।



विवेका फाउंडेशन्ज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनसिंबल ने 16वां वार्षिक खेल उत्सव मनाया।



# प्रोफेसर ने नकारे आरोप, जांच में सहयोग को तैयार

## छात्रा पल्लवी मौत मामलाः कहा- अगर दोषी ठहराया गया तो जो भी सजा मिलेगी तैयार हूं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** कॉलेज की छात्रा पल्लवी की मौत के मामले में निलंबित असिस्टेंट प्रोफेसर (भूगोल) अशोक कुमार पहली बार मीडिया के सामने आए। इस दौरान उन्होंने खुद पर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया। मुझ पर जो आरोप लगे हैं, उनकी जांच चल रही है, जांच में जो भी सामने आएगा, उसका सामना करने के लिए मैं तैयार हूं।

उन्होंने कहा कि अगर मैं दोषी ठहराया जाता हूं, जो भी सजा मुझे मिलेगी, मैं उसके लिए तैयार हूं। छात्रा ने ऐसे आरोप क्यों लगाए, यह सब क्यों हुआ, यह सब मेरी समझ से परे है। अशोक ने कहा कि पल्लवी द्वारा जो भी नाम लिए गए हैं, वे किस मंशा से लिए गए और क्यों लिए गए, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि उनकी भी दो बेटियां हैं, जो संभवतः पल्लवी से उम्र में बड़ी हैं। यदि उन्होंने कभी इस तरह की कोई घिनौनी हरकत की होती, तो वे ईश्वर से यही प्रार्थना करेंगे कि उन्हें यहां से उठा लिया जाए। पल्लवी के परिवार द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों और प्रदेश सरकार द्वारा किए गए निलंबन पर अशोक कुमार ने कहा कि यदि उनके निलंबन से मामले की निष्पक्ष जांच होती है, दिवंगत आत्मा को न्याय मिलता है और उन्हें भी न्याय मिलता है, तो वे इस निलंबन को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे पुलिस जांच में पूरा सहयोग करेंगे और पुलिस जो भी निर्देश देगी, उसका पालन करेंगे।

रैगिंग के आरोपों को लेकर अशोक कुमार ने कहा कि यह एक बड़ा कॉलेज है और यहां कॉलेज प्रशासन रैगिंग जैसी गतिविधियों पर सख्ती से काम करता है। रैगिंग से निपटने के लिए कॉलेज प्रशासन द्वारा एंटी-रैगिंग कमेटी गठित की गई है। कॉलेज परिसर में जगह-जगह साइन बोर्ड लगाए गए हैं, जिन पर कमेटी से जुड़े सदस्यों के नाम और संपर्क नंबर उपलब्ध हैं, ताकि किसी भी छात्र को समस्या होने पर तुरंत संपर्क किया जा सके। उन्होंने बताया कि पल्लवी सत्र 2024-25 की छात्रा थी। वायरल वीडियो के संबंध में अशोक कुमार ने कहा कि इस मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद जो भी निष्कर्ष सामने आएंगे, वे सभी के सामने होंगे। फिलहाल पल्लवी की मौत को लेकर जांच जारी है और पूरे मामले पर प्रशासन, पुलिस और समाज की निगाहें टिकी हुई हैं।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## जांच में छात्रा के परिवार को किया शामिल घर से दस्तावेज और मोबाइल किया सीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**विभिन्न अस्पतालों से छात्रा की मेडिकल हिस्ट्री कलेक्ट कर रही पुलिस टीमें**

**धर्मशाला** कॉलेज की छात्रा की मौत के मामले में मृतका के परिवार को भी जांच में शामिल किया गया है। यही नहीं पुलिस टीम ने छात्रा के घर से सर्च कर कुछ तथ्य, दस्तावेज सहित मोबाइल को सीज किया है। वहीं पुलिस टीमें विभिन्न अस्पतालों, जहां छात्रा का उपचार हुआ था, उन अस्पतालों की से छात्रा की मेडिकल हिस्ट्री कलेक्ट कर रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई है। छात्रा मौत के मामले में चार सहपाठियों व एक प्रोफेसर पर आरोप लगे हैं, जांच प्रारंभिक स्तर पर है, इसमें अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। एएसपी जिला कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि छात्रा की मौत मामले में मृतका के परिवार को भी जांच में शामिल किया गया है। पुलिस टीम द्वारा छात्रा के घर में सर्च कर कुछ तथ्य, दस्तावेज व मोबाइल फोन को सीज किया गया है, ताकि मौत के कारणों की जांच में सहयोग मिल सके। एएसपी ने बताया कि पुलिस के जांच अधिकारी व टीमें, अलग-अलग अस्पतालों में जाकर छात्रा के उपचार की मेडिकल हिस्ट्री को एकत्रित कर रहे हैं। मेडिकल हिस्ट्री प्राप्त होने के बाद मेडिकल ऑफिसर व मेडिकल बोर्ड की ओपिनियन पर ही पुलिस किसी निष्कर्ष तक पहुंच सकती है। एएसपी ने कहा कि छात्रा द्वारा प्रोफेसर पर लगाए गए आरोपों की जांच के संदर्भ में पुलिस टीम प्रोफेसर से लगातार पूछताछ कर रहे हैं। पूरी पारदर्शिता के साथ जांच की जा रही है, जिससे कि सच सबके सामने आ सके। मामले की जांच प्रारंभिक स्तर पर है, रैगिंग के संबंध में कॉलेज प्रशासन के पास न तो कोई लिखित शिकायत हुई और न ही इस तरह की कोई जांच सामने आई है। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## छात्रा के परिवार से मिला अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति का प्रतिनिधिमंडल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अखिल** भारतीय जनवादी महिला समिति जिला कांगड़ा का प्रतिनिधिमंडल दिवंगत छात्रा के परिवार से मिला। प्रतिनिधिमंडल में राज्य अध्यक्ष रंजना जरेट, राज्य महासचिव फालमा चौहान, राज्य कमेटी सदस्य सुनिधि ठाकुर, जिला कांगड़ा संयोजक भागो देवी, सदस्य सुरेशना, दीक्षा, रीता शामिल रहे।

इसके बाद जनवादी महिला समिति का प्रतिनिधिमंडल कांगड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक से मिले प्रतिनिधिमंडल में पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि जो भी जांच होगी, उसे निष्पक्ष तौर पर किया जाएगा और जो लोग इसमें संलिप्त है उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि लड़की के साथ जिस प्रोफेसर के द्वारा यौन उत्पीड़न किया गया है, उसकी तुरंत छानबीन की जाए और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लड़की की जिस तरह से कॉलेज में प्रताड़ना हुई है, उसकी उचित छानबीन की जाए, अगर यह छानबीन सही नहीं हुई तो जनवादी महिला समिति जिला में आंदोलन चलाएगी और धरना-प्रदर्शन करेगी।

## राजनीति नहीं, न्याय सर्वोपरि, पीड़ित परिवार के साथ हर कदम पर खड़े हैं : देवेंद्र जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी ने कहा कि एक मासूम बच्ची की असामयिक मृत्यु ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और संवेदनशील घटना है। ऐसे समय में राजनीति करना न केवल अनुचित है, बल्कि मानवीय मूल्यों के भी विरुद्ध है। मेरी स्पष्ट और एकमात्र प्राथमिकता पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना है। मैं पीड़ित परिवार के साथ निरंतर संपर्क में हूं और उनकी भावनाओं, पीड़ा और अपेक्षाओं को भली-भांति समझता हूं। यह कहना आवश्यक है कि इस मामले में प्रशासन और पुलिस द्वारा जो भी कार्रवाई की जा रही है, उससे पीड़ित परिवार पूर्णतः संतुष्ट है। जांच की प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और गंभीरता के साथ आगे बढ़ रही है। मामले के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है और किसी भी दोषी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जांच पूर्ण होने के उपरांत कानून के अनुसार, सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मैं सभी से अपील करता हूं कि इस अत्यंत संवेदनशील विषय पर अफवाहों और राजनीति से दूर रहकर, पीड़ित परिवार के साथ संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण से खड़े हों। न्याय की प्रक्रिया को मजबूत करना और पीड़ित को भरोसा देना ही इस समय समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

हैप्पी बर्थडे



थाना खास (ऊना) की प्रिशा ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## गरीबी निर्धारित करने को सरकार के नियम तर्कसंगत नहीं : मनजीत

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रम के लिए गरीबों के चयन के लिए जो नए नियम बनाए तथा इन नियमों के तहत सर्वेक्षण करवाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार, बड़ी संख्या में लोग बीपीएल से बाहर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के साथ अन्याय है, क्योंकि जिन नियमों के तहत यह सर्वेक्षण करवाया गया वह नियम प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक तथा भौगोलिक परिस्थितियों के मध्य नजर नहीं हैं, न ही इन नए नियमों को निर्धारित करते समय राष्ट्रीय स्तर पर गरीबी के निर्धारण के लिए बनाए गए मानकों को ध्यान में रखा गया। आज परिणामस्वरूप सर्वेक्षण के आंकड़े हैरान करने वाले हैं तथा बड़ी संख्या में लोग बीपीएल से बाहर हो रहे हैं। मनजीत ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि गरीबी के निर्धारण में बनाए गए नियम प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक व भौगोलिक दृष्टिकोण से तर्कसंगत नहीं हैं। अतः इन नियमों को पुनः से निर्धारित करते हुए सर्वेक्षण करवाया जाए तथा वर्तमान सर्वेक्षण के आंकड़े को खारिज किया जाए।

## गगल पुलिस थाने में पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल के अंतर्गत एक पोक्सो का मामला दर्ज हुआ है। नाबालिगा ने टांडा मेडिकल कॉलेज में बच्चे को जन्म दिया है। वहीं, गगल पुलिस थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज किया गया है। नाबालिग ने सिर्फ इतना बताया है कि उसके साथ यह कृत्य मई महीने में हुआ है। जानकारी के अनुसार, नाबालिग युवती की काउंसिलिंग की जाएगी। एसपी कागड़ा अशोक रत्न ने बताया कि डीएनए जांच के लिए सैंपल लेकर रिपोर्ट मिलने पर डीएनए मैच करके इस नाबालिग युवती के साथ इस शर्मनाक कृत्य करने वाले अज्ञात व्यक्ति का पता किया जाएगा और आरोपी व्यक्ति का शीघ्र ही पता लगा कर हिरासत में लिया जाएगा।

## वरिष्ठ नागरिक मंच देहरा 8 को आनंदपुर साहिब और मां श्री नयना देवी के दर्शनों को होगा रवाना

**अनंत ज्ञान, गरली।** उपमंडल देहरा के वरिष्ठ नागरिक मंच ने बुजुर्गों के लिए एक विशेष तीर्थ भ्रमण का आयोजन किया है। मंच की ओर से अगामी 8 जनवरी को श्री आनंदपुर साहिब एवं श्री नयना देवी जी के पावन दर्शनों के लिए बस यात्रा रवाना होगी, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक भाग लेंगे। वरिष्ठ नागरिक मंच देहरा के प्रधान जेसी आजाद ने बताया कि इस यात्रा को लेकर क्षेत्र के बुजुर्गों में खासा उत्साह है। उन्होंने इच्छुक सदस्यों से अपील की है कि वे अपना पंजीकरण डे-केयर सेंटर देहरा अथवा मंच की कार्यकारिणी के किसी भी सदस्य के माध्यम से शीघ्र करवाएं, ताकि यात्रा की व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण की जा सकें। मंच के चैयरमैन जेसी आजाद ने बताया कि यात्रा के तहत बस प्रातः 6:15 बजे ढलियारा, 6:30 बजे नेहरनपुखर तथा 7 बजे देहरा से परागपुर मार्ग होते हुए रवाना होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि बुजुर्ग बिना किसी असुविधा के दर्शन कर सकें।

## हिल टॉप दुर्गा मंदिर के पास गाड़ी में लगी आग, बाल-बाल बचे

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** पठानकोट-जालंधर नेशनल हाइवे स्थित चक्की पुल निकट हिल टॉप दुर्गा मंदिर के पास से गुजर रही नेशनल हाइवे की गाड़ी को अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। कार में बैठा चालक और अन्य युवक बाल-बाल बच गया। पुलिस ने बताया कि पुलिस विभाग की नेशनल हाइवे वाली गाड़ी में अचानक शार्ट सर्किट होने से कार को आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कार में लगी आग पर काबू पाया है। गाड़ी पूरी तरह जल चुकी है। इस हादसे के कारण नेशनल हाइवे पर कई घंटे जाम लगा रहा। जिसे डमटाल पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंच खुलवाया।

## एचपीसीए अंडर-14 पुरुष टीम के लिए ट्रायल 10 को

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** एचपीसीए ने सत्र 2025-26 के लिए एचपीसीए पुरुष अंडर-14 क्रिकेट कैंप/टीम के चयन के लिए 10 जनवरी को सुबह 10:00 बजे से इंदिरा स्टेडियम ऊना में आयोजित ट्रायल लिए जाएंगे। चयन के इच्छुक सभी पात्र खिलाड़ियों के लिए ट्रायल में उपस्थित होना अनिवार्य है। यह जानकारी एसोसिएशन के सचिव मनुज शर्मा ने दी है।

## भागसू नाग, नड्डी और चरान खड्ड में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल नंबर 1 के सहायक अभियंता अभिषेक कटोच ने जानकारी दी है कि 31 केवी गज-खोली पुल लाइन के संचालन कार्य के कारण 5 जनवरी को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक या कार्य पूरा होने तक 11 केवी तोता-रानी फीडर और 11 केवी धियारा फीडर के अंतरगत आने वाले क्षेत्र भागसू नाग, नड्डी डल झील, धर्मकोट, सतोवरी, चंदमा, तोता-रानी, भट्टल्ला, धियारा गांव और अन्य आसपास के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। वहीं, आयुर्वेदिक अस्पताल, गरुद्वारा रोड, फोरेंसिक लैब, ईकजोत कॉलोनी, ईगल वर्कशाप, पीडब्ल्यूडी वर्कशाप, चरान खड्ड, गोरखा भवन, सरस्वती नगर, राम नगर, श्याम नगर और महाजन क्लिनिक के आसपास में जरुरी रख-रखाव हेतु विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी तथा उन्होंने जन साधारण से सहयोग की अपील भी की है।

## पैतृक गांव गरली पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल



माता के जन्मदिन पर 6 को रामायण पाठ और 7 को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**पिंकी, अनंत ज्ञान**

**डाडासीबा।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजय करोल शनिवार को अपने पैतृक गांव गरली पहुंचे। गांव आगमन पर स्थानीय लोगों में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माननीय न्यायाधीश संजय करोल अपने पैतृक निवास पर पारिवारिक एवं धार्मिक परंपराओं का निर्वहन कर रहे हैं। परंपरा के अनुसार 6 जनवरी को उनकी स्व. माता के जन्मदिन के अवसर पर घर में रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान 6 जनवरी को गरली में श्रीश्री रविशंकर का आगमन होगा। इस धार्मिक आयोजन में परिवारजनों के साथ-साथ निकट संबंधी एवं श्रद्धालुजन भाग लेंगे।

रामायण पाठ के माध्यम से दिवंगत माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। 7 जनवरी को श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर सामाजिक सौहार्द, श्रद्धा और सेवा की भावना का विशेष संदेश दिया जाएगा। न्यायाधीश संजय करोल का अपने पैतृक गांव से गहरा भावनात्मक जुड़ाव रहा है। गांव आगमन के दौरान स्थानीय लोगों ने उनका सादगीपूर्ण व्यवहार और संस्कारों से जुड़ाव सराहा। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव से सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश का संबंध पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। धार्मिक आयोजनों को लेकर गांव में श्रद्धा, अनुशासन और उत्सव का वातावरण बना हुआ है।

## प्रदेश सरकार गरीब के हक पर डाल रही डाका : परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के गांव झरेट व भट्टू में जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल में यदि कोई नेता गरीब, मजदूर और पीड़ित के हक की निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है, तो वह पार्टी केवल भाजपा है। परमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने 'जी-राम-जी (ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना)' के माध्यम से गरीब तबके के लोगों को 125 दिन का रोजगार देने का अधिकार सुनिश्चित किया है, लेकिन कांग्रेस सरकार इस योजना को जमीन पर उतारने में जानबूझकर बाधा डाल रही है। यह कोई घोषणा भर नहीं, यह गरीब के आत्मसम्मान से जुड़ी योजना है। केंद्र ने अधिकार दिया है, लेकिन कांग्रेस सरकार की नीयत में खोट है। आपदा में भी केंद्र सरकार हिमाचल के साथ खड़ी है और कांग्रेस सरकार बेनकाब हो गई है। परमार ने ठोस आंकड़ों के साथ कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि 2023 की प्राकृतिक आपदा के बाद केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के लिए 2,006 करोड़ की पीडीएनए रिकवरी योजना को मंजूरी दी। इसमें से 1,504 करोड़ से अधिक की राशि एनडीआरएफ के तहत सीधे जारी की गई। इससे पहले भी 600 करोड़ से अधिक की अतिरिक्त केंद्रीय राहत हिमाचल को दी गई। वित्त वर्ष 2025-26 में एसडीआरएफ एनडीआरएफ के तहत 979 करोड़ से अधिक की राशि केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई।

इतना पैसा आने के बावजूद अगर पीड़ित आज भी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है। तो यह प्रशासनिक चूक नहीं, यह योजनाबद्ध बंदरबांट है। कांग्रेस सरकार गरीबों के हकों पर डाका डाल रही है। उन्होंने कहा कि बीपीएल सूची कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार का दस्तावेज बन गई है। उन्होंने कहा कि आज हिमाचल की बीपीएल सूची कांग्रेस सरकार के भ्रष्ट तंत्र का आईना बन चुकी है।

## रैंप वॉक में गुंजन प्रथम, रंजना द्वितीय

### क्रेयॉन्स वर्ल्ड स्कूल में विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** क्रेयॉन्स वर्ल्ड स्कूल बैजनाथ में विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक जागरुकता कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रबंध निदेशक ऋषव अवस्थी के मार्गदर्शन तथा प्रधानाचार्या रिशिवा शर्मा के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में मिस दीक्षा नंदा कंटेंट क्रिएटर एवं वसुधा अवस्थी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत बालवाटिका के विद्यार्थियों द्वारा मास्टर शेफ, शो एंड टेल तथा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियों से हुई। बालवाटिका-2 के विद्यार्थियों ने मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव विषय पर लघु अभिनय प्रस्तुत किया।



विद्यार्थियों ने मोबाइल की लत पर नुक्कड़ नाटक से लूटी वाहवाही।

बालवाटिका-1 (नर्सरी) के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राज्यवार फैंसी ड्रेस पहनकर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों द्वारा मोबाइल की लत पर आधारित नुक्कड़ नाटक तथा कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा डिप्रेशन जैसे गंभीर विषय पर प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक पेश कर वाहवाही लूटी। 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए करियर स्टिमुलस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे छात्रों को अपने भविष्य की दिशा तय करने में मार्गदर्शन मिला। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण अभिभावकों के लिए रैंप वॉक रहा, जिसमें प्रथम स्थान गुंजन, द्वितीय स्थान रंजना, एवं तृतीय स्थान शिखा और कोमल ने प्राप्त किया।

## मकान में लगी आग, भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के तहत गत शुक्रवार देर रात मकान में आग लगने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सरबन कुमार निवासी मोहाल जमेरला के पक्के मकान में अज्ञात कारणों के चलते कल देर रात आग लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू किया गया। आग के कारण मकान को काफी नुकसान पहुंचा है। शनिवार को मौके पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने नुक्सान का जायजा लिया तथा फौरी राहत के रूप में प्रभावित परिवार को 5000 रुपए की मदद सौंपी गई है।

## निजी बस ऑपरेटर संघ कांगड़ा ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, गगल।** प्रदेश निजी बस ऑपरेटर संघ के मीडिया प्रभारी विनय बेदी की अध्यक्षता में शनिवार को इच्छी के निजी होटल में बैठक की गई। विनय ने कहा कि कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर भाई अनुराग शर्मा की नियुक्ति पर हिमाचल प्रदेश में निजी बस आपरेटर संघ सहित प्रदेश वर्ग के बस ऑपरेटर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। अनुराग बस सर्विस बैजनाथ के मालिक तथा पैराग्लाइडिंग बीड़-बिलिंग के अध्यक्ष रहे अनुराग शर्मा को संगठनात्मक जिला कांगड़ा का अध्यक्ष बनाना दूरदर्शी निर्णय है। संघ के अध्यक्ष राजेश पराशर ने कहा कि अनुराग शर्मा का सामाजिक व्यवसायिक और संगठनआत्मक अनुभव जिला कांगड़ा कांग्रेस को मजबूत प्रदान करेगा उनके नेतृत्व में संगठन जनहित विकास और पार्टी की नीतियों को जमीन स्तर पर पहुंचने में सफल रहेगा। इस अवसर पर राजेश पराशर, रवि कुमार, राजीव महाजन, आशु चड्डा, पंकज शर्मा, संदीप वालिया, राजीव कुमार, कुणाल चड्डा, संजय कुमार सहित अधिकांश बस ऑपरेटरों ने अनुराग शर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा अध्यक्ष बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की और सभी को एक स्वर में विश्वास बताया कि उनके ऊर्जावान नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा नई बुलंदियों को प्राप्त करेगी।

## लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र करें पूरा : पठानिया

### समीक्षा बैठक में मैक्लोडगंज और भरमौर सड़क परियोजनाओं पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपमुख्य** सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सभी लंबित कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक में मैक्लोडगंज सड़क की जर्जर स्थिति पर चर्चा के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लगभग 7 वर्षों से इस सड़क की मरम्मत का कार्य निरंतर किया जा रहा है, लेकिन बार-बार भू-स्खलन होने के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब विभाग द्वारा भू-वैज्ञानिक टीम द्वारा स्थल का सर्वे करवाया जाएगा, ताकि तकनीकी दृष्टि से उपयुक्त समाधान निकाला जा सके। इसके अलावा बैठक में जिला चंबा के कटोरी बंगला भरमौर मार्ग को दो लेन में विकसित करने के कार्य की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के लिए 93 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसका सर्वेक्षण कार्य जारी है और शीघ्र ही इस महत्वपूर्ण परियोजना को पूर्ण कर दिया जाएगा।

### उपमुख्य सचेतक बोले- विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यों को बढ़ाएं आगे

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया की अध्यक्षता में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े शिक्षा एवं आधारभूत संरचना से संबंधित विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला कांगड़ा के राजीव गांधी राजकीय मॉडल-डे-बोर्डिंग स्कूल, रैत के निर्माण कार्य से संबंधित विषय पर चर्चा की गई जिसमें विद्यालय के निर्माण कार्य के लिए विभागीय स्तर पर स्वीकृति मिलने की जानकारी भी दी गई। इसके अतिरिक्त, रिड़कमार उपतहसील दरीणी, तहसील शाहपुर में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा व शाहपुर राजकीय डिग्री कॉलेज में ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि के प्रावधान पर चर्चा की गई। पठानिया ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जा सके।

## 8वीं, 10वीं व 12वीं कक्षा परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि बढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत आयोजित होने वाली कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा की मार्च 2026 परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण तथा प्रवेश प्रपत्र जमा करने की तिथियों को बढ़ा दिया है। अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए संशोधित कार्यक्रम के अनुसार री-अपीयर एवं एक वर्ष के भीतर प्रदर्शन सुधार के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी 14 जनवरी तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं, जबकि नए प्रवेश, टीओसी सहित पुनः प्रवेश प्रथा अतिरिक्त विषय के अभ्यर्थी 14 जनवरी तक 2000 विलंब शुल्क सहित आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में संचालित सभी हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय अध्ययन केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मार्च 2026 सत्र के लिए लागू संशोधित नियमों, अद्यतन निर्देशों एवं संशोधित विवरणिका का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। किसी भी अभ्यर्थी का प्रवेश करने से पूर्व संबंधित अध्ययन केंद्रों के समन्वयकों एवं सहायक समन्वयकों के लिए नवीनतम विवरणिका का अध्ययन करना अनिवार्य होगा, जो शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट तथा अध्ययन केंद्रों के लॉग-इन के माध्यम से उपलब्ध है। नियमों एवं निर्देशों की अवहेलना को बोर्ड नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

## निस्वार्थ भाव सेवा संगठन करेगा बेरोजगार युवाओं और उद्योगों के बीच सेतु का कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**निस्वार्थ** भाव सेवा संगठन, मिशन रोजगार हिमाचल के अंतर्गत हिमालया फाउंडेशन एवं लघु उद्योग संघ के सहयोग से जिला हमीरपुर में दो दिवसीय रोजगार पंजीकरण मेले आयोजित करने जा रहा है। यह मेले 10 जनवरी को सुजानपुर के चौगान मैदान तथा 11 जनवरी को टौणी देवी के उहल में आयोजित किए जाएंगे। इन रोजगार पंजीकरण मेलों का उद्देश्य क्षेत्र के सुजानपुर, टौणी देवी एवं दूरदराज क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता एवं रुचि के अनुसार बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ (बीबीएन) क्षेत्र के औद्योगिक संस्थानों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। लघु उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार राणा एवं हिमालय फाउंडेशन की उपाध्यक्ष डिंपल परमार ने बताया कि इन मेलों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को उद्योगों से सीधे जोड़कर उन्हें स्थायी एवं सम्मानजनक रोजगार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। मेले की सफल आयोजना के लिए डॉ. अशोक कुमार राणा की अध्यक्षता में मिशन रोजगार अभियान की बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।



निस्वार्थ भाव सेवा संगठन के अध्यक्ष, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मोहन सिंह डोगरा ने कहा कि बद्दी, बरोटीवाला एवं नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। कंपनियों में निरंतर मैनपावर की आवश्यकता रहती है। उन्होंने बताया कि इन रोजगार मेलों में शिक्षित, अल्प शिक्षित, डिप्लोमा होल्डर एवं आईटीआई प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं का पंजीकरण किया जाएगा तथा उनकी योग्यता के अनुरूप उन्हें रोजगार दिलाने में संगठन सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे घर से निकलकर शहरों में निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर अपनाएं और आत्मनिर्भर बनें। निस्वार्थ भाव सेवा संगठन समाज के युवाओं को रोजगार से जोडने हेतु प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### घुमारवीं में कानूनी जागरूकता शिविर आज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा हिमाचल प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से 4 जनवरी को उपमंडल स्तरीय विशाल कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन न्यायालय परिसर, घुमारवीं में किया जाएगा। इस शिविर की मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर ज्योत्स्ना सुमंत डढवाल होंगी। कार्यक्रम में आमजन को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, श्रम कानून सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों एवं वक्ताओं द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। यह जानकारी देते हुए स्वाति बरवाल, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी घुमारवीं एवं कार्यवाहक अध्यक्ष उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण घुमारवीं ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आम लोगों को कानून के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सरल भाषा में न्यायिक प्रक्रियाओं की जानकारी उपलब्ध करवाना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर इसका लाभ उठाने का आह्वान किया।

### छात्रा मौत मामले की हो निष्पक्ष जांच: स्वतंत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** धर्मशाला कॉलेज की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र सांख्यान ने इस पूरे प्रकरण को बेहद गंभीर बताते हुए प्रदेश सरकार से उच्च स्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग की है। स्वतंत्र सांख्यान ने कहा कि यह केवल एक छात्रा की मौत का मामला नहीं, बल्कि प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर बड़ा सवाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मामले को हल्के में लेकर दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। प्रदेश प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि यदि इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो भाजपा सड़क से सदन तक सरकार को जवाबदेह बनाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है, लेकिन अब तक की कार्यप्रणाली निराशाजनक रही है। स्वतंत्र सांख्यान ने सरकार से अपील की कि वह राजनीति से ऊपर उठकर सच सामने लाए और दोषियों को कानून के अनुसार सज़ा दिलाए, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### सड़क सुरक्षा फिल्म निर्माता को मिलेंगे 25 हजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** परिवहन विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा 38वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत जिला बिलासपुर में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक 'सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा' अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी आरटीओ राजेश कुमार कौशल ने दी। उन्होंने बताया कि लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए परिवहन निदेशालय की ओर से सड़क सुरक्षा फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के तहत 18 या इससे अधिक आयु के व्यक्ति सड़क सुरक्षा पर शॉर्ट फिल्म या वीडियो बनाकर परिवहन विभाग को ई-मेल या विभाग के कार्यालय के पास उपलब्ध करवा सकते हैं। प्रतिभागी 15 फरवरी तक वीडियो भेज सकते हैं। शॉर्ट फिल्म में थीम सड़क सुरक्षा रहेगा। वीडियो व शॉर्ट फिल्म हिंदी व अंग्रेजी भाषा में बनेंगी और पांच मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए। परिवहन निदेशालय की ओर से बेहतरीन वीडियो का चयन किया जाएगा। इसके बाद 18-25 आयु, 25-32, 32-40 और 40 से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों की ओर से बनाई गई वीडियो पर 25-25 हजार रुपए कैश और ट्रॉफी दी जाएगी। 20 विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें प्रत्येक प्रतिभागी को पांच हजार रुपए दिए जाएंगे।

### साहिल को प्रदेश भाजयुमो में मिली बड़ी जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा युवा मोर्चा बिलासपुर के सक्रिय कार्यकर्ता



साहिल ठाकुर को भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिलासपुर जिला के रोहिण गांव के निवासी साहिल ठाकुर लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। इससे पहले वह भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव, दो बार मंडल सचिव और एक बार मंडल उपाध्यक्ष के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। प्रदेश कार्यकारिणी में नियुक्ति को साहिल ठाकुर ने संगठन के प्रति विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि वह अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा भारतीय जनता पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को युवा वर्ग तक पहुंचाने का काम करेंगे। साहिल ठाकुर ने इस नियुक्ति के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और सदर विधायक त्रिलोक जमवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और युवाओं को संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में काम किया जाएगा।

### अटूट भक्ति से वश में होते हैं भगवान : रसिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हरलोग कस्बे के जोल गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए पंडित रसिक महाराज ने कहा कि अटूट संकल्प और भक्ति से भगवान को भी वश में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वहीं इस अवसर पर उन्होंने भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि बालक प्रह्लाद की कथा का वर्णन श्रीमद्भागवत में मिलता है। प्रह्लाद के पिता हिरण्यकश्यपु दैत्यों के राजा थे। वह भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानते थे, परंतु प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। जब यह बात हिरण्यकश्यपु को पता चली तो उसने प्रह्लाद पर अनेक अत्याचार किए, लेकिन फिर भी प्रह्लाद की ईश्वर भक्ति कम न हुई। अंत में स्वयं भगवान विष्णु प्रह्लाद की रक्षा के लिए नृसिंह अवतार लेकर प्रकट हुए। नृसिंह भगवान ने हिरण्यकश्यपु का वध कर दिया और प्रह्लाद को अपनी गोद में बैठा कर प्रेम किया। इस दौरान उन्होंने नारद जी की कथा, समुंद्र मंथन, कदम-देहुती संवाद और कपिल मुनी के ज्ञान पर भी प्रकाश डाला। कथा समापन पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया तथा बाद में प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी किया गया।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
बिलासपुर जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को बिलासपुर, बरठी, शाहतलाई, बरमाना, नयनादेवी, नम्होल व भराड़ी में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अरुण डोगरा रीतू, जिला प्रभारी, बिलासपुर
मो. 7018200490, 9015909310

# महिला नेतृत्व, सुशासन और बिलासपुर का विकास प्राथमिकता : अंजना

**कांग्रेस पार्टी ने बिलासपुर जिले में जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी एक बार फिर से अंजना धीमान को सौंपी है। अंजना धीमान जिले की सक्रिय और जमीनी राजनीति से उभरी सशक्त महिला नेताओं में शुमार हैं। संगठनात्मक क्षमता, कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने की शैली के कारण उन्होंने कांग्रेस संगठन में अपनी अलग पहचान बनाई है। अनंत ज्ञान के बिलासपुर जिला प्रभारी अरुण डोगरा रीतू ने अंजना धीमान से एक्सलूसिव बातचीत की। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश:**

**सवाल: आपको दूसरी बार बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी की प्रधान नियुक्त किया गया है। एक महिला नेता के रूप में आप इसे कैसे देखती हैं?**

**जवाब:** यह मेरे लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। यह महिला नेतृत्व पर पार्टी के भरोसे को दर्शाता है। मैं इसे सेवा, संगठन और विकास तीनों मोर्चों पर और बेहतर काम करने का अवसर मानती हूं।

**सवाल: वर्तमान में कांग्रेस सत्ता पक्ष में है। ऐसे में आपकी भूमिका को आप किस तरह देखती हैं?**

**जवाब:** सत्ता पक्ष में होने का अर्थ केवल सरकार चलाना नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। संगठन और सरकार के बीच समन्वय बनाकर जनहित के कार्य करना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

**सवाल: मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में विकास को आप कैसे आंकती हैं?**

**जवाब:** मुख्यमंत्री पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद व्यवस्था सुधार, जनकल्याण और पारदर्शिता पर सरकार का फोकस साफ दिखाई देता है। बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश में विकास कार्य गति पकड़ रहे हैं।

**सवाल: बिलासपुर जिले के विकास को लेकर आपकी क्या प्राथमिकताएं हैं?**

**जवाब:** सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार—विकास के ये चार स्तंभ हैं। सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराना और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान

अनंत ज्ञान विशेष बातचीत

**सवाल: विपक्ष पर आरोप लगते हैं कि वह बिना मतलब के मुद्दे उठा रहा है। इस पर आप क्या कहेंगी?**

**जवाब:** दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाय बेवजह के मुद्दे उठाकर घटिया राजनीति कर रही है। जनता अब सब समझती है कि काम और शोर में फर्क साफ दिख रहा है।

**सवाल: महिला नेतृत्व को आप विकास से कैसे जोड़ती हैं?**

**जवाब:** महिला नेतृत्व विकास को मानवीय दृष्टि से देखता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और सामाजिक सुरक्षा—इन क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी से नीतियां अधिक प्रभावी बनती हैं।

**सवाल: कांग्रेस सरकार महिलाओं के लिए क्या अलग कर रही है?**

**जवाब:** कांग्रेस सरकार महिला सशक्तिकरण को केवल नारे तक सीमित नहीं रखती है। सरकार द्वारा योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का ठोस प्रयास किया जा रहा है।

**सवाल: संगठन के स्तर पर महिलाओं की भूमिका को आप कैसे मजबूत करेंगी?**

**जवाब:** पंचायत से लेकर जिला स्तर तक महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदार बनाया जाएगा। महिला कार्यकर्ताओं को नेतृत्व प्रशिक्षण और जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

**सवाल: बिलासपुर की जनता के लिए आपका संदेश?**

**जवाब:** कांग्रेस सरकार विकास और सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है और बिलासपुर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

# तकनीकी बदलावों के साथ स्वयं को करें अपग्रेड: राजेश धर्माणी

## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने आईटीआई बिलासपुर में जल रक्षकों को बांटे प्रमाणपत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रशिक्षणार्थियों को अर्जित ज्ञान एवं कौशल में व्यावहारिकता लाते हुए समय के साथ हो रहे तकनीकी बदलावों को ध्यान में रखकर स्वयं को निरंतर अपग्रेड करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सही मायनों में व्यक्ति की तरक्की से ही प्रदेश और देश आगे बढ़ता है।

राजेश धर्माणी शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बिलासपुर में नल-जल योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त जल रक्षकों को प्रमाणपत्र वितरित करने के अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जल रक्षकों को बधाई देते हुए कहा



जल रक्षकों को प्रमाणपत्र बांटने के बाद फोटो करवाते मंत्री राजेश धर्माणी व अन्य।

कि प्रदेश सरकार ने 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने वाले जल रक्षकों को अनुबंध के आधार पर तैनाती देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार के इस अहम कदम से आने वाले समय में जल रक्षकों को नियमित नौकरी के साथ-साथ उनका भविष्य भी सुरक्षित होगा। उन्होंने जल रक्षकों से संपूर्ण निष्ठा एवं समर्पण भाव के साथ ग्रामीण स्तर पर लोगों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया।

राजेश धर्माणी ने कहा कि वर्तमान दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव के कारण अनेक तकनीकी पाठ्यक्रमों में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में आईटीआई एवं अन्य तकनीकी संस्थानों में संचालित विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में एआई को केंद्र में रखते हुए व्यापक बदलाव लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी संस्थानों से कुशल मानव संसाधन प्रशिक्षित होकर बाहर निकले, ताकि वे देश व प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान दे सकें। राजेश धर्माणी ने विद्यार्थियों से सही एवं सटीक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त व्यक्ति ही जीवन में अपने निर्धारित लक्ष्यों को सही अर्थों में प्राप्त कर सकता है। इसके लिए उन्होंने नियमित रूप से ध्यान एवं योग साधना अपनाने पर जोर दिया। इससे पहले संस्थान के प्रधानाचार्य ओंकार सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए बताया कि वर्तमान में आईटीआई बिलासपुर में विभिन्न ट्रेडों में कुल 380 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# झंडूता के गोचर जंगल में वन काटुओं ने काटे खैर के पेड़



गोचर जंगल में वन विभाग की टीम की ओर से बरामद किए गए खैर के मोछे।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

**वन विभाग ने 100 से ज्यादा मोछे किए बरामद**

वन परिक्षेत्र झंडूता के अंतर्गत आते गोचर जंगल में खैर के अवैध कटान का मामला सामने आया है। विभाग की टीम ने डेढ़ दर्जन पेड़ों के 100 से ज्यादा मोछे बरामद किए हैं। वन विभाग को गोचर क्षेत्र के जंगल में खैर के पेड़ों की अवैध कटाई की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर प्रभारी नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर सघन निरीक्षण और तलाशी अभियान चलाया। जांच के दौरान, टीम को जंगल में तीन विभिन्न स्थानों पर खैर के पेड़ों को काटकर उनके मोछे छिपाकर रखे हुए मिले। उधर, वन परिक्षेत्र अधिकारी ज्ञान सिंह ने पुलिस थाना तलाई में शिकायत दर्ज करवा दी है। उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। बताया कि बीते दो दिनों में गोचर जंगल के अलग-अलग स्थानों पर अवैध कटान की घटना को अंजाम दिया गया है।

वन खंड अधिकारी झंडूता सुशील कुमार ने बताया कि वन विभाग द्वारा जंगल क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि यदि जंगल में संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दें तो तुरंत विभाग या पुलिस को सूचित करें।

# कबड्डी प्रतियोगिता में ऊना और मंडी ने जीते अपने-अपने मुकाबले

**अनंत ज्ञान, बरमाणा**

**कसोल में युवा महोत्सव का डॉ. प्रकाश ने किया आगाज**

वाहोट कसोल में तीन दिवसीय विवेकानंद युवा मंडल वाहोट-कसोल द्वारा आयोजित युवा महोत्सव का शुभारंभ कृषि विभाग से सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि किया। आयोजन में ग्रामीण तथा बाहर से पहुंचे खिलाड़ियों व स्थानीय युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेल, संस्कृति और सामाजिक एकता से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। युवा महोत्सव में महिला वर्ग के लिए आयोजित मनोरंजक व प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों में संगीत कुर्सी और रस्साकशी प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रहीं। इन प्रतियोगिताओं में नैहर महिला मंडल व शक्ति महिला मंडल की महिलाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। कबड्डी प्रतियोगिता में पहले मुकाबले में ऊना और पंजैल की टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिसमें ऊना की टीम विजयी रही। दूसरे मुकाबले में मंडी ने मुरारी देवी टीम को हराया। आयोजकों ने बताया कि यह प्रतियोगिताएं अगले तीन दिनों तक जारी रहेंगी।

# जिले में ट्रैफिक वॉलंटियर्स दे रहे सराहनीय सेवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर पुलिस पिछले एक वर्ष से यातायात नियंत्रण और सड़क सुरक्षा प्रबंधन के लिए अपने सामुदायिक सहभागिता आधारित दृष्टिकोण के तहत ट्रैफिक वॉलंटियर्स की सेवाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही है। राजकीय डिग्री कॉलेज, बिलासपुर के एनसीसी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कैडेट्स को ट्रैफिक वॉलंटियर के रूप में जोड़ा गया है। इन वॉलंटियर्स को सामान्यतः प्रतिदिन चार घंटे के लिए, विशेषकर गर्मी के मौसम में, महत्वपूर्ण त्योहारों के दौरान तथा नलवाड़ी मेला, वीआईपी मूवमेंट और एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन जैसे बड़े सार्वजनिक आयोजनों के समय तैनात किया जाता है। तैनाती से पूर्व बिलासपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा



गुरुद्वारा चौक पर तैनात ट्रैफिक वॉलंटियर्स।

वॉलंटियर्स को अनुशासन, सुरक्षा जागरूकता और पुलिस कर्मियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रारंभिक अभिमुखीकरण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। वर्तमान में पुलिस सत्यापन के उपरांत कुल 45 ट्रैफिक वॉलंटियर्स पंजीकृत हैं। वॉलंटियर्स को व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबलों के साथ तथा आवश्यकता अनुसार अपेक्षाकृत कम भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में स्वतंत्र रूप से तैनात किया जाता है। प्रारंभ में वॉलंटियर्स ने बिना किसी मानदेय के स्वेच्छा से सेवाएं प्रदान कीं। हालांकि, टीटीआर विभाग से धनराशि प्राप्त होने के बाद, नियमानुसार वॉलंटियर्स को 15 रुपए प्रति घंटा मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। ट्रैफिक वॉलंटियर्स के योगदान की औपचारिक रूप से पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर द्वारा सराहना की गई है तथा प्रोत्साहन स्वरूप योग्य वॉलंटियर्स को आधिकारिक कार्यक्रमों में प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए हैं।

# वरिष्ठ नागरिक युवाओं को बताएं नशे के दुष्प्रभाव : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**समाज के लिए निभाएं मार्गदर्शक की भूमिका**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिला मुख्यालय के बचत भवन में प्रोटेक्टिव एजिंग कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए आजीविका, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सशक्तिकरण से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार ने की। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आजीविका कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक उपमंडल में एक दिवसीय तथा जिला स्तर पर दो दिवसीय आजीविका कार्यशालाओं के आयोजन का निर्णय लिया गया। इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग सहित संबंधित विभागों के सहयोग से एक समन्वय समिति का गठन किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जिला बिलासपुर सहित प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों की औसत जनसंख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिसे ध्यान में रखते हुए उनके लिए आजीविका से जुड़े कौशल विकास, स्वास्थ्य संरक्षण और सामाजिक सहभागिता को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अनुभवशील होते हैं और समाज के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। इसी दृष्टि से अंतर-पीढ़ी सहभागिता गतिविधियों के तहत शिक्षण संस्थानों में संवाद शृंखलाएं आयोजित की जाएंगी, जिससे युवाओं को वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव और मार्गदर्शन का लाभ मिल सके। उपायुक्त ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने अनुभवों के माध्यम से नजदीकी शिक्षण संस्थानों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें।

# नशामुक्त समाज बनाने के लिए ग्रामीण महिलाओं की पहल सराहनीय: रविंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सेवानिवृत्त खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी रविंद्र शर्मा ने कहा है कि जिला बिलासपुर में नशा मुक्ति की दिशा में ग्रामीण महिलाओं द्वारा उठाया गया कदम न केवल सराहनीय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत सामाजिक संदेश भी है। उन्होंने कहा कि नशा आज समाज की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुका है, जो युवाओं के भविष्य के साथ-साथ परिवार और सामाजिक ताने-बाने को भी नुकसान पहुंचा रहा है। शर्मा ने कहा कि यह विशेष बात है कि बिलासपुर की ग्रामीण महिलाओं ने किसी राजनीतिक या औपचारिक मंच के बिना, स्वयं आगे आकर नशे के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। गांव-गांव जाकर महिलाओं द्वारा युवाओं, अभिभावकों और समाज के हर वर्ग को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जो एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का संकेत है।

# न्यू कांप्लेक्स सिस्टम के खिलाफ सड़क पर उतरेगा प्राथमिक शिक्षक संघ : राजेश

## कहा- यह प्रणाली प्राथमिक शिक्षा के ढांचे को तबाह करने वाली

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी व कार्य परिषद की बैठक शिक्षक भवन शिमला में राज्य अध्यक्ष रमेश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य के वरिष्ठ उपप्रधान राम सिंह राव, महासचिव रजनीश कौशिक, कोषाध्यक्ष अनिल भाटिया, कार्यकारी अध्यक्ष संजय पीसी, संयुक्त सचिव दीप वर्मा, मुख्य सलाहकार चंद्र मोहन केवला, महालेखाकार तेनजिन नेगी, उपप्रधान राजेंद्र हीर, महिला विंग राज्य अध्यक्ष सुनीता शर्मा तथा सभी जिलों के अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में न्यू कांप्लेक्स सिस्टम पर 23 सितंबर, 2025 को जारी



अधिसूचना का पुरजोर विरोध किया गया। संघ ने कहा कि यह अधिसूचना पूरी तरह से प्राथमिक शिक्षा के ढांचे को तबाह करने वाली है तथा इसके खिलाफ सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी।

प्राथमिक शिक्षक संघ इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा। बैठक में 13 फरवरी, 2024 को क्लस्टर सिस्टम पर सरकार द्वारा जारी अधिसूचना का समर्थन किया गया और रिसोर्स शेयरिंग के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार को हर संभव सहयोग देने का निर्णय लिया गया। जब तक हिमाचल सरकार 23 सितंबर, 2025 की अधिसूचना को वापिस नहीं लेती है, उस समय तक प्राथमिक शिक्षक संघ इस अधिसूचना का हर स्तर पर विरोध जारी रखेगा। बैठक में सभी जिला मुख्यालयों में इस अधिसूचना के विरोध में रोष व आग्रह रैलियों आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

**महोत्सव** बिलासपुर में आयोजित राज्य युवा उत्सव का समापन, मंत्री ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

# युवा उत्सव युवाओं की प्रतिभा को पहचान दिलाने का मंच: गोमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा बिलासपुर के बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर में आयोजित दो दिवसीय राज्य युवा उत्सव 2025-26 का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन समारोह में प्रदेश सरकार के आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने बतौर मुख्यातिथि विजेताओं को पुरस्कृत किया।

मंत्री ने कहा कि राज्य युवा उत्सव प्रदेश के युवाओं को केवल सांस्कृतिक मंच प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का एक मजबूत आधार भी तैयार करता है। उन्होंने बताया कि राज्य युवा उत्सव के विजेता



राज्य युवा उत्सव के प्रतिभागियों के साथ युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा।

प्रतिभागियों को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहां वे हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 में पैरालंपिक्स, एशियाई खेल, कॉमनवेल्थ खेल तथा वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। ऐसे सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा एक मंच पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गत वर्ष प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार की ओर से लगभग 17 करोड़ रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार एवं प्रोत्साहन बजट को और मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि प्रदेश के युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए स्थायी अवसर मिल सकें। सरकार का लक्ष्य है कि गांव, पंचायत, ब्लॉक, जिला और विधानसभा स्तर पर अधिक से अधिक युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ा जाए।

### लोक नृत्य में शिमला, लोक गायन में कांगड़ा अव्वल

**लोक** नृत्य प्रतियोगिता में शिमला जिले के युवा कलाकारों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बिलासपुर जिले की टीम द्वितीय स्थान पर रही। लोक गीत समूह गायन प्रतियोगिता में कांगड़ा जिले की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। चंबा जिले की टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। स्टोरी राइटिंग प्रतियोगिता में कुल्लू जिले की यामी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ऊना जिले की पायल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कविता पाठन प्रतियोगिता में चंबा जिले के ऋषि कपूर ने प्रथम स्थान अर्जित किया। हमीरपुर जिले की पूर्वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में शिमला जिले की रिया वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हमीरपुर जिले के आदर्श शर्मा को द्वितीय स्थान मिला। भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत ऊना जिले के अनमोल शर्मा और प्राप्त किया। बिलासपुर की आभा चंदेल ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

# मिलावटी मयूर और गणेश सरसों तेल के मामले में 50 हजार जुर्माना

**खाद्य सुरक्षा विभाग ने घटिया गुणवत्ता वाले तेल पर की कार्रवाई**

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी एवं घटिया गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सरसों तेल के दो मामलों में कुल 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यह दंड एडीसी चंबा-सीयूएम-अधिनिर्णायक अधिकारी न्यायालय, चंबा द्वारा सुनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मयूर सरसों तेल को मिसब्रांडेड पाए जाने पर 25 हजार रुपए तथा गणेश सरसों तेल को घटिया गुणवत्ता (सब-स्टैंडर्ड) का पाए जाने पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार दोनों मामलों में कुल 50 हजार रुपये की पेनल्टी अधिरोपित की गई।

इस कार्रवाई की जानकारी दीपक आनंद, सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी, चंबा ने दी। वहीं, इन मामलों में राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश की ओर से पैरवी सुगंधि कोंडल, फूड सेफ्टी ऑफिसर चंबा द्वारा की गई। बताया गया कि संबंधित सरसों तेल के सैंपल मई 2025 में करियां और बग्गा (राख) क्षेत्रों से एकत्र किए गए थे। प्रयोगशाला जांच में तेल की गुणवत्ता मानकों पर खरी न उतरने के बाद यह सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।

# शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार से गुज्जर समुदाय को जोड़ने पर रणनीति तैयार

## घुमंतू गुज्जर समुदाय के सशक्तिकरण पर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त, साथ में गुज्जर समुदाय के प्रतिनिधि व अधिकारी।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में शनिवार को उपायुक्त कार्यालय, चंबा में घुमंतू गुज्जर समुदाय के सशक्तिकरण पर बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के माध्यम से समुदाय को आर्थिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाना था।

बैठक में चंबा जिले से आए गुज्जर समुदाय के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव उपायुक्त के समक्ष रखे। उपायुक्त ने बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देश दिए। इनमें गुज्जर हॉस्टल साहू में बच्चों को प्राथमिकता देना, प्रवेश औपचारिकताएं सरल करना, बाहरवीं कक्षा तक शिक्षा उपलब्ध कराना, हॉस्टल की संख्या बढ़ाकर 25 से 100 करना और बेहतर रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करना शामिल है।

प्रतिनिधियों ने पहलुई, कुड़था, धनग्रां और खिलगानोतु में प्राथमिक पाठशालाओं के खोलने, राजकीय उच्च पाठशाला कुरेना को वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला का दर्जा देने, चुराह तहसील के कंगेला गांव में माध्यमिक पाठशाला खोलने और बंद हुए गुज्जर हॉस्टल किहार व कलसुईं को पुनः आरंभ करने की मांग की। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को इस दिशा में संभावनाएं तलाश कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दूरदराज क्षेत्रों में स्कूल न होने पर 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए गैर-आवासीय विशेष प्रशिक्षण केंद्र (एनआरएसटी) स्थापित करने की भी योजना बनाई गई। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को जागरूकता और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और महिलाओं के लिए दाई प्रशिक्षण सुनिश्चित करने और बच्चों के लिए मोबाइल आंगनबाड़ी केंद्र शुरू करने के निर्देश दिए गए। गुज्जर समुदाय की आर्थिकी मजबूत करने के लिए दूध उत्पादन को व्यवस्थित कर मिल्कफेड से जोड़ने पर भी बल दिया गया। इसके साथ ही जन्म और मृत्यु पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए गए। बैठक में एसडीएम प्रियांशु खाती, जिला राजस्व अधिकारी, जिला चिकित्सा अधिकारी, बीडीओ, शिक्षा विभाग और गुज्जर कल्याण सभा के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चुराह में जल्द खुलेगी सब्जी मंडी, किसानों को उपज पर मिलेगा उचित दाम: ललित



एपीएमसी चंबा के चेयरमैन ललित ठाकुर प्रस्तावित सब्जी मंडी स्थल का निरीक्षण करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चुराह**

चुराह क्षेत्र के लोगों और किसानों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। क्षेत्र में जल्द ही सब्ज़ी मंडी की सुविधा शुरू होने जा रही है, जिससे स्थानीय किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एक संगठित और सुलभ मंच मिलेगा। इसी कड़ी में कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) चंबा के चेयरमैन ललित ठाकुर ने प्रस्तावित सब्ज़ी मंडी स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी में उपलब्ध कराई जा रही बुनियादी सुविधाओं, निर्माण कार्य की प्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर ने कहा कि सब्ज़ी मंडी के शुरू होने से चुराह क्षेत्र के किसानों को अपनी सब्ज़ियों का उचित मूल्य मिलेगा और उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि यह मंडी चुराह की आर्थिकी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। मंडी खुलने से जहां किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, वहीं आम लोगों को भी ताज़ी सब्ज़ियां उचित दामों पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी औपचारिकताएं पूरी कर सब्ज़ी मंडी को जल्द से जल्द आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। सब्जी मंडी की घोषणा से स्थानीय लोगों और किसानों में खुशी की लहर है। उन्होंने इसे चुराह क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम बताया है।

## न्यूज ब्रीफ

### रिहायशी क्वार्टर से 7.28 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना धनोटु द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अहम कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान अंकुर सैणी पुत्र राम प्रकाश, निवासी तहसील बल्ह, जिला मंडी के रिहायशी क्वार्टर की तलाशी लेने पर 7.28 ग्राम चिट्टा/हैरोइन बरामद की गई। बरामद मादक पदार्थ को नियमानुसार पुलिस कब्जे में लिया गया है। इस संबंध में अभियोग संख्या 04/26 के अंतर्गत धारा 21 ह्ष्ठक्कस् ष्ह्ल में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा नशा तस्करी से जुड़े नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है। खबर की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी, जिला मंडी द्वारा की गई है।

### सुंदरनगर में अवैध शराब बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर के अंतर्गत आबकारी गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तारा देवी पत्नी स्व. धन राज, निवासी तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी के रिहायशी मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मकान से 2000 एमएल अवैध शराब बरामद की गई। पुलिस ने अवैध शराब को मौके पर ही कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की। इस संबंध में धारा 39(1)(ड्ड) हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम, 2011 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले में अवैध शराब की खरीद-फरोख्त से जुड़े तथ्यों की भी जांच की जा रही है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है। खबर की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी, जिला मंडी द्वारा की गई है।

### चालान कर वसूला 1700 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कुल 516 चालान किए गए। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू उत्पादों के सेवन को लेकर कोटपा अधिनियम के अंतर्गत 17 चालान कर 1700 रुपए जुर्माना वसूला गया। वहीं अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए माइनिंग अधिनियम के अंतर्गत 3 चालान किए गए। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। खबर की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी, जिला मंडी द्वारा की गई है।

### फर्जी एनओसी से बना दी चार मंजिला इमारत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहर के एक भवन मालिक के खिलाफ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने फर्जी एनओसी के आधार पर बनाए गए चार मंजिला भवन को लेकर कार्रवाई की है। बस स्टैंड के पास बनी आलीशान भवन की जांच के घेरे में है। वर्ष 2025 में बनी इस भवन को लेकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने फर्जी एनओसी से बनाए गए भवन को लेकर भवन मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी है। एफआईआर दर्ज करवाने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने भवन मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### सुकेती पुल से महामृत्युंजय मंदिर मार्ग रहेगा बंद, वैकल्पिक मार्ग अपनाने की अपील

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि लोक निर्माण विभाग के कार्य तथा पहाड़ी से पत्थर गिरने की संभावित आशंका को देखते हुए पुराना सुकेती पुल से प्रताप पैलेस एवं प्रताप पैलेस से महामृत्युंजय मंदिर तक यातायात एवं आवाजाही पूर्णतः बंद रहेगी। प्रशासन द्वारा जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि निर्धारित अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें तथा किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए प्रशासन का सहयोग करें। इस सूचना की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी, जिला मंडी द्वारा की गई है।

# पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में लंबित भुगतान को लेकर जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



चंबा में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक संपन्न।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन इकाई चंबा की बैठक का आयोजन जिला मुख्यालय में प्रधान लेखराज ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में वर्ष 2026 के आगमन पर सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान बड़ी संख्या में पेंशनरों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं साझा कीं।

बैठक में महासचिव सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने पेंशनरों से जुड़ी विभिन्न मांगों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद अब तक पेंशनरों के मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं किया गया है। लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण पेंशनरों के लिए इलाज कराना भी एक बड़ी चुनौती बन गया है।

महासचिव ने सरकार से मांग की कि पेंशनरों के लंबित मेडिकल बिलों का शीघ्र भुगतान किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2016 से 2022 तक के पे-फिक्सेशन एरियर के बकाया भुगतान पर भी सरकार की उदासीनता पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 70 से 75 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों को भी अब तक उनकी देय राशि नहीं मिल पाई है।

सुरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि पेंशनर अपनी मांगों को लेकर कई बार आंदोलन का रास्ता भी अपना चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि पेंशनरों की जायज मांगों को जल्द पूरा किया जाए, ताकि जीवन के इस पड़ाव में उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। बैठक में मौजूद पेंशनरों ने एक स्वर में सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की है

# युवाओं को राष्ट्र निर्माण व नेतृत्व के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर 'संकल्प 2025-26' का तीसरा दिन आयोजित हुआ। दिन की शुरुआत अदिति ठाकुर द्वारा दूसरे दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने और एनएसएस गीत से हुई। स्वयंसेवी शान्तो ने आज का विचार साझा किया। कार्यक्रम में युवाओं को नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान के महत्व पर व्याख्यान दिए गए। भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके जीवन पर व्याख्यान व कविता प्रस्तुत की गई।

इसके अलावा, स्वच्छता अभियान के तहत सुल्तानपुर वार्ड की सफाई कर कचरा नगर परिषद को सौंपा गया और स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रो. ट्विंकल वैद ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर विचार साझा कर युवाओं को प्रेरित किया।

# गुवाड़ पंचायत के गांवों में बिजली की समस्या

## सिंगल फेस लाइन से सप्लाई, उपकरण खराब होने का बना खतरा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिजली बोर्ड के एसडीओ अजय भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा

ग्राम पंचायत गुवाड़ के गांव हेला, पेटी, संगेरा और बगैरा में लंबे समय से बिजली वोल्टेज की कमी के कारण ग्रामीणों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां सिंगल फेस बिजली लाइन से सप्लाई हो रही है, जिसके कारण वाशिंग मशीन, फ्रिज, एल.ई.डी. टीवी और अन्य उपकरण सही से काम नहीं कर रहे हैं। देर शाम के बाद लोग दीपक जलाकर काम कर रहे हैं, वहीं अचानक वोल्टेज बढ़ने या घटने से उपकरण खराब होने का भी खतरा बढ़ गया है।

बीते दिनों कई बार ग्रामीणों ने बिजली बोर्ड को शिकायत की, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। खासकर बच्चों की पढ़ाई पर इसका बड़ा असर पड़ा है, मोमबत्तियों के सहारे पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। बिजली खंभों की दूरी अधिक होने और बर्फबारी के कारण तार टूटने की समस्या भी बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां लगभग 15 नए खंभे और थ्री फेस ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है ताकि शाम के समय बिजली गुल न हो।

शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिजली बोर्ड के एस.डी.ओ. अजय भारद्वाज को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या दोहराई। ज्ञापन में वोल्टेज असमानता, खंभों की कमी और तारों की सुरक्षा संबंधी मुद्दे उठाए गए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेंगे।

ज्ञापन सौंपने के मौके पर अमन, सुरेश, रोहित, कर्ण, अशोक, हितेश, भुवनेश, राजिंद्र, उत्तम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीण बिजली बोर्ड से त्वरित कार्रवाई और सुरक्षा उपाय अपनाने की मांग कर रहे हैं, ताकि उनके उपकरण सुरक्षित रहें और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

# कल्याण योजना के प्रशिक्षुओं को मिला सम्मान

## जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने दिखाई सफलता की राह

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह प्रशिक्षुओं को प्रशंसा पत्र देने के बाद।

कल्याण योजना के अंतर्गत छह माह की ऑन-जॉब ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रशिक्षु बैच को आज सम्मानित किया गया। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने प्रशिक्षुओं को प्रशंसा पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने प्रशिक्षुओं से संवाद करते हुए उनके भविष्य की करियर योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऑन-जॉब ट्रेनिंग के दौरान अर्जित व्यावहारिक अनुभव युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि रोजगार विभाग भविष्य में भी मार्गदर्शन, काउंसलिंग और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षुओं को हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपने कौशल को निरंतर निखारने, सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने और उपलब्ध अवसरों का पूरा लाभ उठाने का आह्वान किया। अंत में जिला रोजगार अधिकारी ने सभी प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और विश्वास जताया कि यह बैच समाज और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# रिश्वत, मारपीट व अवैध शराब के मामले दर्ज

**पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में मामले दर्ज कर शुरू की छानबीन**

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला पुलिस चंबा ने कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में कड़ा रुख अपनाते हुए शनिवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पांच अभियोग पंजीकृत किए हैं। इन मामलों में सरकारी कर्मचारी पर दबाव बनाने, मारपीट तथा अवैध शराब की तस्करी जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। सभी मामलों में पुलिस द्वारा नियमानुसार अन्वेषण जारी है।

पुलिस थाना सदर में दर्ज अभियोग संख्या 01/26 के तहत गोरी राम निवासी भलोठ, डाकघर सिल्लाघ्राट के खिलाफ BNS की धाराओं 132, 121, 351(3) में मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता पटवारी मुकेश कुमार ने आरोप लगाया कि आरोपी ने कार्यालय में आकर झूठी रिपोर्ट देने का दबाव बनाया, पैसे देकर रिश्वत देने की कोशिश की और मना करने पर उनके साथ मारपीट की। इतना ही नहीं, चौकीदार को भी धमकाया गया और उसके कपड़े फाड़ दिए गए।

वहीं पुलिस थाना किहार में अभियोग संख्या 04/26 के तहत हिलो देवी के खिलाफ मारपीट और चोट पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता माया ने बताया कि खेत में घास काटने के विवाद को लेकर आरोपी महिला ने गाली-गलौज की, पत्थर फेंके और लाठी से हमला किया, जिससे उसकी आंख में गंभीर चोट आई। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बड़ी बरामदगी की है।

पुलिस थाना चुवाड़ी में अभियोग संख्या 04/2026 के तहत मनोहर लाल से 5250 एमएल ऊना नंबर-1 शराब बरामद की गई। पुलिस थाना डल्हौजी में अभियोग संख्या 05/2026 के अंतर्गत इच्छा राम से 4500 एमएल शराब पकड़ी गई। पुलिस थाना सदर में अभियोग संख्या 02/2026 के तहत मान सिंह से 5000 एमएल देसी शराब बरामद की गई।

पुलिस अधीक्षक चंबा ने स्पष्ट किया है कि कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और जिले में अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## चुराह में चरस की खेप सहित पकड़ी महिला के परिजन दोबारा पहुंचे डीसी ऑफिस

# मां बोली-बेटी बेगुनाह... दामाद ने साजिश कर फंसाया

**अनंत ज्ञान, चंबा**




चुराह में चरस की खेप सहित पकड़ी महिला के परिजन डीसी ऑफिस में उपायुक्त को शिकायत सौंपते हुए।

चंबा जिले में कुछ दिन पूर्व चंबा-तीसा रोड पर 1 किलो 402 ग्राम चरस के साथ पकड़ी गई महिला के मामले में अब एक बड़ा ट्विस्ट सामने आया है। इस मामले में आरोपी महिला के मायके पक्ष ने बेटी के ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला की मां और भाई ने चम्बा के उपायुक्त (डीसी) से मुलाकात कर दावा किया है कि उनकी बेटी निर्दोष है और उसे एक गहरी साजिश के तहत फंसाया गया है।

आरोपी महिला की मां और उसके भाई ने जिला उपायुक्त को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया कि इस पूरी साजिश के मुख्य सूत्रधार महिला का पति अयूब, उसका बहनोई और भाई हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि आपसी रंजिश और निजी कारणों के चलते ससुराल पक्ष ने उनकी बेटी को नशा तस्करी जैसे गंभीर अपराध में फंसाने का षड्यंत्र रचा है। डीसी को सौंपी गई शिकायत में परिजनों ने स्पष्ट किया है कि बेटी का नशे के कारोबार से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। शिकायतकर्ता का कहना है कि मेरी बेटी को जानबूझकर बदनाम करने और हमारे परिवार को परेशान करने की नीयत से यह खेल खेला गया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि चरस को सोची-समझी योजना के तहत महिला की स्कूटी में रखवाया गया था, जिसकी भनक उसे नहीं थी।

पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मामले की तह तक जाने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष और गहनता से जांच की जाए, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने मांग की है कि साजिश रचने वाले असली गुनहगारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और निर्दोष महिला को न्याय मिल सके। इस नए खुलासे के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जिला प्रशासन और पुलिस इन गंभीर आरोपों को जांच में कैसे शामिल करती है। क्या पुलिस इस एंगल से जांच करेगी कि महिला को मोहरा बनाया गया था? फिलहाल मायके पक्ष के आरोपों ने मामले को एक नई दिशा दे दी है।

# सुरजीत भरमौरी को मिली चंबा कांग्रेस की कमान

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** चंबा जिला कांग्रेस कमेटी की कमान अब भरमौर विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता सुरजीत भरमौरी को सौंपी गई है। कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें चम्बा का नया जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ ही सुरजीत भरमौरी चम्बा कांग्रेस के अब तक के सबसे युवा जिला अध्यक्ष बन गए हैं। सुरजीत भरमौरी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का करीबी माना जाता है और संगठन में उनकी सक्रियता व जमीनी पकड़ को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी दी गई है। भरमौर विधानसभा क्षेत्र से वे पहली बार चम्बा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बने हैं, जिसे जनजातीय क्षेत्र के लिए बड़ी राजनीतिक उपलब्धि माना जा रहा है। उनकी नियुक्ति से जिला चम्बा में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यकर्ताओं में भी इस फैसले को लेकर उत्साह का माहौल है।



**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION HAMIRPUR DISTRICT HAMIRPUR (H.P)**

No./MCH/Tender/CW/Vol-21/2025-26

**NOTICE INVITING TENDERS**

Sealed item / percentage rate tenders for the following works are hereby invited by Commissioner, Municipal Corporation, Hamirpur from the appropriate eligible firms/individuals/contractors the tender can be had from the Office of MC Hamirpur dated 15.1.2026 upto 11:00 AM the tender must be submitted to the undersigned on or before dated 15.1.2026 upto 03:00 PM and the same shall be opened at 03:30 PM in the presence of firms/individuals/contractors or their authorized representative who will be present at the moment after depositing the earnest money and tender fees of Rs. 500/- for each work through cash in the Office of Municipal Corporation Hamirpur.

**General Condition**

1. If the opening day is holiday, the tenders shall be opened on next working day at the same time.
2. The firms/individuals/contractors have to carry out all the works under the guidance of ME/JE of the MC Hamirpur.
3. Firms/individuals/contractors must have registration with HPPWD/JSV/HIMUDA, PAN No, GST/TIN No and EPF number.
4. Commissioner, Municipal Corporation, Hamirpur reserves the right to reject/cancel any or all the Tenders or reject/modify any term and condition without assigning any reason.
5. Detailed Terms and Conditions and Estimate of the work and NIT can be seen in the office of Municipal Corporation Hamirpur on any working day within working hours.

| Sr. No. | Name of Work | Amount put to Tender | Earnest Money | Time Limit |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Channelization of Nallah and C/O Ambulance road from h/o Rakesh Timber towards h/o Simmu old MC Hamirpur in W. No. 03 & 04. Phase - 1 | 3,75,000/- | 7500/- | 2 Months |
| 2. | Channelization of Nallah and C/O Ambulance road from h/o Rakesh Timber towards h/o Simmu old MC Hamirpur in W. No. 03 & 04. Phase - 2 | 3,75,000/- | 7500/- | 2 Months |
| 3. | Channelization of Nallah and C/O Ambulance road from h/o Rakesh Timber towards h/o Simmu old MC Hamirpur in W. No. 03 & 04. Phase - 3 | 3,75,000/- | 7500/- | 2 Months |
| 4. | Channelization of Nallah and C/O Ambulance road from h/o Rakesh Timber towards h/o Simmu old MC Hamirpur in W. No. 03 & 04. Phase - 4 | 3,75,000/- | 7500/- | 2 Months |
| 5. | Channelization of Nallah and C/O Ambulance road in old MC Hamirpur W. No. 02 & 03 P7. | 3,70,000/- | 7400/- | 2 Months |
| 6. | Channelization of Nallah and C/O Ambulance road in old MC Hamirpur W. No. 02 & 03 P8. | 3,70,000/- | 7400/- | 2 Months |

**Commissioner,**
**Municipal Corporation Hamirpur, Distt. Hamirpur (HP)**

खातिरदारी जैसी चीज में मिठास जरूर है, पर उसका ढकोसला करने में न तो मिठास है और न स्वाद।
- शरतचंद्र

## संपादकीय

### अमेरिका-वेनेजुएला में तनाव

अमेरिका और वेनेजुएला के बीच वर्षों से राजनीतिक और आर्थिक तनाव चल रहा है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद यह तनाव और भी बढ़ गया। ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला पर लगातार दबाव बनाने की नीति अपनाई और अक्सर इस दक्षिण अमेरिकी देश को धमकाते रहे। अमेरिका ने वेनेजुएला की कई नावों पर हमले किए। इन हमलों में दो दर्जन से अधिक नावें निशाने पर आईं और 100 से 'ज्यादा लोगों की जान गई। अमेरिका का दावा है कि इन नावों पर मादक पदार्थ, जैसे कोकीन और फेंटेनाइल, तस्करी के लिए ले जाए जा रहे थे। दूसरी ओर, वेनेजुएला ने बार-बार कहा कि अमेरिका के पास उनके आरोपों का कोई ठोस सबूत नहीं है। इस मुद्दे को वेनेजुएला ने संयुक्त राष्ट्र में भी उठाया, लेकिन अमेरिका ने अभी तक इस बात का कोई ठोस प्रमाण पेश नहीं किया कि उनकी नौकाओं में अवैध ड्रग्स ले जाए जा रहे थे।

इस बीच, अमेरिका ने अपनी सैन्य ताकत का भी प्रदर्शन किया। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने अपनी सबसे आधुनिक और खतरनाक युद्धपोतों में से एक यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड, को कैरिबियाई सागर में तैनात किया। इसके अलावा, वेनेजुएला के आसपास 5,000 अमेरिकी सैनिक तैनात किए गए हैं और दक्षिण अमेरिका में कुल 15,000 अमेरिकी बलों को लगाया गया है। अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल उद्योग पर भी सीधे प्रतिबंध लगा दिए हैं। इस कारण, वेनेजुएला का तेल ले जाने वाले टैंकरों को अमेरिकी नौसेना ने जब्त करना शुरू कर दिया। अमेरिकी प्रशासन का यह भी दावा है कि वेनेजुएला की सरकार, विशेषकर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का प्रशासन, अमेरिका की ड्रग्स की तस्करी में शामिल है। इसे एक राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति बताया गया और इसी बहाने से ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला को निशाना बनाया। इस संघर्ष का एक बड़ा असर नागरिकों पर भी पड़ा। मादुरो के शासन में लाखों वेनेजुएला नागरिक अपनी जिंदगी बचाने और बेहतर अवसर की तलाश में अमेरिका की ओर पलायन करने लगे। अमेरिका में वेनेजुएला प्रवासियों की संख्या बढ़ गई, जिससे वहां प्रवासी संकट और जटिल हो गया। इस प्रवासन का सिलसिला 2013 से शुरू हुआ था, जब आर्थिक और सामाजिक संकट के चलते लाखों लोग देश छोड़कर भागने लगे।

दूसरी ओर, वेनेजुएला का आरोप है कि अमेरिका ड्रग्स के दावे को सर्फ एक बहाने के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। उनका कहना है कि अमेरिका का असली उद्देश्य वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन करना और देश की विशाल तेल संपत्ति पर नियंत्रण पाना है। कानूनी विशेषज्ञ भी इस मामले में चिंतित हैं। उनका कहना है कि अंतरराष्ट्रीय महासागरों में जहाजों पर हमला करना अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों के खिलाफ है। बिना किसी ठोस प्रमाण के नावों पर हमले करना, उनके अनुसार, न्याय की सीमा पार कर हत्याओं जैसी स्थिति बनाता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार विशेषज्ञों ने भी इस आंशिक नौसैनिक नाकाबंदी की आलोचना की है और इसे वेनेजुएला के खिलाफ अवैध सशस्त्र आक्रामकता बताया है।

अमेरिका और वेनेजुएला के विवाद की जड़ लंबे समय से तेल रही है। वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है, जो देश को आर्थिक रूप से बेहद समृद्ध बना सकता है। इसके अलावा, वेनेजुएला में सोने और प्राकृतिक गैस के भी बड़े भंडार हैं। 1990 के दशक तक वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था खुली थी और अमेरिकी कंपनियों को इसमें बड़ी भूमिका थी, लेकिन दोनों देशों के रिश्तों में पहली गंभीर दरार 1999 में आई, जब वेनेजुएला में वामपंथी नेता ह्यूगो शावेज सत्ता में आए। शावेज ने गरीबी और सामाजिक असमानता को चुनावी मुद्दा बनाकर देश की जनता का समर्थन पाया। सत्ता में आने के बाद उन्होंने वेनेजुएला के तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण किया और इसका लाभ देशवासियों के लिए इस्तेमाल करने का वादा किया। इसका परिणाम यह हुआ कि अमेरिकी कंपनियों की वेनेजुएला में भूमिका धीरे-धीरे घट गई। ■

# कैंडल मरने के बाद नहीं, जिंदा रहते हुए जलनी चाहिए





मधु ठाकुर
व्यावसायिक प्रशिक्षिका तथा पूर्व प्रबंध निदेशक सनग्लोरियस ब्यूटी सैलून, बिलासपुर

आज का समय अभिव्यक्तियों का समय है। सोशल मीडिया ने हमें बोलने का मंच दिया है, अपनी संवेदनाएं दिखाने का अवसर दिया है। जब भी किसी की असामयिक मृत्यु होती है- चाहे वह आत्महत्या हो, दुर्घटना हो या किसी अन्याय का परिणाम तो फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम जैसे माध्यमों पर एक ही आवाज गूंजने लगती है: 'न्याय दिलाओ', 'आवाज उठाओ', 'कैंडल मार्च करो'।

प्रोफाइल फोटो बदल जाती है, भावुक पोस्ट लिखी जाती हैं, मोमबत्तियां जलाई जाती हैं। कुछ देर के लिए लगता है मानो पूरा समाज पीड़ित के साथ खड़ा है, लेकिन यहीं से एक असहज प्रश्न जन्म लेता है कि जब वह व्यक्ति जीवित था, जब वह अन्याय, अपमान, उत्पीड़न या पीड़ा से गुजर रहा था, तब यह समाज कहां था?

तब क्यों नहीं किसी ने उसकी पीठ थपथपाई, उसे हिम्मत दी, उसके लिए आवाज उठाई? मरने के बाद कैंडल जलाना आसान है, लेकिन जिंदा रहते हुए किसी के साथ खड़े होना कठिन क्यों लगता है? सच यह है कि मरने के बाद न्याय की मांग करना आसान होता है। उसमें न कोई जोखिम होता है, न कोई व्यक्तिगत जिम्मेदारी। कोई जवाबदेही नहीं, कोई खतरा नहीं। सोशल मीडिया पर दो-चार पंक्तियां लिख देना, एक तस्वीर साझा कर देना या किसी हैशटैग के साथ पोस्ट डाल देना हमें क्षणिक रूप से 'अच्छा इंसान' होने का एहसास करा देता है। यह एक तरह की आत्मसंतुष्टि है-हमने अपनी संवेदना दिखा दी, अब हमारा दायित्व पूरा हुआ, पर क्या सच में दायित्व पूरा हो जाता है? हकीकत यह है कि जीते-जी किसी के साथ खड़े होना साहस मांगता है। उसमें डर होता है- समाज क्या कहेगा?

कहीं हम फंस न जाएं? कहीं हमारा नाम खराब न हो जाए? कहीं हमें ही नुकसान न उठाना पड़े? इन्हीं आशंकाओं के कारण जब हमारे आस-पास किसी के साथ अन्याय होता है, तो हम अक्सर खुद को तर्कों के पीछे छिपा लेते हैं। हम कहते हैं-'यह हमारा मामला नहीं है।' 'हम क्या ही कर लेंगे?' 'कहीं उल्टा हमें ही परेशानी न हो जाए।' ये वाक्य सुनने में साधारण लगते हैं, लेकिन यही सोच धीरे-धीरे किसी व्यक्ति को पूरी तरह अकेला कर देती है। जब कोई बार-बार अपमानित होता है, शोषण सहता है, मानसिक दबाव में रहता है और उसे लगता है कि उसके आस-पास कोई नहीं है, तो उसका आत्मविश्वास टूटने लगता है। वह खुद को दोषी मानने लगता है। उसे लगता है कि शायद उसकी पीड़ा किसी को दिखती ही नहीं, या वह मदद के लायक ही नहीं है। और यही अकेलापन कई बार उसे टूटने पर मजबूर कर देता है। कई बार वह चुपचाप सहते-सहते एक ऐसा कदम उठा लेता है, जिसके बाद समाज शोर मचाता है-न्याय का, संवेदना का, बदलाव का।

पर तब बहुत देर हो चुकी होती है। यदि सच कहा जाए तो कैंडल मरने के बाद नहीं, जिंदा रहते हुए मन में जलनी चाहिए। न्याय का शोर मौत के बाद नहीं, अन्याय के समय उठना चाहिए। हमें यह समझने की जरूरत है कि किसी को बचाने के लिए हमेशा बड़ी क्रांति की आवश्यकता नहीं होती। हर बार सड़क पर उतरना, आंदोलन करना या बड़े मंच की जरूरत नहीं होती। कई बार सिर्फ इतना कहना ही काफी होता है-'मैं तुम्हारे साथ हूं।' यह एक वाक्य किसी टूटते हुए इंसान के लिए संजीवनी बन सकता है।

यह उसे यह एहसास दिला सकता है कि वह अकेला नहीं है कि उसकी पीड़ा वास्तविक है, कि कोई उसे देख रहा है, समझ रहा है। संवेदनशीलता केवल शब्दों में नहीं, व्यवहार में झलकनी चाहिए। अगर समाज को सच में बदलना है, तो हमें अपनी सुविधाजनक चुप्पी छोड़नी होगी। हमें यह स्वीकार करना होगा कि अन्याय के खिलाफ खड़ा होना कभी-कभी असहज होता है, जोखिम भरा होता है, लेकिन यही जोखिम मानवता की असली परीक्षा है।

हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि मदद का असली हकदार वह इंसान होता है जो आज भी सांस ले रहा होता है, न कि वह जिसकी मौत पर हम मोमबत्तियां जलाते हैं। मृत्यु के बाद दिया गया न्याय का नारा किसी की पीड़ा को कम नहीं कर सकता, न छीनी गई जिंदगी लौटा सकता है और न ही उस परिवार के भीतर पसरे सन्नाटे को भर सकता है।

यह स्थिति हमारे समाज के लिए एक कठोर आईना है, जिसमें हमें खुद को देखने की जरूरत है। जब हमारे सामने कोई बच्चा, महिला या कोई भी व्यक्ति रैगिंग, हिंसा या अपमान का शिकार हो, तब सवाल सिर्फ सिस्टम से नहीं बल्कि हम सब से भी है। क्या हम डर, सुविधा और सामाजिक दबाव के चलते चुप्पी साध लेंगे, या फिर इंसानियत के पक्ष में खड़े होने का साहस दिखाएंगे?

अक्सर एक आवाज, एक समर्थन, एक समय पर लिया गया फैसला किसी जीवन को अंधेरे में जाने से बचा सकता है। अगर एक भी व्यक्ति समय रहते जाग जाए, पीड़ित का हाथ थाम ले, तो शायद किसी घर में शोक की मोमबत्ती जलाने की जरूरत ही न पड़े। यही सच्चा न्याय है, और यही असली मानवता की पहचान है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

# श्री श्री परमहंस योगानन्द- ईश्वर को समर्पित एक जीवन




लेखिका : रेणु सिंह परमार

यदि मैं आपसे नहीं मिलता हूं, तो याद रखिए कि मैं आपके लिए किसी अन्य स्थान पर कार्यरत हूं। मेरा आपसे सदा मिलते रहना ही आपकी सहायता करेगा यह आवश्यक नहीं है। आपको नियमित गहरा ध्यान करने से अधिक लाभ होगा। मैं यहां आपकी केवल इस जीवन में सहायता करने नहीं, बल्कि इसके उपरांत भी सहायता करने के लिए आया हूं।

आज, श्री श्री परमहंस योगानन्दजी के आविर्भाव दिवस पर उनके ये शब्द हमें यह आश्वासन प्रदान करते हैं कि गुरु और शिष्य के बीच सच्चा संबंध गहन ध्यान, विश्वास और दैवीय कृपा से निरंतर बना रहता है, जो शारीरिक उपस्थिति और यहां तक कि इस पार्थिव जीवन से भी परे है। योगानन्दजी का जन्म 5 जनवरी, 1893 को भारत में गोरखपुर में हुआ था। उनके माता-पिता, भगवती चरण घोष और ज्ञान प्रभा घोष, आध्यात्मिक रूप से समर्पित थे। योगानन्दजी बचपन से ही प्रार्थना और ध्यान में रूचि रखते थे, और उन्हें गहन आंतरिक अवस्थाओं का अनुभव होता था, जिनमें दिव्य प्रकाश के दर्शन भी सम्मिलित थे। बाद में उन्होंने अपनी पुस्तक योगी कथामृत (Autobiography of Yogi) में अपने अनुभवों के उन क्षणों का वर्णन किया है, जिनके कारण उनके मन में प्रत्येक अन्य वस्तु की तुलना में सर्वोपरि ईश्वर की खोज करने का स्थायी दृढ़ संकल्प उत्पन्न हुआ।

जैसे-जैसे वे बड़े होते गए, उनकी यह लालसा ईश्वर को प्राप्त करने की एक गहन खोज में परिवर्तित होती गई। इस विश्वास के साथ कि महान संत हिमालय में निवास करते हैं और उनके आध्यात्मिक साक्षात्कार में उनका मार्गदर्शन कर सकते हैं, मुकुंद ने अपनी किशोरावस्था में ही अनेक बार हिमालय की यात्रा करने का दृढ़ संकल्प किया और असफल प्रयास भी किए। यद्यपि बाह्य रूप से ये यात्राएं सफल नहीं हुईं, उन्होंने उनके विश्वास और संकल्प को दृढ़ किया।

सन् 1910 में, सत्रह वर्ष की आयु में, उनकी प्रार्थना साकार हुई जब वे ईश्वर द्वारा नियुक्त अपने गुरुदेव स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी से मिले। उनके कठोर परंतु प्रेमपूर्ण मार्गदर्शन में, मुकुंद ने अनेक वर्षों तक कठिन आध्यात्मिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। आज्ञापालन, ध्यान, और समर्पण के माध्यम से, उन्हें उनके जीवन के लक्ष्य के लिए तैयार किया गया। बाद में, उन्होंने संन्यास ग्रहण किया और परमहंस योगानन्द नाम अपनाया, जो ईश्वर के साथ एकत्व से प्राप्त होने वाले सर्वोच्च आनंद को दर्शाता है।

योगानन्दजी ने हमें यह शिक्षा प्रदान की है कि मनुष्य के सभी प्रयास यथार्थ में ईश्वर की खोज ही हैं। उन्होंने कहा है कि, 'मानव जाति 'कुछ और' की निरंतर खोज में व्यस्त है, जिससे उसे आशा है कि संपूर्ण एवं असीम सुख मिल जाएगा। उन विशिष्ट आत्माओं के लिए जिन्होंने ईश्वर की खोज की और उन्हें प्राप्त कर लिया है, यह खोज समाप्त हो चुकी है : ईश्वर ही वह 'कुछ और' हैं। सन् 1917 में, श्री श्री परमहंस योगानन्द ने वैज्ञानिक ध्यान के अभ्यास और संतुलित आध्यात्मिक जीवन की शिक्षाओं का प्रसार करने के लिए रांची में योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) की स्थापना की। सन् 1920 में, उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा की और लॉस एंजेलिस में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) की स्थापना की। इन दोनों संस्थाओं के माध्यम से उन्होंने व्याख्यानों, केंद्रों और गृह-अध्ययन पाठ्यक्रमों के जरिए संपूर्ण विश्व में क्रियायोग और ध्यान की शक्तिशाली शिक्षाओं का प्रचार किया। तीस से अधिक वर्षों तक, योगानन्दजी ने पश्चिम में अथक रूप से शिक्षा प्रदान की और ईश्वर के प्रति भक्ति, नियमित ध्यान और सभी सच्चे धर्मों की एकता पर बल दिया।

उन्होंने साधकों को केवल ईश्वर में विश्वास करने के बजाय ईश्वर का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ योगी कथामृत ने लाखों हृदयों को स्पर्श किया है और आज भी अनगिनत आत्माओं को ईश्वर -साक्षात्कार के मार्ग की ओर आकर्षित करता है। अन्य प्रमुख रचनाएं जैसे ईश्वर-अर्जुन संवाद—श्रीमद्भगवद्गीता और द सेकंड कमिंग ऑफ क्राइस्ट पूर्व और पश्चिमी आध्यात्मिक परंपराओं द्वारा साझा किए गए सार्वभौमिक सत्यों को उजागर करती हैं। योगानन्दजी के आविर्भाव दिवस पर उनके सच्चे साधक उनकी उपस्थिति का अनुभव करते हैं और भक्ति, अनुशासन तथा ईश्वर की कृपा के माध्यम से सच्चे सुख की प्राप्ति का आश्वासन पाते हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारतीय महिला निशानेबाज

अपूर्वी चंदेला राजस्थान के जयपुर की भारतीय महिला निशानेबाज हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने 2012 की राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में दिल्ली में स्वर्ण पदक जीता। 2014 में नीदरलैंड की इंटरशूट चैंपियनशिप में दो व्यक्तिगत और दो टीम पदक, और उसी साल ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीता।



अपूर्वी चंदेला
जन्म : 4 जनवरी, 1993

अपूर्वी ने 2016 में रियो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया और चांगवोन विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। उनके योगदान को देखते हुए उन्हें 2016 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अपूर्वी खेल पत्रकार बनना चाहती थीं, लेकिन 2008 बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा के गोल्ड ने उन्हें शूटर बनने के लिए प्रेरित किया। उनके पिता ने घर के पीछे एक शूटिंग रेंज बनवाकर उनके प्रशिक्षण में कोई कसर नहीं छोड़ी। 2019 में अपूर्वी ने 10 मीटर एयर राइफल में दिल्ली में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में 252.9 अंक बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने म्यूनिख वर्ल्ड कप में भी स्वर्ण पदक हासिल किया और वर्ल्ड नंबर वन का खिताब अपने नाम किया। शांत स्वभाव और मानसिक मजबूती की वजह से अपूर्वी चंदेला भारतीय शूटिंग में आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं। ■

## कविता

### मेरा देश महान



वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन
लोअर अरनियाला, ऊना

मेरा देश महान कहां, अराजकता व्याप्त यहां
सोने की चिड़िया था कहलाता, अब बेईमानी भ्रष्टाचार लूटपाट ने
सोने की चिड़िया के पंख नोच-खसोट
मुर्दा सा उसे बनाकर दूर भगा दिया
महंगाई का दौर चल पड़ा यहां, फिर कैसे कहते हो मेरा देश महान
सरमायेदार हैं इसे लूट रहे, यह कैसा शासक है आया
तानाशाह का दौर लाया, सिख हिंदू-मुस्लिम ईसाई
आपस में थे भाई-भाई, अब फूट डालो राज करो का
प्रयास, कैसे कहते हो मेरा देश महान
कभी लोकतंत्र खतरे का नारा, कभी पंथ खतरे का चारों ओर शोर
राजनेता नेतागीरी हैं चमका रहे, शरद ऋतु है आई पर किसे यह सुहाई
देश का अन्नदाता किसान, आंदोलन करने को मजबूर
कैसे कह दूं मेरा भारत महान, प्रतिक्षण हत्या
आत्मघात का आलम यहां, पैदा हो गए दरिंदे, बलात्कारी कैसे यहां
बच्चियों भी अब यहां सुरक्षित कहां, जनता के चुने नुमाइंदों
क्यों आंखों पर पट्टी है बांधी, देश शर्मसार है हो रहा
कुछ तो तुम गौर करो, संभल जाओ होश में आओ
भविष्य उज्जवल है कहां अब, अतीत कितना सुहाना था
पर वर्तमान की भयावह तस्वीर यही है दर्शा रही
सब अच्छा नहीं है यहां, फिर कैसे कह दूं, मेरा देश महान

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री
*editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और निर्णायक आर्थिक नीतियां

प्रोफेसर डॉ. सिकंदर कुमार
राज्यसभा सांसद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने आर्थिक विकास और संरचनात्मक सुधारों के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा है। इस अवधि में देश ने इंटरनेट कनेक्टिविटी, आधारभूत ढांचे, औद्योगिक निवेश और डिजिटल भुगतान जैसी प्रमुख आर्थिक धुरियों पर उल्लेखनीय प्रगति की है।

आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर खड़ा है। यह उपलब्धि दूरदर्शी नीतियों, निर्णायक नेतृत्व और समावेशी विकास मॉडल का प्रतिफल है। ढांचागत विकास मोदी युग की सबसे बड़ी पहचान बनकर उभरा है।

रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, रोपवे और दूरसंचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है, जिसका सीधा लाभ हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्यों को मिला है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद अब कनेक्टिविटी विकास की बाधा नहीं रही, बल्कि आर्थिक गति का माध्यम बन गई है। इसका सबसे सशक्त उदाहरण मनाली को लाहौल से जोड़ने वाली विश्व की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग अटल टनल है। इस सुरंग ने शीत मरुस्थल के रूप में प्रसिद्ध लाहौल घाटी की तस्वीर ही बदल दी है। जहां पहले यह क्षेत्र वर्ष में कुछ ही महीनों के लिए सुलभ था, वहीं अब सालभर पर्यटन सीजन बना रहता है। औसतन एक लाख पर्यटक प्रतिमाह इस सुरंग से गुजरते हैं, जिससे लाहौल की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। यह सुरंग न केवल पर्यटन और स्थानीय व्यापार के लिए आर्थिक उत्प्रेरक सिद्ध हुई है, बल्कि लद्दाख के लिए वैकल्पिक सैन्य संपर्क मार्ग उपलब्ध कराकर सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण बन गई है।

सीमा सड़क संगठन द्वारा लगभग 3200 करोड़ रुपए की लागत से वर्ष 2020 में निर्मित इस सुरंग ने मनाली-केलोंग की दूरी 116 किलोमीटर से घटाकर 71 किलोमीटर कर दी है, जबकि मनाली-लेह मार्ग 46 किलोमीटर छोटा हो गया है। 10,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित विश्व की सबसे लंबी सुरंग के रूप में इसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी स्थान प्राप्त हुआ है। अत्याधुनिक वेंटिलेशन, आपातकालीन निकासी, अग्नि नियंत्रण और निरंतर वायु गुणवत्ता निगरानी जैसी सुरक्षा प्रणालियां इसे इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बनाती हैं। दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में आवागमन को और सुगम बनाने के लिए पर्वतमाला रोपवे कार्यक्रम एक महत्वाकांक्षी पहल है। इसके तहत आगामी पांच वर्षों में देशभर में 1200 किलोमीटर लंबी 250 से अधिक रोपवे परियोजनाओं का विकास किया जाएगा।

हिमाचल में पर्यावरण-अनुकूल और विश्वस्तरीय तकनीक से प्रस्तावित रोपवे परियोजनाएं राज्य के पर्वतीय विकास का नया मॉडल प्रस्तुत करती हैं। 57.1 किलोमीटर लंबी सात रोपवे परियोजनाओं पर लगभग 3232 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। ये परियोजनाएं दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाएंगी, पर्यटन को बढ़ावा देंगी और स्थानीय रोजगार सृजन में योगदान करेंगी। प्रमुख परियोजनाओं में पालमपुर-थात्री-छुंजा ग्लेशियर, शिरगुल महादेव-चूड़धार, बिजली महादेव, भरमौर-भरमानी माता और किल्लाड़-साच दर्रा शामिल हैं।

डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में मोदी सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच की खाई को कम किया है। वर्ष 2015 से 2021 के बीच ग्रामीण इंटरनेट उपयोग में 200 प्रतिशत वृद्धि हुई और 2024 तक लगभग 95 प्रतिशत गांव इंटरनेट से जुड़े हैं। भारतनेट परियोजना ने 2.13 लाख ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा, जिससे डिजिटल भुगतान, ई-गवर्नेंस और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा मिला।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा और जन-धन योजनाओं ने ग्रामीण, कारीगर और महिलाओं को वित्तीय और कौशल सशक्तिकरण के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान की है। इन पहलुओं से मोदी युग में हिमाचल प्रदेश में समावेशी और सतत विकास को नई दिशा मिली है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धुंध और बेसहारा पशु : हिमाचल में सड़क दुर्घटनाओं को खुला न्योता





धर्म चंद धीमान
स्वतंत्र लेखक बल्हाड़ा

आजकल हर दिन समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, टीवी चैनलों और सोशल मीडिया पर सड़क दुर्घटनाओं की खबरें पढ़ने और सुनने को मिल रही हैं, जिनके पीछे धुंध और बेसहारा पशुओं को मुख्य कारण माना जा रहा है।

समूचे उत्तरी भारत में ये हालत देखने को मिल रहे हैं। पहाड़ी राज्य हिमाचल की बात करें तो यहां की सड़कें संकरी हैं और शहरों, बाजारों में वाहनों की भीड़ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। सर्दी के मौसम में यहां पर अधिकांश हिस्सों में कोहरा और धुंध का होना आम बात है। धुंध इतनी सघन होती है कि दृश्यता बिलकुल कम हो जाती है। वाहन चालकों को सफर करना एक बहुत बड़ी चुनौती बन जाता है और फिर ऐसी मौसम जन्य परिस्थितियों में दुर्घटना होना लगभग निश्चित तब हो जाता है जब सड़कों पर घूमते हुए बेसहारा पशु बीच में आ जाते हैं। इनमें मुख्य रूप से गाय और बैल देखने को मिलते हैं। सघन धुंध में स्पष्ट रूप से दिख नहीं पाता है और वाहन अचानक से सड़कों पर मौजूद पशुओं से टकरा जाता है। पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में लगभग 35,000 बेसहारा पशुओं को सड़कों पर घूमते पाया गया था। प्रदेश में लगभग 260 गौशालाएं मौजूद हैं और असंख्य पशुओं को आश्रय दिया गया है, जहां उन्हें आश्रय, चारा और देखभाल की जाती है लेकिन हैरानी की बात यह है कि इतनी गौशालाएं या गोसदन होने के बावजूद अनगिनत पशुओं को सड़कों पर देखा जा रहा है। यह चिंता और चिंतन का विषय है कि इतने पशु मारे जा रहे हैं। पशुओं से गोसदनों में भी भेजे जा रहे हैं, फिर भी यह संख्या कम नहीं हो रही है। आखिर ये पशु आ कहां से रहे हैं। शहरों और बाजारों से ज्यादा खराब स्थिति गांवों की है, जहां पर हर गली, गांव की सड़कों और रास्तों के आसपास इन पशुओं से लोग खौफजदा हैं। ये पशु खुले में घूमने से, आराम से रहकर और खेतों की फसलों को उजाड़कर कुछ तो शारीरिक रूप से इतने बलिष्ठ हो गए हैं कि लोगों पर हमला करने में भी नहीं चूकते। बहुत ज्यादा लोग इनके शिकार हो चुके हैं और अपने जीवन से हाथ धो बैठे हैं।

सरकार द्वारा समय-समय पर इसे नियंत्रित करने के लिए कई योजनाओं को लागू किया गया है। गोपाल योजना के तहत अब प्रत्येक बेसहारा पशु को प्रति माह 1200 रुपए चारा भत्ता दिया जाता है, जो पहले 700 रुपए था। नई गौशालाओं के निर्माण और पुरानी गौशालाओं की मरम्मत के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। नई गौशाला के लिए अधिकतम 10 लाख रुपए या कुल लागत का 50 प्रतिशत और पुरानी गौशालाओं के लिए 5 लाख रुपए या 50 प्रतिशत लागत तक मदद दी जाती है।

बेसहारा पशुओं की पहचान और ट्रैकिंग के लिए टैगिंग प्रणाली लागू की गई है, जिससे किसी भी घूमते पशु को आसानी से गौशाला में लाया जा सके। सरकार ने इसके लिए मोबाइल ऐप और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1100 भी शुरू किया है, ताकि नागरिक किसी भी पशु की स्थिति तुरंत रिपोर्ट कर सकें। सड़कों पर धुंध और अन्य कारणों से होने वाले हादसों को रोकने के लिए अग्रिम चेतावनी वाले संकेत बोर्ड लगाए जाने, बैरिकेटिंग और पशु मित्रों की मदद से पशुओं को मुख्य मार्गों से दूर रखने जैसे उपाय किए जा रहे हैं। इसके बावजूद दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। समाधान के लिए प्रशासन और जनता के बीच बेहतर तालमेल, समय पर कार्रवाई और जागरूकता बेहद आवश्यक है। लोगों को अपने आस-पास ऐसे व्यक्ति या घटनाओं की सूचना प्रशासन को देनी चाहिए। जब तक राष्ट्रीय चरित्र और जिम्मेदारी की भावना नहीं होगी, हिमाचल की सड़कों को सुरक्षित बनाना मुश्किल रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# अवैध खनन व डंपिंग का अड्डा बना धर्मपुर

## पूर्व जिला पार्षद बोले- विधायक के घर के समीप तनेहड़ और स्क्रेणी खड्डों से दिन-रात हो रहा अवैध खनन

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान


धर्मपुर क्षेत्र में खड्डों के किनारे अवैध डंपिंग और खनन के दृश्य।

**सरकाघाट।** धर्मपुर क्षेत्र में पहले अवैध लकड़ी कटान और अब अवैध खनन व मलबा डंपिंग को लेकर स्थानीय विधायक चंद्रशेखर पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि निर्माण कंपनियों और ठेकेदारों के साथ मिलीभगत कर खड्डों से करोड़ों रुपए का रेत, बजरी और बोल्डर उठवाया जा रहा है, जबकि एनएच और स्टेट हाईवे निर्माण से निकलने वाला मलबा नियमों को ताक पर रखकर नालों, खड्डों, वन भूमि और रिहायशी इलाकों के आसपास फेंका जा रहा है।

आरोप है कि 'खाओ पियो मौज करो मित्रो' जैसी कथित नीति के तहत निर्माण कंपनियों को खुली छूट दी गई है। विधायक के घर के समीप तनेहड़ और स्क्रेणी खड्डों से दिन-रात अवैध खनन जारी है, जिस पर जनता खुलेआम सवाल उठा रही है। भूपेंद्र सिंह का कहना है कि जब अवैध डंपिंग रोकने के लिए कंपनी प्रबंधन से बात की जाती है तो ठेकेदार विधायक का नाम लेकर बचने की कोशिश करते हैं।

सूत्रों के हवाले से यह भी आरोप लगाया गया है कि वन विभाग के कुछ अधिकारी कथित रूप से रिश्वत लेकर इन गतिविधियों को नजरअंदाज कर रहे हैं और शिकायतों को दबाने के लिए लोगों से लिखित में आवेदन मांगते हैं। सवाल यह है कि जब यह सब प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की आंखों के सामने हो रहा है, तो अब तक कोई ठोस कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

भूपेंद्र ने बताया कि हिमाचल किसान सभा के बैनर तले वे पिछले दो वर्षों से इस मुद्दे को उठा रहे हैं और बरसात से पहले कई धरने भी दिए गए, लेकिन सरकार और प्रशासन कार्रवाई के बजाय जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर डाल रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार निर्माण कंपनी को मलबा केवल निर्धारित डंपिंग साइट्स पर ही डालना होता है।

उन्होंने याद दिलाया कि पिछली बरसात में बनाल, चलाल, बनेहड़डी, शिवदवाला, शनिमंदिर लौंगनी, हुक्कल और पाड़छु जैसे इलाकों में अवैध मलबा डंपिंग से भारी तबाही हुई थी और अब फिर वही स्थिति दोहराई जा रही है। धर्मपुर से बहरी मार्ग पर हाजरी क्रशर के आसपास भी कटिंग का मलबा खड्ड में डाला जा रहा है, जहां से विधायक रोज गुजरते हैं। भूपेंद्र सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि लकड़ी के अवैध कारोबार के विफल होने के बाद अब पसंदीदा ठेकेदारों के जरिए अवैध खनन कराया जा रहा है और तनेहड़ व स्क्रेणी खड्डों से उठाई गई सामग्री सीधे एनएच निर्माण कंपनी को सप्लाई हो रही है। उन्होंने कहा कि नवंबर में प्रस्तावित उच्चस्तरीय स्पॉट इंस्पेक्शन और एसडीएम स्तर की बैठक आज तक नहीं हो पाई, जो प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। कुल मिलाकर धर्मपुर में व्यवस्था चरमरा गई है और जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

### विधायक ने नकारे आरोप

**इस** बारे में धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने आरोप को सिरे से नकारा और कहा कि इस बारे में संबंधित कंपनी और विभाग से बात की जाए।

> **धर्मपुर** में हाईवे निर्माण कंपनी द्वारा जो खड्ड किनारे भारी डंपिंग की जा रही है इस बारे में मुझे कुछ भी मालूम नहीं है। मैं मंडी में मीटिंग में हूं अभी साइट पर तहसीलदार को भेज कर रिपोर्ट मंगवाता हूं। उसके बाद ही कुछ कह सकता हूं।
>
> **-जोगिंद्र पटियाल, एसडीएम धर्मपुर।**

> **कंपनी** द्वारा जो भी डंपिंग की गई है वह 5 बीघा किसी की निजी भूमि में की गई है इसके अलावा कंपनी ने जहां अवैध डंपिंग की थी उसकी डैमेज रिपोर्ट काट दी गई है।
>
> **-पवन शर्मा, रेंज ऑफिसर धर्मपुर बीट।**

# मंडी में 24,561 पेंशन के मामले स्वीकृत: चंद्रशेखर

## जिले में 1,39,100 लाभार्थियों को 117 करोड़ रुपए से अधिक की पेंशन जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी


जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधायक चंद्रशेखर।

मंडी जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 24,561 नए मामले दिसंबर 2025 तक स्वीकृत किए गए हैं। यह जानकारी धर्मपुर से विधायक एवं जिला कल्याण समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि प्रदेश सरकार वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना सहित अनेक नवीन योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष योग्यता वाले व्यक्ति और वरिष्ठ नागरिकों का आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान सुनिश्चित किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में मंडी जिला को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत कुल 123 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जिसमें अब तक 1,39,100 पात्र लाभार्थियों को लगभग 117 करोड़ 43 लाख रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। इसमें वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग राहत भत्ता, कुष्ठ रोगी पुनर्वास भत्ता और ट्रांसजेंडर लाभार्थी शामिल हैं।

इस वर्ष मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना के तहत 69 लाख रुपए और स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत लगभग 52 लाख रुपए लाभार्थियों को वितरित किए गए हैं। साथ ही अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति और राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत भी करोड़ों की राशि वितरित की गई है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि अब पेंशन योजना में ऑनलाइन आवेदन की सुविधा लोकमित्र केंद्र और हिम एक्सेस पोर्टल पर उपलब्ध है। सभी पेंशनधारकों की ई-केवाईसी निकटतम आंगनबाड़ी केंद्रों से करवाई जा सकती है। बैठक में उपायुक्त अपूर्व देवगन, जिला कल्याण अधिकारी समीर, नगर निगम मंडी के महापौर विरेंद्र भट्ट शर्मा, सभी उपमंडलाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### नाकाबंदी के दौरान 515 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना धर्मपुर द्वारा आबकारी गश्त एवं नाकाबंदी के दौरान बीआरएन प्लांट, लौंगणी के समीप वाहनों की नियमित चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक वाहन की तलाशी लेने पर चालक आनंद सिंह उर्फ बंटी, निवासी तहसील धर्मपुर, जिला मंडी के कब्जे से 515 ग्राम चरस बरामद की गई। बरामदगी के उपरांत आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना धर्मपुर में धारा 20 ह्ष्ठ|क्स्र ष्ह्ल के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा मादक पदार्थ की आपूर्ति से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी, जिला मंडी द्वारा की गई है।

### किशन बुशैहरी को एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड

**अनंत ज्ञान, महादेव।** राजधानी शिमला में हाल ही में आयोजित एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी तथा विशेष अतिथि हिमाचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह रहे। इस अवसर पर प्रदेशभर से सौ से अधिक शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों को सम्मान प्रदान किया गया। इस समारोह में मंडी जिला के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंगरोटू के प्रधानाचार्य किशन बुशैहरी को एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। किशन बुशैहरी एक संवेदनशील शिक्षाविद होने के साथ-साथ स्तंभ लेखक भी हैं, जिनके लेख देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों व पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं। वे समाजसेवा में भी सक्रिय रहते हैं और जरूरतमंद बच्चों की सहायता करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत से सफलता पाने का संदेश दिया।

### दुर्गम घाटी में एंबुलेंस की सुविधा की मांग

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी के सातों पंचायतों – बड़ाग्रां, कोठी कोहड़, धरमान, मुल्थान, लोआई, स्वाड़ और पोलिंग में वर्षों से स्थानीय लोग एम्बुलेंस की सुविधा की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन ने इसे अब तक लागू नहीं किया। घाटी वासियों की इस गंभीर जरूरत को ध्यान में रखते हुए ब्लड टाइगर बैजनाथ महाकाल समाजसेवी संस्था ने फैसला किया है कि दस जनवरी के बाद घाटी को एक एम्बुलेंस प्रदान की जाएगी। यह एम्बुलेंस मेला कमेटी शिवनगर, मुल्थान को समर्पित की जाएगी। संस्था के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा और सचिव राजीव धलारिया ने बताया कि इससे पहले संस्था ने बैजनाथ क्षेत्र को भी एम्बुलेंस प्रदान की थी, जिससे स्थानीय लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है।

### छोटी झरवाड़ में खुले उपडाकघर की शाखा

**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी की खलैहल पंचायत के लोगों ने छोटी झरवाड़ में उपडाकघर बरोट की शाखा खोलने की मांग को फिर से जोरदार तरीके से उठाया है। पंचायत प्रधान भागमल और मियोट, खलैहल, छोटी झरवाड़, बड़ी झरवाड़ के ग्रामीणों ने बताया कि विधवा, वृद्ध और दिव्यांग पेंशन धारकों को पेंशन प्राप्त करने के लिए 6-9 किलोमीटर दूर बरोट जाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरोट उपडाकघर में लंबी भीड़ होने के कारण वृद्ध लाभार्थियों को कई बार इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने विधायक पूर्ण चंद ठाकुर और डाक विभाग से आग्रह किया है कि खलैहल पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर उपडाकघर की शाखा स्थापित की जाए। विधायक ने कहा कि इस मांग को मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष रखा जाएगा और समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### हिमखंड त्रैमासिक के 86वें अंक का विमोचन



**भीम बसेडू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह सुंदरनगर परिसर में राष्ट्रीय त्रैमासिक हिंदी पत्रिका हिमखंड के 86वें अंक का लेखकों द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर पत्रिका के संपादक डॉ. पी. सी. कौंडल ने बताया कि हिमखंड पत्रिका पिछले 21 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रही है और देश-विदेश के लेखक इसमें अपनी रचनाएं प्रकाशन के लिए भेजते हैं। विमोचन समारोह के उपरांत आयोजित कवि गोष्ठी में हास्य रस के साथ-साथ सामाजिक और समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली कविताएं प्रस्तुत की गईं। गोष्ठी में हिंसक जानवरों की समस्या, आवारा पशु, सामाजिक व्यवहार, ऋतु सौंदर्य और वर्तमान परिस्थितियों को रेखांकित किया गया। कवियित्री प्रोमिला सहित सुमन कुमार, प्रिंस, सुरेंद्र मिश्रा, रतनलाल शर्मा, कृष्ण चंद्र महादेविया, बी.एस. चौहान, पी.सी. कौंडल, आदित्य और राहुल ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

### मझाण स्कूल में शिक्षा संवाद संपन्न

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोहः राजकीय प्राथमिक पाठशाला मझाण में प्रारंभिक बाल्यकाल देखभाल एवं शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान श्रीमती गोयला देवी ने की। कार्यक्रम में प्री-प्राइमरी और प्राइमरी स्तर के छात्रों ने शिक्षा संबंधी विभिन्न थीम्स पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। पाठशाला प्रभारी अध्यापक मोहर सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और नैतिक विकास में सहायक है। प्रधान गोयला देवी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए एक हजार रुपये नकद भेंट किए। कार्यक्रम में पेरेंट्स ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। 2021 से प्री-प्राइमरी पाठशालाओं की शुरुआत के बाद बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है और सरकार द्वारा सह-शैक्षिक सामग्री प्रदान की जा रही है।

## मंडी-कटौला सड़क आज सीमित अवधि के लिए रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी में पेयजल पाइप लाइन के कार्यों के चलते 4 जनवरी को छिपणु टैंक के पास कटौला सड़क मार्ग कुछ समय के लिए बंद रहेगा। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार, जल शक्ति विभाग द्वारा छिपणु टैंक के समीप विभिन्न पाइप लाइनें सड़क से आर-पार बिछाई जाएंगी। इसी कारण मंडी-कटौला सड़क मार्ग 4 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक यातायात के लिए बंद रहेगा। इसके अतिरिक्त, पाइप लाइनों की लीकेज मरम्मत के लिए मंडी शहर के समखेतर में 4 जनवरी को सायंकाल 8 बजे से मरम्मत कार्य पूरा होने तक सड़क अस्थायी रूप से बंद रहेगी। जिलाधिकारी ने जनता से अनुरोध किया है कि वे वाहन चालक समय का ध्यान रखते हुए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें और किसी भी असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं।

# चमन राही बोले- चंपा ठाकुर की ताजपोशी से दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक समाज गदगद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी


चंपा ठाकुर को जिलाध्यक्ष बनने पर लड्डू बांटते हुए चमन राही व अन्य पदाधिकारी।

अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने मंडी में कांग्रेस नेत्री चंपा ठाकुर को कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए मंडी व कोर्ट परिसर में लड्डू बांटे और कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं का सम्मान करते हुए चंपा ठाकुर को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को सम्मान और भागीदारी दी है, जबकि भाजपा ने महिलाओं को लगातार दरकिनार करने का काम किया है। चमन राही ने कहा कि मंडी जिला में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने महिलाओं को टिकट देकर यह साबित किया है कि पार्टी कथनी नहीं बल्कि करनी में विश्वास रखती है, जबकि भाजपा की कथनी और करनी में हमेशा अंतर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज भाजपा पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है और मंडी में कांग्रेस सरकार द्वारा की गई विशाल रैली से भाजपा की नींद उड़ चुकी है।

उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में मंडी जिला में भाजपा की दाल गलने वाली नहीं है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी यहां पूरी तरह मजबूत हो चुकी है और जनता का भरोसा कांग्रेस के साथ है। चमन राही ने यह भी कहा कि भाजपा नेताओं की चिकनी-चुपड़ी बातों से अब जनता बहलने वाली नहीं है और लोग सच्चाई को समझ चुके हैं। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सह संयोजक सन्नी ईप्पन, बडसू पंचायत के प्रधान गोविंद वर्धन, चंद्रवीर कागरा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने चंपा ठाकुर की नियुक्ति का स्वागत करते हुए इसे सामाजिक समरसता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।

**कहा- कांग्रेस ने महिलाओं को दिया सम्मान, मंडी जिला में पार्टी हुई और मजबूत**

# हाई-सेंसिटिव कैमरे से बिगड़ैल वाहन चालकों पर कसेगा शिकंजा

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान


जोगिंद्रनगर के थाना चौक के समीप हाई-सेंसिटिव कैमरा स्थापित।

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के थाना चौक के समीप हाई-सेंसिटिव कैमरे के स्थापित हो जाने के बाद अब ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस की सख्त नजर रहेगी। इस आधुनिक कैमरे की मदद से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक अब पुलिस की निगरानी से बच नहीं सकेंगे।

थाना प्रभारी सकनी कपूर ने बताया कि थाना चौक पर लगाए गए इस हाई-सेंसिटिव कैमरे से तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। तय गति सीमा से अधिक रफ्तार, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने सहित अन्य ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर सीधे चालान काटे जाएंगे।उन्होंने कहा कि इस कैमरे के माध्यम से 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहेगी। थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और अपनी व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। सकनी कपूर ने यह भी जानकारी दी कि जोगिंद्रनगर के लिए कुल दो हाई-सेंसिटिव कैमरे विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। पहला कैमरा थाना चौक पर स्थापित कर दिया गया है, जबकि दूसरा कैमरा निकट भविष्य में पठानकोट चौक पर लगाया जाएगा। इससे पूरे क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

### नेता प्रतिपक्ष ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, सुनी समस्याएं

# प्रभावितों को नहीं मिली उचित मदद: जयराम

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान


कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

**बालीचौकी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शनिवार को जिला मंडी के सराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान वह विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आपदा प्रभावितों से मिले। उनका हाल-चाल लिया और आपदा राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा आपदा की वजह से लोगों का बहुत नुकसान हुआ पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का बहुत नुकसान हुआ लेकिन लोगों को किसी भी प्रकार से जरूरी राहत सरकार से नहीं मिल पाई है। अब कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी भी शुरू हो गई है सर्दी का मौसम पूरे जोर पर है। ऐसे में लोगों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आपदा प्रभावितों को हर संभव सहायता देने का भरोसा दिया।

जयराम ठाकुर के बागाचनोगी के दौरे के दौरान बागाचनोगी उप-तहसील के लोअर बेल्ट की मुख्य सड़क पटीकरी-भहड़ा-शील-काशीम्बलीधार के पूर्ण रूप से निर्मित होने पर आज क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों ने आकर नेता प्रतिपक्ष का आभार जताया। बेहद मुश्किल मानी जा रही इस सड़क का निर्माण कार्य जयराम ठाकुर द्वारा ही शुरू कराया गया था और इसके संपूर्ण बजट का प्रावधान भी उनकी सरकार द्वारा किया जा चुका था। बहुत समय से यह सड़क के निर्माण की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी, क्योंकि यह क्षेत्र पूरी तरीके से सड़कों से कटा हुआ था।

नेता प्रतिपक्ष ने इस सड़क के निर्माण के पूरा होने को क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए सभी क्षेत्र वासियों का बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोगों के पीठ का बोझ उतारने का उन्होंने जो सपना देखा था उस पर पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण से आजीवन काम करते रहेंगे। इसके उपरांत जयराम ठाकुर ने छतरी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गत्तू एवं झरेड़ में आपदा से प्रभावित परिवारों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा हर संभव सहायता और सहयोग का भरोसा दिलाया गया। उन्होंने कहा कि आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं। इसी क्रम में पंडोह क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुकलाह के आपदा प्रभावित परिवारों से भी भेंट-वार्ता की गई। प्रभावितों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं को विस्तार से जाना गया और उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

# मंडी जिला में पोस्टपेड से प्रीपेड होंगे बिजली मीटर

## प्रथम चरण में सरकारी कार्यालयों में लगेंगे प्रीपेड बिजली मीटर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**उपभोक्ताओं को बिजली के लिए पहले से करवाना होगा रिचार्ज**

हिमाचल प्रदेश में बिजली के मीटर अब स्मार्ट मीटर में बदले जा रहे हैं जिन्हें चरणबद्ध ढंग से प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर में बदला जाएगा। प्रथम चरण में सभी सरकारी कार्यालयों में प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाएंगे। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंडी जिला में भी स्मार्ट बिजली के मीटर लगाए जा रहे है। प्रथम चरण में सरकारी कार्यालयों में पोस्टपेड से प्रीपेड किए जाएंगे बिजली के मीटर।

बोर्ड के अनुसार प्री-पेड मीटर प्रणाली लागू होने से न केवल बिजली खपत पर नियंत्रण रहेगा, बल्कि उपभोक्ताओं को मौजूदा व्यवस्था की तुलना में करीब डेढ़ फीसदी तक सस्ती बिजली भी मिलेगी। इस संदर्भ में शनिवार को अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में अंतर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी विभागों को पोस्टपेड स्मार्ट बिजली मीटर से प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर में बदलने बारे जागरूक किया गया।

पहले चरण में यह व्यवस्था सरकारी कार्यालयों में लागू होगी। सरकारी कार्यालयों को पहले अपने पोस्टपेड बिलों का भुगतान करना होगा उसके बाद प्रीपेड बिजली मीटर लगाए जाएंगे। इसके बाद दूसरे चरण में औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ताओं को भी प्रीपेड मीटर लगाने का विकल्प दिया जाएगा। प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को बिजली के लिए पहले से रिचार्ज कराना होगा। जितनी राशि का रिचार्ज होगा, उतनी ही बिजली उपयोग की जा सकेगी। रिचार्ज समाप्त होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाएगी, जिससे अनावश्यक खपत पर रोक लगेगी और बकाया बिल की समस्या खत्म होगी। इस नई व्यवस्था की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उपभोक्ता मोबाइल एप के माध्यम से अपनी रोजाना बिजली खपत पर सीधी नजर रख सकेंगे। किस समय कितनी बिजली खर्च हो रही है, इसकी पूरी जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध होगी। इससे सरकारी कार्यालयों में अनावश्यक बिजली खर्च पर अंकुश लगेगा और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में विद्युत बोर्ड के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता राजेश कुमार ने प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर के बारे विभागों को आने वाली आशंकाओं बारे जानकारी दी। बैठक का संचालन राज्य विद्युत बोर्ड मंडी के सहायक अभियंता नरेंद्र ठाकुर ने किया तथा पोस्टपेड स्मार्ट बिजली मीटर से प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर में बदलने बारे पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। बैठक में नगर मंडी के आयुक्त रोहित राठौर, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**अनदेखी** डंगा और पेरापिट न लगने से जनता में रोष, शीघ्र कार्रवाई की मांग

# बतैल स्कूल के समीप क्षतिग्रस्त सड़क बनी जानलेवा

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा


बतैल स्कूल के समीप क्षतिग्रस्त सड़क क्षेत्रवासियों के लिए खतरा बनी है।

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले टिकरी, हवाणी, बनलोहारडी, रोपा ठाठर तथा बतैल को जोड़ने वाली सड़क पर बतैल स्कूल के पास क्षतिग्रस्त मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। इस स्थान पर बार-बार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग की लेटलतीफी के चलते अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष बरसात के दौरान लगभग 150 मीटर नीचे लहासा गिरने से सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके बाद से इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद पड़ी है। उसी बरसात में यहां एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसमें वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था।

इसके बावजूद आवश्यक सुरक्षा कार्य नहीं किए गए। 31 दिसंबर 2025 को एक बार फिर इसी स्थान पर दुर्घटना हुई, जिससे लोगों में भय का माहौल है। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर डंगा लगाया जाना है, वहां कार्य अधूरा पड़ा है। संबंधित ठेकेदारों के बीच कार्य आवंटन के चलते डंगा निर्माण में देरी हो रही है, जिससे लगातार हादसे सामने आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त, लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क की नियमित मुरम्मत नहीं की जा रही है। जगह-जगह गड्ढे बन चुके हैं। रोपा ठाठर गांव में नाली पूरी तरह से बंद पड़ी है, जिससे पानी सड़क पर बह रहा है और सड़क की हालत और अधिक खराब हो रही है। इससे छोटे वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है।

स्थानीय जनता भाग सिंह, नंदलाल, रत्न चंद, टेक चंद, कुलदीप सिंह, चेत सिंह ठाकुर, राजीव, विक्की, संजय कुमार, जय कुमार सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि क्षतिग्रस्त स्थान पर डंगा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, डंगे के ऊपर पेरापिट का निर्माण करवाया जाए, सड़क की तत्काल मुरम्मत की जाए तथा बंद पड़ी नालियों की सफाई करवाई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

### दूसरा टेंडर रद्द होने से हुई देरी: भूपेंद्र पाल

**इस** बारे में सहायक अभियंता बलद्वाडा भूपेंद्र पाल से बात करने पर उन्होंने बताया कि इस सड़क का टेंडर लगा था, जिससे आधा कार्य हो चुका है, वहीं दूसरा टेंडर लगया गया था उसे किसी कारण रद्द कर दिया है अब दोबारा टेंडर लगाया जा रहा है।

# राज्यस्तरीय युवा उत्सव में वल्लभ कॉलेज मंडी की छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन


युवा उत्सव प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी व मुख्यातिथि।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

बिलासपुर में 2 व 3 जनवरी को आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता 2025-26 में वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोक नृत्य प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया।

इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी मंडी के नेतृत्व में भाग लिया। उनकी इस उपलब्धि पर मंडी की इंचार्ज खेल अधिकारी दीप्ति वैध्या ने छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के नृत्य विभाग के डॉ. संतोष सांवरिया भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं की अनुशासनबद्धता, समर्पण व निरंतर मेहनत की सराहना करते हुए बताया कि यह टीम तीन माह में लगातार तीसरी बार विजयी रही है। इससे पूर्व टीम ने एसपीयू यूथ फेस्टिवल में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया था, जबकि दिसंबर में आयोजित जिलास्तरीय ओपन यूथ फेस्टिवल में प्रथम स्थान हासिल किया था। महाविद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. संजीव ने भी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां न केवल छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करती हैं, बल्कि महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को भी राज्य स्तर पर सुदृढ़ करती हैं।

# गरीबों की सेवा और सहायता को प्राथमिकता दें बैंक : मुकेश

## उपमुख्यमंत्री ने ठठल में यूको बैंक की नवीकृत शाखा का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी ( ऊना )**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत ठठल में यूको बैंक की नवीकृत शाखा परिसर का उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री ने बैंकों से गरीब, जरूरतमंद एवं कमजोर वर्ग की सेवा और सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वास्तविक मजबूरी में ऋण चुकाने में असमर्थ व्यक्ति के साथ डराने-धमकाने के बजाय संवेदनशील, मानवीय एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। वहीं, डिप्टी सीएम ने लोगों से धन को दोगुना करने जैसे प्रलोभनों से सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि गलत स्थानों पर निवेश करने से लोग ठगी का शिकार हो जाते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में बीते वर्षों के दौरान क्रिप्टो करेंसी से जुड़े कई धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं, जिससे आमजन को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इस अवसर पर यूको बैंक की ओर से स्कूली बच्चों को बैग वितरित किए गए तथा जनसुविधा की दृष्टि से उपमंडल प्रशासन को दो व्हीलचेयर भी भेंट की गईं। उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत विधायक सुदर्शन सिंह बबलू की सराहना की। उन्होंने डीसी को निर्देश दिए कि माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के भवन निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य आरंभ करवाया जाए।


उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्कूली बच्चों को बैग वितरित किए।

### उठाऊ पेयजल योजना बेहड़ जस्वां का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, श्री चिंतपूर्णी (ऊना)।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बेहड़ जस्वां में 4.15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना का विधिवत लोकार्पण किया। इस महत्वाकांक्षी योजना से बेहड़ जस्वां एवं त्याई पंचायतों के अंतर्गत आने वाले सात गांवों की लगभग 2700 की आबादी को बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। इस योजना से लाभान्वित होने वाले गांवों में बागड़, घुंगराला, लडयाल चूक, बसूनी, धार गुजरां, त्याई तथा गिड़गिड़ शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इस महत्वाकांक्षी पेयजल योजना का नाम क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं वर्ष 1977 तथा 1982 में श्री चिंतपूर्णी के विधायक रहे स्वर्गीय हंसराज अकरोट के नाम पर रखा जाएगा। अग्निहोत्री ने कहा कि ऊना जिले में पेयजल-सिंचाई-तटीकारण के 1 हजार करोड़ के काम किए जा रहे हैं।

### श्री चिंतपूर्णी हलके में जल योजनाओं पर खर्च होंगे 12 करोड़: बबलू

**विधायक** सुदर्शन सिंह बबलू ने श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए हाल ही में स्वीकृत 12 करोड़ रुपए की राशि के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि ठठल पंचायत में लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से पुरानी पेयजल पाइप लाइनों को बदलने तथा नई पाइप लाइनें बिछाने का कार्य पूर्ण किया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुचारु जलापूर्ति सुनिश्चित हुई है। विधायक ने यूको बैंक की नवीकृत शाखा के उद्घाटन के लिए भी उपमुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस अवसर पर यूको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्वनी कुमार ने केंद्र एवं राज्य सरकार व बैंक की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

# देसराज गौतम बने ऊना जिला कांग्रेस के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**कांग्रेस** हाईकमान ने वरिष्ठ नेता देसराज गौतम को ऊना जिला कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। देसराज गौतम को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का करीबी माना जाता है और वे लंबे समय से संगठनात्मक राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं।

देसराज गौतम की नियुक्ति से जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। पार्टी नेतृत्व को उनसे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की उम्मीद है, विशेषकर आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए। देसराज गौतम जिले के अनुभवी कांग्रेस नेताओं में शुमार हैं। वे इससे पहले कुटलैहड़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, कांग्रेस के प्रदेश सचिव तथा जिला कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। इसके अलावा वह युवा कांग्रेस से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। संगठनात्मक अनुभव और कार्यकर्ताओं के साथ मजबूत तालमेल उनकी पहचान रही है। पूर्व यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान देसराज गौतम को खादी ग्रामोद्योग आयोग की नॉर्थ जोन कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। खादी ग्रामोद्योग के साथ उनका जुड़ाव लंबे समय से रहा है, जिससे उन्हें प्रशासनिक और संगठनात्मक कार्यों का व्यापक अनुभव मिला है। देसराज गौतम वर्तमान में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के चरोला गांव से संबंध रखते हैं, जबकि उनका पुश्तैनी घर बिलासपुर जिले के झंडूता क्षेत्र में स्थित है। वह कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस टिकट के दावेदार भी रह चुके हैं। पार्टी हाईकमान ने उनकी सक्रिय, अनुशासित और प्रभावी कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है, ताकि ऊना जिले में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जा सके और कार्यकर्ताओं को एकजुट किया जा सके। देसराज गौतम की नियुक्ति को ऊना जिला कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक कदम माना जा रहा है, जिससे पार्टी को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।


उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मुलाकात करते देसराज गौतम और अन्य।

## धर्मशाला में छात्रा की मौत की घटना दुखद: बलदेव सूद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वाभिमान पार्टी के अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की छात्रा पल्लवी जो आरोपियों की ओर से रैगिंग, मारपीट और अश्लील प्रताड़ना से अवसाद में गई थी, उसकी मौत की घटना अत्यंत निंदनीय है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इस अभद्र घटना से देवभूमि हिमाचल की गरिमा को भारी ठेस लगी है। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत आने पर तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं हुई ? बच्ची का वीडियो प्रसारित होने के वाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की, जिससे यह सिद्ध होता है कि प्रशासन द्वारा आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने मांग की कि महाविद्यालय की सहयोगी छात्राओं व प्रोफेसर पर लगे प्रताड़ना के आरोपों की उच्चस्तरीय तथा निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है।

## चिंतपूर्णी माता मंदिर में देहरादून के श्रद्धालु ने चढ़ाए स्वर्ण आभूषण

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

उत्तराखंड के देहरादून से आए श्रद्धालु प्रियंका सहानी और सुमित सहानी परिवार ने माता श्री चिंतपूर्णी देवी के दरबार में अपनी गहरी आस्था प्रकट करते हुए एक सोने का मांग का टीका अर्पित किया।

इस आभूषण का वजन 1.650 ग्राम है, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 20,000 बताई जा रही है। मंदिर के पुजारी अजय कालिया ने सहानी परिवार के लिए विशेष पूजा-अर्चना की और मां के दरबार में परिवार की हाजिरी लगवाई। सहानी परिवार ने माता रानी की महिमा में भजन भी गाए और संपूर्ण परिवार की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। प्रियंका सहानी ने मीडिया को बताया कि उन्हें स्वप्न में माता रानी ने एक कंजक (छोटी बच्ची) के रूप में दर्शन दिए थे।

इस स्वप्न के बाद से ही उनके मन में मां चिंतपूर्णी को एक मांग का टीका अर्पित करने की तीव्र इच्छा थी, जो आज शुभ दिन पूरी हुई।

# नशे से दूरी बनाकर खेलकूद गतिविधियों को बनाएं जीवन का अहम हिस्सा : गौरव

**अनंत ज्ञान, अंब**

**नेहरू** युवा मंडल सूरी की ओर से वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट चिंतपूर्णी के अध्यक्ष गौरव कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

नेहरू युवा मंडल सूरी एवं टूर्नामेंट की प्रबंधन समिति ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि गौरव कुमार ने नेहरू युवा मंडल सूरी, आयोजन समिति, स्वयंसेवकों एवं सभी पदाधिकारियों को इस आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में ऐसे खेल आयोजन युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ समाज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज के सामने सबसे गंभीर चुनौती युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति है, जो उनके भविष्य को अंधकार की ओर ले जा रही है। युवाओं को नशे से बचाना केवल परिवार या सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। खेल इस चुनौती से निपटने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। गौरव ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूरी बनाकर खेलकूद, शारीरिक गतिविधियों और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती, आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल जीवन की सच्ची पाठशाला है, जहां टीमवर्क, संघर्ष, धैर्य और जीत-हार को स्वीकार करने की सीख मिलती है। इस मौके पर मुख्यअतिथि ने टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी टीमों एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आयोजकों को आश्वस्त किया कि स्वामी विवेकानंद सेवा ट्रस्ट भविष्य में भी युवाओं को खेल, संस्कार, राष्ट्रसेवा और सामाजिक दायित्व से जोड़ने वाले हर प्रयास में पूर्ण सहयोग करता रहेगा।

# विधायक विवेक के नेतृत्व में कुटलैहड़ के कार्यकर्ताओं ने सीएम सुक्खू से की मुलाकात

## नववर्ष की दी बधाई, कुटलैहड़ आने का दिया निमंत्रण, सहभागिता की रखी डिमांड, सीएम सुक्खू ने दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**कुटलैहड़** विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता नववर्ष की शुभकामनाएं देने शिमला सचिवालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को नववर्ष की बधाई दी और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रवास का निमंत्रण दिया।

शिमला सचिवालय में हुए इस मुलाकात कार्यक्रम को कुटलैहड़ क्षेत्र की राजनीति के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है, जहां एक ओर क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दे उठाए गए, वहीं दूसरी ओर विधायक विवेक शर्मा की सरकार में सहभागिता को लेकर समर्थकों ने खुलकर अपनी मांग रखी। विधायक विवेक के समर्थकों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि कुटलैहड़ के लोकप्रिय और सक्रिय विधायक विवेक शर्मा को सुक्खू सरकार में उचित सहभागिता दी जाए, ताकि क्षेत्र के विकास कार्य और अधिक गति पकड़ सकें। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कार्यकर्ताओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सीएम सुक्खू ने कहा कि वे इसी माह जनवरी के दूसरे सप्ताह में कुटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। प्रस्तावित दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू नई विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व योजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

वहीं, मुख्यमंत्री ने विधायक विवेक शर्मा की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विधायक विवेक शर्मा की राज्य सरकार में सहभागिता को लेकर चर्चा की जाएगी और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।


विधायक विवेक शर्मा के साथ कुटलैहड़ कांग्रेस कार्यकर्ता। सीएम से हुई मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दे उठाए।

# कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा संयुक्त मोर्चा की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के दोनों भाजपा मंडलों की संयुक्त मोर्चा बैठक रविवार को आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रदेश महामंत्री (संगठन) सिद्धार्थन तथा प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन विशेष रूप से शिरकत करेंगे। पूर्व विधायक देविंदर कुमार भुट्टो की उपस्थिति बैठक को विशेष महत्व प्रदान करेगी। यह संयुक्त मोर्चा बैठक समूर मंदिर परिसर में आयोजित होगी, जिसमें संगठनात्मक मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा बूथ स्तर पर पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के दोनों भाजपा मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बूथ प्रभारी सहित सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने बताया कि संयुक्त मोर्चा बैठक में लगभग 400 भाजपा पदाधिकारी भाग लेंगे। यह बैठक संगठन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी और आगामी समय के लिए रणनीति तय की जाएगी।

### सिद्धार्थन करेंगे कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन

**प्रदेश** महामंत्री (संगठन) सिद्धार्थन बैठक के दौरान संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन देंगे और कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करेंगे। प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन भी भविष्य की चुनौतियों को लेकर दिशा-निर्देश देंगे। देविंद्र भुट्टो भी अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी के लिए कार्य करने का संदेश देंगे। बैठक में केंद्र सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने, बूथ सशक्तिकरण अभियान, सदस्यता अभियान तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# भाजपा के प्रदेश प्रभारी संजय टंडन ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अंनत ज्ञान, अंब**

**नगर** पंचायत अंब के एक निजी होटल में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चिंतपूर्णी मंडल के दोनों मंडलों के अध्यक्ष कृपाल सिंह एवं विनय शर्मा ने की। बैठक में प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन, संगठन मंत्री सिद्धार्थन, पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष बलबीर सिंह तथा जिला अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सभी नेताओं ने बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाएं और संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएं। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी संजय टंडन, संगठन मंत्री सिद्धार्थन, जिला प्रभारी रश्मिधर सूद,जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास, पूर्व प्रत्याशी बलबीर चौधरी, रमेश चौधरी, प्रदेश सदस्य शंभु गोस्वामी, राज कुमार धनोतिया, जयदेव खट्टा चिंतपूर्णी अपर मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, लोअर मंडल अध्यक्ष विनय शर्मा, इंदु धीमान, सुशील कलिया, मीडिया प्रभारी विवेक शर्मा सोशल मीडिया संयोजक संजीव कुमार केनेडी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।


बैठक का शुभारंभ करते भाजपा प्रदेश प्रभारी संजय टंडन।

# धंलवाडी-अमलैहड़ मार्ग का निर्माण अधूरा

## लोगों का धैर्य टूटा, चिंतपूर्णी मंदिर न्यास से स्वीकृत किए थे 5.50 करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

**चिंतपूर्णी** क्षेत्र में धंलवाडी से अमलैहड़ को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग की दयनीय स्थिति स्थानीय निवासियों और माता चिंतपूर्णी के दर्शनार्थियों के लिए लगातार गंभीर समस्या बनी हुई है। मंदिर न्यास द्वारा काफी समय पहले ही सड़क निर्माण के लिए 5.50 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत किए जाने के बावजूद, सड़क का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। यह मार्ग माता चिंतपूर्णी मंदिर तक पहुंचने के लिए एक प्रमुख रास्ता है और खराब सड़क के कारण भक्तों और स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने लोक निर्माण विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

विभाग के संबंधित एसडीओ ने बताया कि वर्तमान में मार्ग पर एक पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया है कि पुल का कार्य जैसे ही पूरा हो जाएगा, सड़क की हालत में तुरंत सुधार किया जाएगा और निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। हालांकि, कार्य में हो रही देरी से स्थानीय लोगों में रोष है और उन्होंने प्रशासन व विभाग से मांग की है कि स्वीकृत राशि का उपयोग शीघ्र सुनिश्चित किया जाए और पुल निर्माण के तुरंत बाद सड़क का कायाकल्प किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं को जल्द से जल्द राहत मिल सके।


लोगों ने प्रशासन व विभाग से जल्द सड़क के कार्य को पूरा करने की मांग की।

# सर्वहितकारी सभा बनी प्रवासी बच्ची का सहारा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही ( ऊना )**

**उपमंडल** अंब की पंचायत लड़ोली के पंजोआ गांव में सर्वहितकारी सभा द्वारा मानवता की एक सराहनीय मिसाल पेश की गई। गांव में रह रहे एक प्रवासी परिवार की बेटी अनुराधा पुत्री नरेश कुमार, के गिरने कारण चलने-फिरने में असमर्थ हो गई थी। लंबे समय तक बिस्तर पर रहने के कारण बच्ची को बैड सोर की समस्या हो गई थी, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जानकारी मिलने पर सर्वहितकारी सभा ने तुरंत पहल करते हुए बच्ची को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

सभा ने इलाज और दवाइयों का पूरा खर्च स्वयं उठाया। इलाज के बाद अनुराधा की सेहत में काफी सुधार हुआ है, लेकिन उसे अभी भी चलने-फिरने में परेशानी है। सभा के सदस्यों ने बच्ची के घर आने-जाने के लिए एक विशेष सहारा पीढ़ी (रैंप) का निर्माण करवाया। आज सभा के सदस्यों ने यह पीढ़ी औपचारिक रूप से बच्ची के परिवार को भेंट की। इससे अब अनुराधा को घर से बाहर निकलने में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर परिवार ने सभा का आभार जताया। सभा के प्रधान मदन धीमान, उपप्रधान अधिवक्ता अनिल शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि सभा आगे भी जरूरतमंद लोगों की सहायता करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सेवा का कार्य छोटा हो या बड़ा, उसका उद्देश्य किसी की मदद करना होना चाहिए।


बच्ची को सहायता उपकरण सौंपते सभा के सदस्य।

**कार्यक्रम** डीएवी स्कूल लठियाणी में आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न

# शिक्षकों को सीखने और नवाचार अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

**डीएवी** पब्लिक स्कूल लठियाणी में आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न हो गया। ई. सुरंगाणी के प्रधानाचार्य नरेश का टोपी एवं शॉल भेंटकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल लठियाणी की मुख्य अध्यापिका सुमन सैनी ने विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों का स्वागत किया। उन्होंने शिक्षकों को सतत् सीखने, आत्ममंथन और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को सशक्त बनाते हैं तथा शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक और छात्र-केंद्रित बनाते हैं।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बदलते शैक्षिक परिदृश्य में शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान प्रदाता की नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरक की भी है। कार्यशाला के तहत गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी एवं अंग्रेजी जैसे प्रमुख विषयों पर अलग-अलग सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा नवीन शिक्षण विधियों, गतिविधि-आधारित शिक्षण, मूल्यांकन की आधुनिक तकनीकों तथा कक्षा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इन सत्रों में सुरंगाणी, चंबा, अंबोटा सहित विभिन्न विद्यालयों से आए अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दूसरे दिन सहायक क्षेत्रीय अधिकारी (डीएवी) जोन-एफ, नामित शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नवाचार आधारित शिक्षण को अपनाने, डिजिटल संसाधनों के सार्थक उपयोग तथा विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तार्किक सोच और समस्या समाधान कौशल विकसित करने पर विशेष जोर दिया। वहीं, कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लिया।


डीएवी पब्लिक स्कूल लठियाणी में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम में उपस्थित अध्यापक और विशेषज्ञ।

# ऊना शहर में रहेगा तीसरी आंख का पहरा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**ऊना** शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराध पर नियंत्रण के लिए प्रशासन ने शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर खंभे स्थापित कर हाईटेक कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस के अनुसार कुल 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिन्हें सीधे पुलिस कंट्रोल रूम से नियंत्रित किया जाएगा।

**100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे**

इन कैमरों से न केवल अपराध पर नजर रखी जाएगी, बल्कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ऑनलाइन चालान भी जारी किए जाएंगे। इस योजना पर लगभग 2.34 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। कैमरे चंडीगढ़ से धर्मशाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर रक्कड़ कालोनी से झलेड़ा चौक तक, रेड लाइट चौक से नगर निगम क्षेत्र तक और संतोषगढ़ मार्ग पर नगर निगम क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने बताया कि पंजाब से लगे होने के कारण ऊना में अपराध माफिया सक्रिय रहता है, इसलिए अपराध की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसी कारण शहर में सुरक्षा बढ़ाने और अपराधियों पर नजर रखने के लिए जगह-जगह कैमरे लगाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि हाईटेक निगरानी व्यवस्था से अपराध नियंत्रण के साथ-साथ यातायात नियमों का पालन भी सुनिश्चित होगा।

यह कदम न केवल कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास भी बढ़ाएगा। तीसरी आंख की तरह काम करने वाले ये कैमरे ऊना शहर को और अधिक सुरक्षित बनाएंगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में होगी प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना: डीसी

## उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने की ठोस एवं प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में शनिवार को जिला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) से संबंधित मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा पारित आदेशों की अनुपालना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में (एनजीटी) के निर्देशों के अनुसार ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 के तहत वैकल्पिक एवं प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, जिला पर्यावरण समिति के साथ समन्वय कर ठोस कचरे के प्रबंधन एवं निस्तारण पर चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में कसोल स्थित एमआरएफ साइट के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बैठक में साडा



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

मणिकरण क्षेत्र में ठोस कचरे के संग्रहण एवं निस्तारण की वर्तमान व्यवस्था, कचरा डंपिंग हॉट स्पॉट्स पर नज़र रखने के लिये सीसीटीवी लगाने में उठाए गए कदमों तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की अनुपालना की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए ठोस कचरे के वैज्ञानिक एवं नियमों के अनुरूप प्रबंधन हेतु उठाये जा रहे कदमों की जानकारी रखी गयी। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके उपरांत बैठक में कुल्लू जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विभिन विकास खंडों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीडब्ल्यूएमयू) की स्थापना हेतु उपयुक्त स्थलों पर चर्चा की गई।

उपायुक्त ने बैठक में चिन्हित स्थानों में वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) तथा वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के अंतर्गत आवश्यक स्वीकृतियां पर भी जानकारी हासिल की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। बैठक में एडीसी अश्वनी कुमार, एसडीएम निशांत ठाकुर, टीसीपी घनश्याम कुमार, डीपीओ दया राम ठाकुर सहित प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंबाला के कमल का निधन कुल्लू अस्पताल में रखा शव

**अनंत ज्ञान भुंतर।** जिला कुल्लू के बजौरा में अंबाला के रहने वाले कमल का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। ऐसे में अब पुलिस की टीम ने शव को अपने कब्जे में ले लिया हैं। वहीं, पोस्टमार्टम करने के बाद शव को कुल्लू अस्पताल के शव गृह में रख दिया है। पुलिस की टीम ने स्थानीय जनता से भी आग्रह किया है कि अगर कोई कमल के परिवार के बारे में जानकारी रखता है तो उसके बारे में पुलिस को जरूर सूचित करें। भुंतर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जो मृतक कमल अपने आप को अंबाला का रहने वाला बताता था। जो 20-22 दिनों से अन्नपूर्णा ढाबा लोअर बजौरा में काम कर रहा था। एक जनवरी को कमल को हार्ट टैक से मृत्यु हो गयी है जिसका पता न मालूम है। मृतक कमल का कुल्लू अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट हासिल की गई। वही अब कमल की लाश को पहचान के लिए एचआर कुल्लू में रखा गया है। जिसके दाहिने हाथ की कलाई में 'तेरे नाम रोजी' लिखा है। वहीं मृतक भी उम्र 40-45 वर्ष के करीब है। मृतक व्यक्ति के पास न आधार कार्ड न कोई पहचान पत्र है ऐसे में पुलिस को पूरी जानकारी नहीं मिल पाई। अगर कोई भी कमल के बारे में जानकारी रखता है तो पुलिस थाना भुंतर में 01902265412 पर संपर्क करें।

# राऊगी नाले के पास 958 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू जिला पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पतलीकूहल पुलिस ने गश्त के दौरान राऊगी नाला के पास एक व्यक्ति को लगभग एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान 32 वर्षीय बुध राम के रूप में हुई है, जो कुल्लू जिले के सोयल गांव का निवासी है। पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी, तभी राऊगी नाला के समीप एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखा। तलाशी लेने पर उसके पास से 958 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बुध राम को गिरफ्तार कर लिया।



राऊगी नाले के पास चरस के साथ गिरफ्तार किया व्यक्ति पुलिस के साथ।

उसके खिलाफ पतलीकूहल पुलिस थाने में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है कि आरोपी ने यह चरस कहां से प्राप्त की थी और इसे आगे किसे बेचा जाना था। नशा तस्करी के इस पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए बुध राम से पूछताछ जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घाटी में नशे के अवैध कारोबार को खत्म करने के लिए भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरुबेहड, बालाबेहड में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लि० कुल्लू की ओर से मिली जानकारी के अनुसार विद्युत उपमंडल कुल्लू 11/0.415 केवी, 250 केवी 0ए सब-स्टेशन बोर्ड कॉलोनी की एलटी लाइनों की मुरम्मत व बदलने के काम के लिए 4 जनवरी (रविवार) को प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक या काम के पूर्ण होने तक बिजली बोर्ड कॉलोनी, गुरुबेहड, बालाबेहड, मियाबेहड व महंतबेहड आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### रोपड़ी, शमशर में आज लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, आनी।** विद्युत विभाग द्वारा जरूरी रखरखाव कार्य किए जाने के चलते 4 जनवरी (रविवार) को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निगान-खनाग फीडर की मुख्य लाइन से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान न्यू खोबड़ा, रोपड़ी, शमशर, बाह्य, देवठी, कंडा-कनशेन, कुटवा, धार, काफ्टी, लढागी, बुछैर, डीम, तराला, जाओं सहित पूरे जलोड़ी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग के एसडीओ अमर ठाकुर ने बताया कि यह शटडाउन आवश्यक कार्य के कारण किया जा रहा है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों की जनता से सहयोग की अपील की है तथा असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

### छात्रा मौत मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** धर्मशाला में छात्रा की संदिग्ध मौत को लेकर भाजपा ने प्रदेश सरकार और प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश में बेटियों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था की बड़ी परीक्षा बताया। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में ही लापरवाही सामने आ रही है, जो बेहद चिंताजनक है। अखिलेश कपूर ने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि पुलिस प्रशासन सच्चाई सामने लाने से क्यों कतरा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध नहीं होगी, तब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पाएगा। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों व स्टाफ की भारी कमी है। भाजपा ने छात्रा मौत प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की तत्काल तैनाती की मांग की है।

### अहंकार नाश व कृष्ण लीला का भावपूर्ण वर्णन



**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी के कराणा में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण कथा के छठे दिन आचार्य श्रीनिवासाचार्य ने श्रद्धालुओं को अहंकार नाश का गूढ़ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के भीतर अहंकार जीवित रहने तक आत्मिक शांति संभव नहीं है और इसका विनाश केवल भगवान की कृपा से ही संभव है। कंस वध का प्रसंग अहंकार और असंतोष का प्रतीक बताया गया। श्रीकृष्ण के गोपाल रूप और धर्म की स्थापना के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला गया। रासलीला का भाव समझाते हुए आचार्य ने कहा कि यह जीव और ईश्वर के बीच शुद्ध प्रेम का प्रतीक है। कथा के अवसर पर कृष्ण-रुक्मिणी मंगल विवाह की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। शमशरी महादेव, बटाला से भगवान मुरलीधर, कुंगशी महादेव सहित अन्य देवताओं ने प्रतिनिधि रूप में भाग लिया। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना और श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही।

# सड़क सुरक्षा पर फिल्म बनाइए और जीतिए 25 हजार की इनामी राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिवहन विभाग प्रदेश की लीड एजेंसी/रोड सेफ्टी सेल द्वारा 'सड़क सुरक्षा-फिल्म महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के अंतर्गत सड़क सुरक्षा विषय पर लघु फिल्मों के निर्माण एवं प्रस्तुति के लिए देशभर से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि लघु फिल्म प्रतियोगिता में प्रविष्टियां 10 दिसंबर से प्रारंभ हो चुकी हैं, जबकि प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आयु सीमा 18 वर्ष एवं उससे अधिक रखी गई है।

यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों, शौकिया एवं पेशेवर फिल्म निर्माताओं सहित सभी वर्गों के लिए खुली है। लघु फिल्म की अवधि अधिकतम 5 मिनट निर्धारित की गई है तथा फिल्में हिंदी या अंग्रेजी भाषा में हो सकती हैं। प्रस्तुत की जाने वाली फिल्म पूर्णतः मौलिक होनी चाहिए व किसी भी प्रकार के कॉपीराइट या प्लेगरिज्म का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। प्रविष्टियां ई-मेल के माध्यम से de-partmentoftransporthp@gmail.com पर गूगल ड्राइव अथवा वी-ट्रांसफर लिंक के माध्यम से भेजी जा सकती हैं अथवा निदेशालय परिवहन, लीड एजेंसी/रोड सेफ्टी सेल, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171004 में भी जमा करवाई जा सकती है। प्रत्येक प्रविष्टि के साथ निर्धारित प्रपत्र भरकर संलग्न करना अनिवार्य है।

प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। विभिन्न आयु वर्गों में 18 से 25 वर्ष, 25 से 32 वर्ष, 32 से 40 वर्ष और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए क्रमशः 25,000 नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त 20 विशेष पुरस्कारों के अंतर्गत प्रत्येक को 5,000 नकद एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। परिवहन विभाग ने सभी इच्छुक प्रतिभागियों से अपील की है कि वे इस प्रतियोगिता में भाग लेकर सड़क सुरक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान दें।

## कांग्रेस आलाकमान का ऐतिहासिक फैसला तीन स्तरों पर दलित नेतृत्व: गौतम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

कांग्रेस आलाकमान द्वारा देर रात जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की सूची जारी किए जाने के साथ ही पिछले लगभग एक वर्ष से विपक्ष तथा संगठन के भीतर उठ रहे सभी सवालों पर विराम लग गया है। जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू के अध्यक्ष पद के लिए दलित नेता सेस राम आजाद के नाम पर अंतिम रूप से मुहर लगा दी गई है। इस अवसर पर हिमाचल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा जो संतुलन व सामंजस्य स्थापित करते हुए प्रदेश के दस जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है, वह वास्तव में सराहनीय और ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में आदिवासी, दलित, महिला और ओबीसी वर्गों को पूरा सम्मान और उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है।



गौतम ठाकुर ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी के सामाजिक न्याय और समावेशी सोच का प्रमाण है कि यह पहली बार हुआ है जब राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष—तीनों ही दलित समुदाय से आते हैं। यह निर्णय कांग्रेस की विचारधारा और संविधान में निहित समानता के मूल्यों को और अधिक सशक्त करता है। जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू के अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर सेस राम आज़ाद को बधाई देने वालों में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष हरी चंद शर्मा, मनाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महासचिव जोगिंदर ठाकुर, पूर्व आदिवासी जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कुमार, सूरज प्रकाश, मनाली से गौकुल सहगल, राजेंद्र सिंह, राकेश सोनी, कैप्टन सुरेश कुमार लारजे, संतोष कुमार, रणवीर सागर, हरी चंद, पार्षद जगदीश कुमार, पूर्व पार्षद रंजीता कौर, प्रेम लाल, सीता राम, निर्मला ठाकुर एवं कपिल सहित अनेक कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा कांग्रेस आलाकमान का आभार व्यक्त किया।

# सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में 3 किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में फुटपाथ पर अतिक्रमण को लेकर नगर परिषद ने कड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार देर शाम नगर परिषद की टीम प्रशासन और पुलिस के साथ मालरोड और आसपास सड़क के किनारे रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताया और टीम के साथ धक्कामुक्की की। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों की पहचान संदीप पुत्र कमल वर्मा आरओ पहली मंजिल 171/72 गली न 6 न्यू लाहौर शास्त्री नगर गीता कालोनी नई दिल्ली, अवनीश पुत्र ओम प्रकाश वार्ड नंबर सात मनाली जिला कुल्लू तथा मोहित बेलचा पुत्र जगदीश आरओ हाउस नम्बर 628/1 नामाबरदार कलोनी बुरारी दिल्ली के रूप में हुई है। मनाली में जगह-जगह रेहड़ी-फड़ी लगाकर कुछ लोग कारोबार कर रहे हैं।

**फुटपाथ में अवैध कब्जा धारियों पर कार्रवाई कर रही थी नप मनाली**

कार्यकारी अधिकारी मनाली करुण भरमौरिया ने बताया कि मालरोड पर चल रही इस तरह की गतिविधि को लेकर कई बार शिकायतें आई हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति को फुटपाथ पर बैठने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया वो नगर परिषद का सहयोग करें। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि तीन लोगों को सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने को लेकर गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि मनाली शहर सहित सभी फुटपाथों को साफ सुथरा रखने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। फुटपाथों पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने मनाली के सभी लोगों से सहयोग का आग्रह किया है।

# सेस राम आजाद को फिर मिली कुल्लू जिला कांग्रेस की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एक बार फिर सेस राम आजाद को जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू की कमान मिल गई है। सेसराम आज़ाद के फिर से जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर कुल्लू जिला से पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। सनद रहे कि नवम्बर 2022 से बतौर कार्यवाहक अध्यक्ष के तौर पर जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू की संगठनात्मक गतिविधियों को चलाने में सफल रहे सेस राम आजाद को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू का स्थाई अध्यक्ष नियुक्त कर दिया था। जिसके बाद सेसराम आज़ाद जिला अध्यक्ष के पद पर रहे और बेहतरीन कार्य किया। पार्टी की मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत सेसराम आज़ाद को कांग्रेस हाईकमान ने एक बार फिर से अध्यक्ष बनाया है। वहीं, अपनी ताजपोशी के लिए सेस राम आज़ाद ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय महासचिव कांग्रेस मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय व प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित



कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ व अन्य सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही जिला कुल्लू से संबंधित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व सदस्यों व कार्यकर्ताओं ने सेसराम आज़ाद को फिर से जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## सेस राम की दूरदर्शी सोच से कांग्रेस होगी मजबूत: जोशी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** इंटक के प्रदेश प्रवक्ता डीआर जोशी ने सेस राम आजाद को कुल्लू का जिला अध्यक्ष बनाने पर हाई कमान का आभार जताया है। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा कि सेस राम की दूरदर्शी सोच से जिला कुल्लू में संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने सेस राम को दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर हाई कमान सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे का आभार प्रकट किया है। जोशी ने कहा कि सेस राम आजाद छात्र जीवन से ही राजनीति से जुड़े है। सुंदरनगर में भी कुलवी कल्चर के अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेस राम की दूरदर्शी सोच से जिला कुल्लू में संगठन को मजबूत मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने, सरकार की नीतियों और योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने और संगठन को सक्रिय बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# प्रदेशभर के युवाओं को सिखाई सुदर्शन क्रिया

## आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से खोखन में युवा नेतृत्व प्रशिक्षण का आयोजन



युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए संकल्प दिलाते हुए शिक्षक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भुंतर (खोखन) में किया गया। 27 दिसंबर से शुरू हो कर 3 जनवरी को समापन हुआ। आठ दिवसीय कार्यक्रम के दौरान योग,ध्यान, गहन ज्ञान और श्वास तकनीक सुदर्शन क्रिया को सिखाया जा रहा। वहीं प्रशिक्षक बलदेव ठाकुर ने बताया कि शिविर में हिमाचल के विभिन्न जगहों से आये 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवाओं को ध्यान योग, ध्यान के साथ- साथ सुदर्शन क्रिया करवाई गई। जीवन में योग, ध्यान के माध्यम से अध्यात्म के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए नेतृत्व क्षमता को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि इस युवा नेतृत्व कार्यक्रम में युवाओं को अपने अंदर आत्मविश्वास नेतृत्व करने की क्षमता का विकास पाया और दिशा-निर्देश समक्ष बात करने की कला कैसे हम समाज और देश के लिए उपयोगी बन सकते हैं दूसरों के सामने अपनी बात रख सकते है। अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए कैसे हम अपने आप को आगे बढ़ा सकते हैं और हर विपरीत परिस्थिति का बड़ी सहजता और मुस्कुराते हुए सामना करना सिखाया गया। मीडिया प्रभारी सुशांत शर्मा ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन प्रशिक्षुओं को सर्टिफिकेट भी दिए गए। युवा नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आने वाले समय में भी किये जाएंगे। इस दौरान सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

**सख्ती** सेफ्टी गाइडलाइंस का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई, ऑपरेटरों के लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी: डॉ. रोहित शर्मा

# सूर्यास्त के बाद एडवेंचर एक्टिविटी पर पूरी तरह प्रतिबंध

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू डॉ. रोहित शर्मा ने कहा है एडवेंचर एक्टिविटी के दौरान नियम तोड़ने वालों, खासकर तय समय के बाद एडवेंचर एक्टिविटी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला पर्यटन विभाग को गाइडलाइंस के तहत सूर्यास्त के बाद किसी भी प्रकार की एडवेंचर एक्टिविटी कराना पूरी तरह प्रतिबंधित है। ऐसे में यदि विभाग की ओर से जारी सेफ्टी गाइडलाइंस का उल्लंघन यदि कोई करता है तो उस पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, उन्होंने टूरिस्ट से यह भी अपील की है कि वे सिर्फ ऑथराइज्ड ऑपरेटर ही चुनें और सूरज डूबने के बाद या सेफ्टी गाइडलाइंस का उल्लंघन करके एडवेंचर एक्टिविटीज से बचें। उन्होंने जिला में विभिन्न एडवेंचर एक्टिविटी से



**कहा- पर्यटकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं**

जुड़े ऑपरेटर्स व पायलट को चेताते हुए कहा है कि सूरज डूबने के बाद पैराग्लाइडिंग और राफ्टिंग सहित अन्य साहसिक गतिविधियां कराने के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से रेगुलर तौर पर सरप्राइज इंस्पेक्शन किये जाते हैं और साथ ही सभी साहसिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को जागरूक भी किया जाता है और गाइडलाइंस का पालन करने के लिए कहा जाता है। फिर भी यदि चूक होती है तो ऐसी स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। डॉ. रोहित शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ समय से विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ पैराग्लाइडिंग और राफ्टिंग ऑपरेटर नियमों की अनदेखी करते हुए सूर्यास्त के बाद भी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि पर्यटकों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ भी है। उन्होंने कहा कि अंधेरा होने के बाद ऐसी गतिविधियां कराने से दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है, जिससे पर्यटकों की जान को खतरा हो सकता है। सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि नियम तोड़ने वाले ऑपरेटरों के लाइसेंस रद्द किए जाएंगे और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जिला पर्यटन अधिकारी ने सभी एडवेंचर स्पोर्ट्स ऑपरेटरों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित समय और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और औचक जांच की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने पर्यटकों से भी अपील की कि वे सूर्यास्त के बाद किसी भी साहसिक गतिविधि में भाग न लें और नियमों का पालन करने वाले लाइसेंसधारी ऑपरेटरों को ही चुनें।

## हादसे के बाद गड़सा पैराग्लाइडिंग साइट का लाइसेंस अस्थायी रूप से रद्द, जांच पूरी होने तक गतिविधियां बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू:** गड़सा पैराग्लाइडिंग साइट पर हुए हादसे के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए उक्त साइट का लाइसेंस अस्थायी रूप से रद्द कर दिया है। इसके साथ ही संबंधित पायलट और पैराग्लाइडिंग ऑपरेटर के लाइसेंस भी रद्द कर दिए गए हैं। जांच पूरी होने तक गड़सा पैराग्लाइडिंग साइट पर किसी भी तरह की गतिविधि पूरी तरह बंद रहेगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू डॉ. रोहित शर्मा ने बताया कि पैराग्लाइडिंग और अन्य साहसिक पर्यटन गतिविधियों के संचालन के लिए एक रेगुलेटरी कमेटी गठित की गई है, जो सभी सुरक्षा मानकों और नियमों की निगरानी करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में संचालित सभी वाटर स्पोर्ट्स और एरो स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए निर्धारित नियम और दिशा-निर्देश समय-समय पर ऑपरेटरों तक पहुंचाए जाते हैं। डॉ. रोहित शर्मा ने कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हादसे की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यदि नियमों की अनदेखी या सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधितों के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जिला पर्यटन विभाग द्वारा लगातार साहसिक पर्यटन गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि पर्यटन को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा सके। प्रशासन ने सभी पैराग्लाइडिंग और साहसिक गतिविधि संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे तय नियमों और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पतलीकूहल में हिमालय परिवार ने बैठक में भविष्य की योजनाओं पर किया मंथन



पतलीकूहल में हिमालय परिवार ने बैठक में योजनाओं पर मंथन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

पतलीकूहल में हिमालय परिवार की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समाज सेवक डोणे राम ने की। बैठक में संगठन की भविष्य की योजनाओं और समाज के प्रति भूमिका पर गहन मंथन किया गया। चर्चा का मुख्य केंद्र हिंदू समाज के उत्थान और विकास को मुख्यधारा से जोड़ना था।

बैठक में निर्णय लिया गया कि कुल्लू जिले में सामाजिक समरसता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। संगठन जन-जागरूकता शिविर आयोजित करेगा, जिसमें पिछड़े वर्गों की सहायता, शिक्षा के अवसरों के प्रति जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया जाएगा।

संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुल्लू जिला इकाई की टीम घोषित की गई। देवदत्त ठाकुर को अध्यक्ष, देव राज को उपाध्यक्ष, लता देवी को महासचिव, कंचन को संयुक्त सचिव, टेक राम को कोषाध्यक्ष और कृष्ण देव को संकल्प प्रमुख बनाया गया। कार्यकारिणी में यश पाल, गंगा राम, शमशेर ठाकुर, बीर चंद, नरेश नेगी और श्याम सुंदर शामिल हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष देवदत्त ठाकुर ने कहा कि संगठन सामाजिक और धार्मिक जागरूकता फैलाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गिरिपुल के समीप पकड़ी 12 बोतलें शराब

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पुलिस थाना राजगढ़ की पुलिस टीम ने गश्त और गुप्त सूचनाएं एकत्र करने के दौरान गिरिपुल के समीप गौड़ा रोड बाईफरकेशन के पास एक व्यक्ति को शक के आधार पर रोका। व्यक्ति की पहचान कुलदीप पुत्र राजेंद्र प्रकाश निवासी गांव गौड़ा, जिला सोलन के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कंधे पर उठाए प्लास्टिक के थैले की जांच की, जिसमें गत्ता पेटी के अंदर देसी शराब की 12 बोतलें बरामद हुई। कुलदीप उपरोक्त शराब के लिए कोई लाईसेंस/परमिट पेश नहीं कर सका। इस मामले में आरोपी कुलदीप के विरुद्ध पुलिस थाना राजगढ़ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया है, जिसका आगामी अन्वेषण जारी है।

### सृष्टि और कशिश कबड्डी में दिखाएंगी जौहर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हरिपुर धार की 2 बेटियों का चयन अंडर-14 कबड्डी राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। सृष्टि राणा और कशिश छौंटा हरिपुर धार के यशवंत सिंह परमार विद्यालय की छात्राएं हैं यह पहला अवसर है जब निजी स्कूल की 2 छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर जाएंगी। दोनों बच्चियों ने अपनी सफलता का श्रेय आपने अभिभावकों, शिक्षकों और कबड्डी अकादमी के संस्थापक विनय छींटा को दिया है। दोनों ने बताया कि हमारी सफलता का आधार हरिपुर धार में चल रही अकादमी है, जिसके माध्यम से हमें यह मौका मिला है। बता दें कि यह दोनों लड़कियां राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा रही हैं। आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 20 जनवरी से विजयवाड़ा में होनी तय हुई है और दोनों खिलाड़ी 9 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर के कैंप के लिए बिलासपुर रवाना हो जाएंगी।



### जोगिंद्रा सहकारी बैंक के कैलेंडर का विमोचन



**अनंत ज्ञान, सोलन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कंडाघाट में जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक अर्की संजय अवस्थी, विधायक कसौली विनोद सुल्तानपुरी और विधायक कुटलेहड़ विवेक शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा एवं प्रबंध निदेशक पंकज सूद भी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के रेनाघाट के समीप बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से युवक की मौत गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक गंभीर रूप से घायल बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक सीएची के समीप पिकअप और बाइक के बीच टक्कर हो गई। इससे बाइक खड्ड में जा गिरी। बताया जा रहा है कि बाइक सवार शिलाई की तरफ सेरीनाहट जा रहा था। बाइक खड्ड में गिरने से युवक की मौत हो गई। फिलहाल लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी है। मृतक की पहचान अभी नहीं हुई है।

### सेवानिवृत कर्मियों की देनदारियां जल्द दे सरकार

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट के शिव मंदिर के प्रांगण में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ हिमाचल प्रदेश दाड़लाघाट यूनिट की बैठक यूनिट के अध्यक्ष डिस्टर मनोज शर्मा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें बाबूराम ठाकुर जिला अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में सभी को 2026 के अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की गईं और तत्पश्चात हिमाचल प्रदेश मित्रों की सरकार से अनुरोध किया गया की जितनी भी सेवानिवृत कर्मचारियों की देनदारियां हैं, उनको शीघ्र अति शीघ्र देने की अनुकंपा करें जिसमें डीए आरजी, लिव इन कैशमेंट, रिवाइज्ड पेंशन का एरियर, 13% महंगाई राहत की किस्ते, और 127 महीनों का एरियर की राशि को शीघ्र देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार को बार-बार अनुरोध किया जा रहा है परंतु इनको कोई फर्क पड़ रहा है।अभी हाल ही में इन्होंने पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरपर्सन और मेंबर की पेंशन 40 प्रतिशत तक बढ़ा दी, जो की क्रमशः 48,000 और 45000 कर दी साथ में यह भी आदेश पारित कर दिए कि हर वर्ष 6 प्रतिशत की इसमें वृद्धि होगी व सुखा सरकार अपने सभी वर्गों को हिमाचल प्रदेश में परेशान कर दिया है हमें यह मालूम नहीं पड़ रहा है कि उनके लिए और अपने लिए तो आपके पास धन की कोई कमी नहीं है परंतु सेवानिवृत कर्मचारियों को और कार्यरत कर्मचारियों को पैसा देने के लिए आपका खजाना खाली लगता है। यह एक बहुत ही दुखद और शर्म का विषय है आपको आने वाले समय में इसका भुगतान देना होगा।

### 'लेप्रोस जागरूकता' पर हुआ ग्रुप प्रोजेक्ट

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय, कुमारहट्टी-सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि एमएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा जोनल लेप्रोसी हॉस्पिटल लोहांजी, जिला-सोलन में ग्रुप प्रोजेक्ट ऑर्गेनाइज किया गया, जिसका उद्देश्य लेप्रोसी से संबंधित जागरूकता बढ़ाना था। यह प्रोजेक्ट कॉलेज के 5वें सेमेस्टर के बीएससी नर्सिंग स्टूडेंट्स और फैकल्टी द्वारा किया गया, जिसमें कुल 50 छात्राएं और 15 फैकल्टी सदस्य शामिल थे। इस प्रोजेक्ट में मुख्य रूप से 'लेप्रोसी और इसके बारे में जागरूकता' पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि लोगों में इस बीमारी के लक्षण, बचाव, उपचार और इससे बारे में मौजूद मिथकों को दूर किया जा सके। ग्रुप प्रोजेक्ट के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. रवि चंद शर्मा, रजिस्ट्रार अजय सिंगल, नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. हरप्रीत कौर, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनप्रीत सिंह नंदा, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. किरण कुमार सिंघल और नैक कोऑर्डिनेटर डॉ. जय गोपाल वोहरा ने इस पहल की सराहना की और इसके सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

# डॉ. शांडिल ने कथेड़ में निर्माणाधीन अस्पताल का किया निरीक्षण

## टिक्करी में केंद्र की आधारशिला के लिए मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल का निर्माण कार्य का निरीक्षण करते स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा निर्माणाधीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल सोलन में विभिन्न विशेषज्ञ सुविधाओं एवं ट्रामा केंद्र के लिए 50 करोड़ रुपए, नागरिक अस्पताल कंडाघाट के लिए 5 करोड़ रुपए तथा कंडाघाट में खेल मैदान के लिए एक करोड़ रुपए प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सोलन विधानसभा क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा है और आज मुख्यमंत्री द्वारा कंडाघाट के टिक्करी में लगभग 200 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर दिव्यांगजन की आधारशिला रखी गई है। यह केंद्र दिव्यांगजन के भविष्य को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल का निर्माण कार्य अप्रैल 2026 तक पूर्ण किया जाएगा, ताकि सोलन, शिमला व सिरमौर के निवासियों सहित पर्यटकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल का निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों व ठेकेदार को निर्माणाधीन अस्पताल को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। डॉ. शांडिल ने कहा कि इस 200 बिस्तर वाले बहुउद्देशीय अस्पताल में ट्रामा केंद्र के साथ-साथ मातृ शिशु इकाई का पृथक निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय अस्पताल के निर्माण पर लगभग 150 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। बहुउद्देशीय अस्पताल का लगभग 60 से 70 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन बहुउद्देशीय अस्पताल के लिए धनराशि की कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली, कांग्रेस नेता कर्नल संजय शांडिल, संजीव ठाकुर, राजेश ठाकुर, नितेश ठाकुर, मनीष ठाकुर, हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सुरेश कपूर, लोक निर्माण विभाग के वास्तुकार राजीव शर्मा, लोक निर्माण विभाग सोलन के अधीक्षण अभियंता अजय शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, खंड चिकित्सा अधिकारी सायरी डॉ. अजय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## नौकरी के नाम पर धोखा

# शिलाई के युवक से म्यांमार में कराया गया साइबर अपराध

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश की शांत वादियों से निकलकर सुनहरे भविष्य का सपना देखने वाले युवाओं के लिए एक बेहद डरावनी खबर सामने आई है। सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र के कांडो गांव के एक युवक, प्रवीन शर्मा, को विदेश में नौकरी दिलाने के बहाने मानव तस्करी के जाल में फंसाकर म्यामांर के 'डेथ जोन' में धकेल दिया गया। जहां उससे जबरन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए अश्लील वीडियो कॉल करवाने का अवैध धंधा करवाया गया।

**विदेश में नौकरी का झांसा देकर फंसाया**

प्रवीन ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि एक कथित एजेंट ने उसे थाईलैंड के बैंकॉक में अच्छी नौकरी का झांसा दिया। इसके बदले प्रवीन ने उसे 70,000 रुपये दिए। बैंकॉक पहुंचने के बाद प्रवीन को लगा कि उसका भविष्य संवर जाएगा, लेकिन असली खौफनाक मंजर अभी शुरू होना था। उसे और कुछ अन्य लोगों को धोखे से थाईलैंड बॉर्डर पर ले जाया गया और वहां से घने जंगलों के रास्ते अवैध रूप से म्यामांर की सीमा पार करवाई गई। म्यामांर पहुंचते ही प्रवीन को एक अज्ञात कंपनी के हवाले कर दिया गया। वहां उसे बंधक बना लिया गया और उससे वह काम करवाया गया जिसकी उसने सपने में भी कल्पना नहीं की थी।

प्रवीन की लड़की के नाम से फर्जी आईडी बनाई गई और उसे लड़की बनकर अमेरिका और अन्य देशों के लोगों के साथ चैट करने पर मजबूर किया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उपयोग कर उससे अश्लील लाइव वीडियो कॉल करवाए जाते थे, ताकि सामने वाले को लगे कि वह सच में किसी लड़की से बात कर रहा है।

जब प्रवीन ने काम करने से मना किया और घर वापस आने की गुहार लगाई, तो कंपनी के संचालकों ने उससे मोटी फिरौती की मांग की। इसी बीच, किस्मत ने साथ दिया और थाईलैंड की आर्मी ने उस इलाके में छापेमारी कर प्रवीन सहित अन्य लोगों को रेस्क्यू किया। हालांकि, अवैध तरीके से बॉर्डर पार करने के कारण उसे 8 दिनों तक थाईलैंड की जेल में भी रहना पड़ा। अंततः 10 नवंबर 2025 को भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप के बाद उसे सुरक्षित भारत वापस लाया गया। एसपी सिरमौर निश्चित सिंह नेगी ने बताया कि शिलाई थाना में इस मामले पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और पुलिस अब उस एजेंट के जाल को खंगाल रही है जिसने प्रवीन को मौत के मुंह में धकेला।

## सुभाष वरमानी बने जिला सोलन कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन ने जिला अध्यक्षों की नई नियुक्तियों की घोषणा कर दी है। इन नियुक्तियों से पार्टी में नई ऊर्जा और संतुलन आने की उम्मीद है। पार्टी की तरफ से जारी सूचना के मुताबिक सोलन जिले की कमान वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चंद वरमानी को सौंपी गई है, जिनकी नियुक्ति को संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ युवा व अनुभवी नेतृत्व के संतुलन के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नई टीम जमीनी स्तर पर कांग्रेस को और सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए संगठन को तैयार करने का काम करेगी।

कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि इन नियुक्तियों से न केवल क्षेत्रीय संतुलन साधा गया है, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को प्रतिनिधित्व भी मिला है। खासतौर पर सोलन में अधिवक्ता सुभाष चंद वरमानी की नियुक्ति से पार्टी को कानूनी और बौद्धिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# माजरा बाजार में पलटी कार, बड़ा हादसा टला

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब**

माजरा के बीच बाजार में शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार से पीछे से आई एक कार ने आगे चल रही कार को टक्कर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत यह रही कि कार में सवार लोगों की जान बाल-बाल बच गई।



चश्मदीदों का कहना है कि पीछे से आने वाली कार काफी तेज रफ्तार में थी और चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। घटना के बाद कुछ देर के लिए बाजार में अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर यातायात भी बाधित रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि माजरा बीच बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सिरमौर प्रेस क्लब ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर प्रेस क्लब का स्थापना दिवस नाहन में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान केक काटकर सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी तथा क्लब आगे बढ़े इसकी कामना की। कार्यक्रम में क्लब के संस्थापक सदस्य व वरिष्ठ सलाहकार रमेश पहाड़िया, अध्यक्ष धर्म सिंह तोमर व महासचिव सतीश शर्मा को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी ने क्लब की आगामी गतिविधियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में पहले आयोजित हुई बैठक के निर्णयानुसार सदस्यता अभियान भी चलाया गया। इस दौरान सदस्यता के लिए फार्म भरे गए।

# डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल में किया पौधरोपण



डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल में पौधरोपण करते स्टूडेंट्स व अन्य।

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** नए साल के अवसर पर डीसीएम लैंड ऑफ गॉड्स स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने मिलकर पौधे लगाए।

स्कूल की प्रिंसिपल रीना पांटा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ व हरा-भरा वातावरण बनाने का संदेश देना था। साथ ही विद्यार्थियों को पौधों के महत्व और उनकी देखभाल के बारे में भी जानकारी दी गई।

प्रिंसिपल ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ सेवा कार्यों को भी विशेष महत्व दिया जाता है। इसी कड़ी में कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। यह सेवा कार्य मानवता की भलाई को ध्यान में रखते हुए किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने शिक्षकगणों के साथ मिलकर भोजन की पैकिंग और वितरण में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## राजगढ़ में विकास ठप, अधूरी घोषणाओं से जूझता बीता साल

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ उपमंडल के लिए वर्ष 2025 कई खट्टी-मीठी यादों के साथ समाप्त हुआ। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में क्षेत्र में कोई नया विकास कार्य नहीं हुआ और न ही कोई नया प्रोजेक्ट स्वीकृत किया गया। कांग्रेस पार्टी में आंतरिक गुटबाजी और संगठनहीनता स्पष्ट रूप से सामने आई, जिससे उपमंडल में पार्टी कार्यकर्ता और ग्रासरूट स्तर पर सक्रिय नहीं हो पाए।

पूर्व भाजपा सरकार के दौरान किए गए कई घोषणाएं भी अधूरी पड़ी हैं। वर्ष 2018 में मिनी सचिवालय, नगर पंचायत पार्किंग, एचआरटीसी सब-डिपो, राजगढ़ स्टेडियम, बीडीओ कार्यालय, एंटी हेलगन, और शहर में 18 करोड़ की सीवरेज परियोजना की घोषणा हुई थी, लेकिन इनमें से अधिकांश कार्य पूरे नहीं हुए। एचआरटीसी बसों का बेड़ा घट गया और स्टाफ में भी कोई वृद्धि नहीं हुई।

वर्ष के दौरान भारी बारिश और भूस्खलन से प्रभावित परिवारों को राहत नहीं मिली। राजगढ़ से हरिद्वार, पीजीआई चंडीगढ़ और दिल्ली के लिए आज तक कोई सीधी बस सेवा नहीं चली। नगर पंचायत वार्ड 6 और 7 में पानी की समस्या बरकरार रही, पेंशनर्स और कर्मचारियों के लाभ और डीए की किश्तें लंबित रहीं। सरकारी कार्यालयों में नई भर्तियां न होने से कर्मचारियों की कमी बनी रही और योजनाओं का सही क्रियान्वयन प्रभावित हुआ। कुल मिलाकर राजगढ़ उपमंडल में विकास ठप रहा और सरकार आर्थिक स्थिति ठीक होने का नाटक करती रही।

## नालागढ़ धमाका कांग्रेस सरकार की विफल कानून-व्यवस्था का परिणाम : डॉ . सहजल

**अनंत ज्ञान, नालागढ़/सोलन**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सहजल ने नालागढ़ में हुए संदिग्ध धमाके, एनआईए जांच और क्षेत्र की लगातार बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नालागढ़ जैसे औद्योगिक और संवेदनशील क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं यह स्पष्ट करती हैं कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और सरकार हालात संभालने में पूरी तरह विफल रही है। डॉ. सहजल ने कहा कि कांग्रेस सरकार इसे सामान्य घटना बताकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

**मित्र मंडली के प्रभाव में एक्सटेंशन पर चल रहे डीएसपी, संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा से खिलवाड़**




उन्होंने नालागढ़ के डीएसपी भीष्म ठाकुर की तैनाती को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि डीएसपी भीष्म ठाकुर जनवरी 2024 में सेवानिवृत्त हो चुके थे, इसके बावजूद उन्हें दो वर्ष का एक्सटेंशन देकर नालागढ़ जैसे अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में तैनात किया गया। यह फैसला प्रशासनिक दृष्टि से भी और सुरक्षा के लिहाज से भी पूरी तरह समझ से परे है।

उन्होंने आरोप लगाया कि डीएसपी न केवल एक्सटेंशन पर कार्यरत हैं, बल्कि वे मुख्यमंत्री के मंत्रिमंडल के नजदीकी माने जाते हैं और अब उनके एक्सटेंशन में भी तथाकथित 'मित्र मंडली' का प्रभाव साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी अक्सर अवकाश पर रहते हैं, जिससे विभागीय कार्य प्रभावित होता है और क्षेत्र की कानून-व्यवस्था लगातार बद से बदतर होती जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदेश में कई योग्य, युवा और सक्रिय अधिकारी उपलब्ध हैं, तो फिर एक सेवानिवृत्त अधिकारी को राजनीतिक संरक्षण देकर ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में क्यों बनाए रखा गया है।

सहजल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रशासन को मित्रों और चहेतों के हवाले कर दिया है, जिसका खामियाजा आम जनता, उद्योगपति और श्रमिक भुगत रहे हैं। नालागढ़ जैसे औद्योगिक क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन चुका है, लेकिन सरकार आंखें मूंदे बैठी है।

## कोटडी व्यास स्कूल के परिस का अंडर-14 नेशनल हैंडबॉल में चयन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत आयोजित 69वें नेशनल गेम्स में शहीद कमलकांत मेमोरियल विद्यालय कोटडी व्यास के छात्र परिस का चयन अंडर-14 नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता राजस्थान के चितौड़गढ़ में आयोजित की जाएगी, जहां परिस हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। नौवीं कक्षा में अध्ययनरत परिस पिछले कई वर्षों से अपने कोच धर्मेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में हैंडबॉल की बारीकियां सीख रहा है। कड़ी मेहनत और अनुशासन के चलते उसे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिला है। इस सफलता पर उसके पिता दयाल भुड व्यास ने खुशी व्यक्त की है।



परिस के चयन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। स्कूल स्टाफ, एसएमसी कमेटी और विद्यार्थियों ने उसकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। एसएमसी अध्यक्ष मान सिंह सहित समिति सदस्यों ने कहा कि परिस का चयन विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विद्यालय के शिक्षकों और शिक्षाविदों ने परिस और उसके कोच को शुभकामनाएं दीं। पंचायत प्रधान ने कहा कि कोटडी व्यास स्कूल लगातार खेलों में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल टीम के चीफ डी मिशन धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि परिस वर्तमान में हमीरपुर के मंजेहेली में आयोजित नेशनल कैंप में प्रशिक्षण ले रहा है। इसके बाद वह 5 से 10 जनवरी तक चितौड़गढ़ में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा।

**कार्रवाई** पुलिस ने शराब माफिया पर कसा शिकंजा, भारी मात्रा में पकड़ी अवैध शराब

# दाड़लाघाट में शराब की 130 पेटियों समेत दो दबोचे

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस थाना दाड़लाघाट की पुलिस टीम थाना क्षेत्र के छामला में गश्त एवं कानून-व्यवस्था ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि राहुल तथा पवन कुमार नामक दो व्यक्ति वाहन नंबर एचपी82ए-4645 में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब लेकर जा रहे हैं।

प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मुकाम नवगांव में नाकाबंदी की गई तथा संदिग्ध वाहन को रोककर नियमानुसार जांच की गई। वाहन में दो व्यक्ति सवार पाए गए, जिनसे पूछताछ करने पर उनके नाम क्रमशः राहुल पुत्र पवन कुमार, निवासी गांव छपरोल तथा अजय कुमार पुत्र गुरदियाल सिंह, निवासी गांव कशारला, जिला मंडी मालूम हुए। इसके उपरांत जब वाहन की गहन तलाशी ली गई तो वाहन के डाले से कुल 130 पेटियां शराब (कुल 1560 बोतलें शराब अंग्रेजी व देसी) बरामद की गई। उपरोक्त बरामद की गई शराब की पेटियों में 55 पेटियां अंग्रेजी शराब (660 बोतलें अंग्रेजी) तथा 75 पेटियां देसी शराब (कुल 900 बोतलें देसी शराब, मार्का ऊना नं.-1 व संतरा पैराडाइज) पाई गईं। दोनों आरोपियों से शराब के संबंध में वैध परमिट अथवा लाइसेंस प्रस्तुत करने के लिए कहा गया, परंतु वे कोई भी वैध दस्तावेज पुलिस के समक्ष पेश नहीं कर सके।

इस पर पुलिस थाना दाड़लाघाट में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में प्रयुक्त वाहन को जब्त करके कब्जा पुलिस में लिया गया तथा दोनों आरोपियों को धारा 35(3) के अंतर्गत नोटिस देकर पाबंद किया गया। साथ ही दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। मामले में आगामी जांच जारी है।

## सिरमौर में अवैध शराब समेत आठ आरोपी दबोचे

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में पुलिस ने शराब माफिया पर शिकंजा कसते हुए 8 अलग मामलों में एक महिला समेत 8 आरोपियों के कब्जे से 39 लीटर अवैध शराब व 19 बोतलें देसी शराब के साथ धरे गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस टीम गुप्त सूचना के आधार पर पछाद ब्लॉक के गांव भंडेजी में गोशाला में छुपाई साढ़े चार लीटर अवैध शराब पकड़ी और आरोपी जसवंत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अन्य मामले में राजगढ पुलिस ने आरोपी जितेंद्र कुमार निवासी गांव कल्याब के ढाबे से 7 बोतलें देसी शराब बरामद की है। एसपी ने बताया कि पांवटा पुलिस ने हरियाणा निवासी पवन कुमार के कब्जे से कृपालशिला गुरुद्वारा रोड पर 4 लीटर अवैध शराब पकड़ी है। रेणुका पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान राम चंद्र निवासी कोटला मोलर के कब्जे 4 लिए शराब पकड़ी है। नेगी ने बताया कि पांवटा के पुरुवाला पुलिस टीम ने कश्मीर सिंह के कब्जे से 4 लीटर अवैध शराब बरामद की है। वहीं, मुकेश कुमार के कब्जे 10 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है। एसपी ने बताया कि संगडाह पुलिस टीम ने पोइला निवासी एक महिला के कब्जे से 5 लीटर अवैध शराब मिली है। नाहन में पुलिस ने वाल्मीकि बस्ती निवासी प्रज्वल के कब्जे से नजदीक बस स्टैंड 12 बोतलें देशी शराब बिना लाइसेंस के पकड़ीं है।

# कोटला बारोग स्कूल में ऑडिटोरियम का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



परीक्षा भवन के उद्घाटन अवसर पर स्वामी ओम परमहंस व अन्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटला बारोग में लगभग 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन ऑडिटोरियम/परीक्षा भवन का उद्घाटन गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक अवसंरचना का उद्घाटन परम स्वामी ओम, बद्रिका आश्रम शलामू ने विधिवत विद्यालय को समर्पित किया गया।

इस अवसर पर साध्वी श्रद्धा ओम की पावन उपस्थिति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। उद्घाटन समारोह में राजीव मित्तल, प्रशासनिक अधिकारी एवं ट्रस्टी, बद्रिका आश्रम शलामू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके सहयोग, मार्गदर्शन और सेवा भाव से यह परियोजना साकार हो सकी। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों तथा ग्रामवासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत डारो देवरिया के प्रधान देवेंद्र कंवर, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान गोविंद शर्मा आदि ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

उद्घाटन के उपरांत अपने आशीर्वचन में परम पूज्य साध्वी श्रद्धा ओम जी ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें संस्कार, अनुशासन और मानवता का समावेश होना आवश्यक है। प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने कहा कि यह ऑडिटोरियम/परीक्षा भवन विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### फरीदाबाद में दूसरी मंजिल से गिरा वेल्डर, मौत

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** सीकरी चौकी क्षेत्र में एक रिजॉर्ट में काम कर रहे मजदूर की पैर फिसल जाने से मौत हो गई। मृतक मूल रूप से यूपी के अलीगढ़ का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बल्लभगढ़ से विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा के परिवार का यह रिजॉर्ट है। मृतक के चाचा रामगोपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि, 38 साल का उनका भतीजा लोकेश वेल्डिंग का काम करता था। वह पिछले एक साल से गांव सीकरी स्थित मिलन रिजॉर्ट में काम कर रहा था। शनिवार को वह रिजॉर्ट की दूसरी मंजिल पर बाहर की तरफ से वेल्डिंग का काम कर रहा था। काम करते हुए अचानक से पैर फिसल गया और नीचे आकर गिर गया। लोकेश के नीचे गिरने की आवाज को सुनकर दूसरे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए उसको अस्पताल में लेकर गए। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन पर शिकंजा, 20 लाख की एफडी फ्रीज

**अनंत ज्ञान, हिसार।** नारनौंद क्षेत्र के एक नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं के आंदोलन के बाद अब प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कॉलेज प्रबंधन पर कार्रवाई तेज कर दी है। कॉलेज चेयरमैन जगदीश गोस्वामी की गिरफ्तारी के बाद प्रशासन ने कॉलेज के सभी बैंक खातों के साथ करीब 20 लाख रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) फ्रीज कर दी है। अब बिना अनुमति किसी भी खाते से लेनदेन नहीं हो सकेगा। छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने माइग्रेशन प्रक्रिया भी तेज कर दी है। एक जनवरी से माइग्रेशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें अब तक करीब 150 छात्राओं ने आवेदन जमा कर दिए हैं। ये आवेदन पंचकूला भेजे जा रहे हैं, जहां से नियमानुसार आगे की कार्रवाई होगी। एसडीएम विकास यादव ने बताया कि छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए किसी भी स्तर पर देरी नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन के अनुसार माइग्रेशन लेने वाली छात्राओं को रोहतक, अंबाला, करनाल, बहादुरगढ़ और फतेहाबाद के नर्सिंग कॉलेजों में रिक्त सीटों पर दाखिला दिया जाएगा। कॉलेज परिसर में फिलहाल सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात है। आरोपी चेयरमैन की जमानत याचिका वापस लिए जाने से वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में ही रहेगा।

### पानीपत में महिला की हत्या कर शव खेतों में फेंका

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत के गांव भाऊपुर में एक महिला की हत्या करके शव को खेतों में फेंक दिया गया। मृतक महिला की अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। महिला का शव अर्धनग्न हालत में पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। उसके चेहरे पर ईंट से वार के कई निशान हैं। पुलिस ने आशंका जताई है कि महिला की हत्या सिर और चेहरे पर ईंट से वार कर की गई है। शव के पास खून से सनी ईंटें भी बरामद हुई हैं। पुलिस के अनुसार महिला की हत्या किसी दूसरे स्थान पर नहीं, बल्कि खेतों में ही की गई है और शव की पहचान नहीं हो पाई है। महिला के शव का पता तब शनिवार की सुबह तब चला जब कुछ ग्रामीण सामान्य की भांति खेतों में काम करने पहुंचे। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही इसराना थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर मौके पहुंचकर जांच शुरू कर दी और शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों और आरोपियों की पहचान के लिए सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। अज्ञात हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### झज्जर में 16,724 महिलाएं लाडो लक्ष्मी योजना की पात्र

**अनंत ज्ञान, झज्जर।** दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दायरे के विस्तार से झज्जर जिले की 16,724 महिलाओं को आर्थिक संबल मिलेगा। उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि एक लाख रुपये तक वार्षिक पारिवारिक आय वाली महिलाओं को पहले की तरह 2100 रुपये प्रतिमाह की सहायता मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए योजना में तीन नई श्रेणियां जोड़ी गई हैं, जिनके लिए पारिवारिक आय सीमा 1.80 लाख रुपये तय की गई है। इन श्रेणियों में मेधावी छात्रों की माताएं, निपुण मिशन के तहत दक्षता हासिल करने वाले बच्चों की माताएं और कुपोषण से उबरकर ग्रीन जोन में आने वाले बच्चों की माताएं शामिल होंगी। योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

# सरकार ने युवाओं को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा : मुख्यमंत्री सैनी

## पंचकूला में 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2026 में युवाओं को किया संबोधित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने हमेशा युवाओं को अपनी नीतियों के केंद्र में रखते हुए अनेक युवा केंद्रित योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने पिछले एक दशक में जो कर दिखाया है जो अन्य सरकारें कई दशकों में नहीं कर सकी।

मुख्यमंत्री शनिवार को पंचकूला में 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2026 में भाग लेने वाले हरियाणा राज्य के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम को मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम भी उपस्थित थे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2026 में भाग लेने वाले 64 युवाओं के प्रतिनिधिमंडल को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रतिनिधिमंडल भारत मंडपम, नई दिल्ली में 9 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2026 में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे, जिनमें ग्रुप डांस, वाद विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग, यंग लीडर्स डायलाग, हैक फार सोशल कॉज, डिजाइन फॉर विकसित भारत शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ध्वज केवल कपड़े का एक टुकड़ा नहीं है। यह हमारे पूर्वजों से मिले संस्कारों, हमारी वीर संस्कृति और हमारे युवाओं के अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी युवा शक्ति से तय होता है। जब युवा ऊर्जावान, शिक्षित, आत्मविश्वासी और राष्ट्र के प्रति समर्पित होते हैं, तब कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। सैनी ने कहा कि विधानसभा चुनावों का वह दौर, जब उन्होंने युवाओं से वादा किया था कि पद ग्रहण करते ही सबसे पहले 24 हजार युवाओं के घरों में सरकारी नौकरी का दीया जलेगा। हमने अपने उस वचन को पत्थर की लकीर माना और 17 अक्तूबर, 2024 को मंत्रिमंडल गठन के साथ ही 24 हजार युवाओं को ग्रुप-सी की नौकरियों के नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इससे पहले युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा राज्य से अलग अलग विधाओं के कुल 64 प्रतिभागी जो कि हरियाणा के अलग अलग जिलों से हैं, राष्ट्रीय स्तर पर अपने अपने क्षेत्रों में जौहर दिखाएंगे व अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

# दीपक ठाकुर का नया पंजाबी ट्रैक 'हाफ माइंड' 5 को होगा रिलीज



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

दीपक ठाकुर ने अपने प्रोडक्शंस हाउस और लेबल मैडी एंटरटेनमेंट के तहत नए पंजाबी गाने 'हाफ माइंड' की घोषणा की है। गाने का प्रोडक्शन दीपक ठाकुर और मनोज कुमार ने किया है, जबकि निर्देशन दीपक ठाकुर ने संभाला है।

दीपक ने बताया कि गाने की योजना विराज की आवाज सुनने के बाद बनाई गई और लगभग एक महीने की मेहनत के बाद इसे तैयार किया गया। 'हाफ माइंड' 5 जनवरी, 2026 से सभी म्यूजिक चैनलों और सोशल मीडिया पर उपलब्ध होगा।

गाना एक मॉडर्न पार्टी और हिप-हॉप ट्रैक है, जिसमें दीपक ने प्रोड्यूसर, डायरेक्टर, गीतकार और म्यूजिक कंपोजर की भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने छोटे क्लिप में अपनी एक्टिंग से भी दर्शकों का ध्यान खींचा। गाने में म्यूजिक ऐश अमन ने दिया है, कोरियोग्राफी उमा कांत ने संभाली है, जबकि डी ओ पी मोहन हैं। दीपक ठाकुर का कहना है कि यह 3.15 मिनट का बीट सांग युवाओं की पसंद बनेगा और विराज की मधुर आवाज से सुनने वालों को मदहोश कर देगा। मैडी एंटरटेनमेंट का उद्देश्य नए टैलेंट को प्लेटफॉर्म देना और इंडस्ट्री को ओरिजिनल, क्वालिटी कंटेंट प्रदान करना है, और 'हाफ माइंड' इसी विजन का जीवंत उदाहरण है।

# उत्तराखंड युवा मंच ने चंडीगढ़ में जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

उत्तराखंड युवा मंच द्वारा शहर के विभिन्न सेक्टरों एवं अस्पतालों में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। मंच पिछले 33 वर्षों से समाजहित में लगातार इस प्रकार के कार्य करता आ रहा है।

मंच के प्रधान प्रदीप सिंह व महासचिव उमेश सलवाशी ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए मंच द्वारा यह निर्णय लिया गया, ताकि जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत मिल सके। इसके लिए मंच की अलग अलग टीमें बना कर पीजीआई, सेक्टर 16, 32 हॉस्पिटल व रास्ते में जहां भी जरूरतमंद लोग दिखे उनको ये सेवा प्रदान की गई।

# वीडियोग्राफी के साथ हुआ जेल वार्डन का पोस्टमार्टम, परिजनों ने लिया शव

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा जिला जेल के वार्डन सुखदेव सिंह का शनिवार को नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। परिजनों की मांग पर पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई गई, जिसके बाद परिजन शव लेने के लिए सहमत हुए। इसके साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस ने राहत की सांस ली।

मृतक वार्डन की मौत के मामले में परिजनों के बयान पर जेल के डीएसपी और लाइन ऑफिसर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। परिजनों ने पहले आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव का अंतिम संस्कार न करने की चेतावनी दी थी। सुबह नागरिक अस्पताल पहुंचे परिजनों ने गिरफ्तारी की मांग को लेकर रोष जताया। मौके पर पहुंचे डीएसपी राज सिंह ने मृतक के पिता दीप सिंह और बेटे जसपाल से बातचीत कर भरोसा दिलाया कि सुसाइड नोट में जिन अधिकारियों के नाम हैं, उनके खिलाफ केस दर्ज किया जा चुका है और एससी-एसटी एक्ट भी लगाया गया है। निष्पक्ष जांच का आश्वासन मिलने के बाद परिजन शव लेकर फतेहाबाद जिले के गांव हिजरांवा रवाना हो गए।

# अजय ठाकुर न अपने जन्मदिवस पर 62 स्टूडेंट्स को शैक्षणिक भ्रमण पर भेजा

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



छात्रों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अजय ठाकुर।

**बंगाणा।** प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय ह्यूमन राइट युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने अपने जन्मदिवस को सेवा और संस्कार के रूप में मनाकर एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। उन्होंने अपने निजी खर्च पर अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के 62 विद्यार्थियों को चार दिवसीय शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक भ्रमण पर रवाना किया। यह भ्रमण कुल्लू-मनाली, मणिकर्ण, रोहतांग पास और माता हिडिंबा मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों तक आयोजित किया गया।

भ्रमण से पूर्व माता जमासनी मंदिर में पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ किया गया, जिसके बाद अजय ठाकुर ने शैक्षणिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यात्राएं और सांस्कृतिक अनुभव भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। अजय ने बताया कि वे स्वयं इसी कॉलेज के छात्र रहे हैं, इसलिए संस्थान और विद्यार्थियों से उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। वह वर्षों से कॉलेज के छात्रों को भ्रमण पर भेजने की परंपरा निभा रहे हैं। साथ ही, वह गरीब और जरूरतमंद छात्रों की फीस, किताबें और अन्य शैक्षणिक जरूरतें भी स्वयं वहन करते हैं।

## देश-विदेश

# इंदौर में जहरीले पानी से 16वीं मौत

**अनंत ज्ञान, इंदौर**

**इंदौर** में दूषित पानी पीने से मरने वालों की संख्या 16 हो गई है। हीरालाल (65) की मौत 31 दिसंबर को हुई थी। भागीरथपुरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मुताबिक हीरालाल नमक बुजुर्ग निवासी शीतल नगर लक्ष्मी नगर में किसी के पास मिलने आए थे, तभी उनकी हालत खराब हुई थी। मौत कार्डियक अरेस्ट से होने की बात सामने आई थी। उधर, इंदौर के भागीरथपुरा में कांग्रेस और बीजेपी कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए हैं। दोनों तरफ से जमकर नारेबाजी की जा रही है।

बीजेपी कार्यकर्ता 'बाहरी लोग वापस जाओ' के नारे लगा रहे हैं तो कांग्रेसी 'घंटा पार्टी मुर्दाबाद' के नारे लगा रहे हैं। मौके पर मौजूद पुलिस लगातार समझाइश दे रही है। इधर, मौतों के मामले में राज्य सरकार ने शुक्रवार को नगर निगम कमिश्नर दिलीप यादव को हटा दिया। आईएएस क्षितिज सिंघल इंदौर नगर निगम के नए आयुक्त होंगे।वहीं, एडिशनल कमिश्नर रोहित सिसोनिया और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव को सस्पेंड कर दिया। शुक्रवार को ही सरकार ने हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश की है कि इंदौर में दूषित पानी से सिर्फ 4 मौतें हुई हैं। सरकार की यह रिपोर्ट तब आई है, जब मृतकों के परिजन और अस्पतालों के जरिए 15 मौतों की जानकारी सामने आ चुकी है। अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। इससे पहले 1 जनवरी को हाईकोर्ट ने सरकार को स्टेटस रिपोर्ट जमा करने को कहा था। सरकार ने 5 दिन बाद 4 मौतों की बात स्वीकारी। 39 पेज की स्टेट्स रिपोर्ट में बताया कि सभी मृतकों की उम्र 60 साल से ज्यादा है। (अनंत ज्ञान)

# अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का गुर्गा किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्कर गिरोह के गुर्गे को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से दो पिस्टल और छह जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित के ऊपर हत्या, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कुल छह संगीन मामले पहले से ही दर्ज हैं।

पुलिस उपायुक्त (क्राइम ब्रांच) आदित्य गौतम ने बताया कि साइबर सेल की टीम ने तकनीकी निगरानी और सटीक खुफिया सूचना के आधार पर इस अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान ने चीन को संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** ने चीन के 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान मध्यस्थता के दावे का समर्थन किया है। चीन के दावे से जुड़े सवाल के जवाब में पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने कहा कि चीनी नेता उन दिनों पाकिस्तानी नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में थे। चीन के नेताओं ने भारतीय नेतृत्व से भी कुछ बातचीत की थी।

पाकिस्तान का यह बयान चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बयान के बाद आया है। वांग यी ने 30 दिसंबर को बीजिंग में कहा था कि चीन दुनिया के कई संघर्षों को सुलझाने में मदद करता रहा है। उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए तनाव के दौरान भी चीन ने मध्यस्थता की थी। पाकिस्तान सरकार ने ट्रम्प को नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया था। पाकिस्तान का कहना था कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ट्रम्प की कूटनीतिक पहल और मध्यस्थता ने एक बड़े युद्ध को टालने में मदद की। पाकिस्तानी सरकार ने अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में कहा था कि ट्रम्प ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों से बात कर संघर्षविराम में अहम भूमिका निभाई। इससे दो न्यूक्लियर ताकत वाले देशों के बीच युद्ध की आशंका टल गई। (अनंत ज्ञान)

# राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास पहला सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित

**अनंत ज्ञान, राजौरी**

**जम्मू**-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के समीप पहला सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित किया गया है। इस पहल से सीमावर्ती क्षेत्रों में सूचना के प्रभावी प्रसार को मजबूती मिलेगी और स्थानीय लोगों को अपनी बात रखने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध होगा। इस रेडियो स्टेशन का नाम 'रेडियो संगम' रखा गया है। अधिकारियों के अनुसार, भारतीय सेना ने नागरिक प्रशासन और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से एलओसी से लगभग एक किलोमीटर दूर केरी गांव में इस सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना की है। यह नियंत्रण रेखा के पास स्थापित किया गया पहला सामुदायिक रेडियो स्टेशन है, जो अपने आप में एक महत्वपूर्ण और रणनीतिक पहल मानी जा रही है। रेडियो संगम की स्थापना का मुख्य उद्देश्य सीमा पार से फैलने वाली गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार का प्रभावी तरीके से मुकाबला करना है। यह स्टेशन प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी साझा करेगा, साथ ही स्थानीय मुद्दों, जनसमस्याओं और सामाजिक विषयों पर संवाद को बढ़ावा देगा। अधिकारियों ने बताया कि इसकी रणनीतिक स्थिति के कारण 'रेडियो संगम' का प्रसारण नियंत्रण रेखा के पार के कुछ क्षेत्रों में भी सुना जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप ने सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए 29 लाख अमेरिकी डॉलर के चिप सौदे को किया रद्द

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 29 लाख अमेरिकी डॉलर के कंप्यूटर चिप सौदे को रद्द करने का शुक्रवार को आदेश देते हुए कहा कि अगर वर्तमान मालिक 'हाइफो कॉर्प' प्रौद्योगिकी पर नियंत्रण बनाए रखता है तो यह अमेरिकी सुरक्षा हितों के लिए खतरा बन सकता है। इस कार्यकारी आदेश ने एक ऐसे व्यापारिक सौदे पर ध्यान केंद्रित किया, जो मई 2024 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के दौरान घोषित किया गया था।

इस सौदे में एयरोस्पेस और रक्षा विशेषज्ञ एमकोर कॉर्प ने अपने कंप्यूटर चिप और वेफर निर्माण कार्यों को 29 लाख अमेरिकी डॉलर में हाइफो को बेच दिया था। लेकिन ट्रंप अब 'हाइफो' से मांग कर रहे हैं कि वह 180 दिनों के भीतर इस तकनीक से अपनी हिस्सेदारी समाप्त कर दे। उन्होंने ''विश्वसनीय सबूत'' का हवाला देते हुए कहा कि मौजूदा मालिक चीन का नागरिक है। हाइफो ने ट्रंप के इस आदेश पर टिप्पणी के अनुरोध का तत्काल कोई जवाब नहीं दिया। (अनंत ज्ञान)

# राजस्थान में नए साल में पहली बार तापमान 0 डिग्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**


**राजस्थान** में नए साल में पहली बार तापमान 0 डिग्री पहुंचा। हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा जमाव बिंदु पर आ गया। रेगिस्तानी जिलों बाड़मेर, बीकानेर में भी कड़ाके की सर्दी रही। सीकर, हनुमानगढ़ समेत 10 जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं मध्य प्रदेश में अगले 3 दिन घना कोहरा छाया रहेगा फिर तेज सर्दी का दौर आएगा। भोपाल और इंदौर में बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग की मानें तो जनवरी में 15 से 20 दिन तक शीतलहर चल सकती है। कड़ाके की ठंड का दौर दूसरे सप्ताह में शुरू होगा, जो आखिरी तक बना रहेगा। उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब समेत पिथौरागढ़ में बर्फ गिरी जिससे निचले इलाकों में ठंड बढ़ गई है। 7 शहरों में तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया। बद्रीनाथ में तापमान माइनस 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ समेत 15 राज्यों में कोहरे का अलर्ट। पहाड़ी राज्यों के निचले इलाकों में हल्की बारिश, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की वायु गुणवत्ता अब भी खराब श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 240 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। वहीं, राजधानी में शनिवार को न्यूनतम



तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 1.2 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, तीन से छह जनवरी के बीच शहर में कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने की संभावना है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम में न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक है। इसी तरह लोधी रोड में तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक यानी आठ डिग्री सेल्सियस, रिज में तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री अधिक यानी नौ डिग्री सेल्सियस और आयानगर में न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.1 डिग्री कम है। सुबह नौ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 95 प्रतिशत दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)

# पौष पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी



**एजेंसी, प्रयागराज।** प्रयागराज में शनिवार भोर में लाखों श्रद्धालुओं के संगम डुबकी लगाने के साथ ही माघ मेला का भव्य और दिव्य शुभारंभ हो गया। पौष पूर्णिमा पर 15 लाख श्रद्धालु डुबकी लगाई है। इस दौरान देश विदेश से आए लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाकर पुण्य कमाएंगे।

सनातन धर्म में प्रयागराज का यह माघ मेला धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर यहां श्रद्धालुओं को संगम में स्नान से अक्षय पुण्य मिलता है। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघ मेला के शुभारंभ पर कल्पवासियों व श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली में बंदरों को भगाने के लिए लोगों की होगी भर्ती, लंगूर की निकालेंगे आवाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा परिसर में बंदरों के बार-बार घुसने और उत्पात मचाने की समस्या से निपटने के लिए विधानसभा प्रशासन ने नई तरकीब निकाली है। बंदरों को भगाने के लिए लंगूर की आवाज की नकल करने वाले लोगों को तैनात करने की योजना बनाई गई है।

लोक निर्माण विभाग ने लंगूरों की आवाज निकालने वाले लोगों की हायरिंग के लिए टेंडर भी निकाल दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, पहले उनके पास लंगूर की नकल करने वाले लोग थे, लेकिन उनका कांट्रेक्ट खत्म हो गया है। अब प्रशासन वर्किंग डे और शनिवार को प्रशिक्षित कर्मियों को तैनात करने की योजना बना रहा है, जिनमें से हर कर्मी 8 घंटे की शिफ्ट में काम करेगा। ये कर्मी लंगूर की आवाज की नकल कर बंदरों को भगाएंगे। विशेषज्ञ अपने साथ एक लंगूर भी लाएगा। अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा के आसपास दर्जनों बंदर मौजूद रहते हैं। ये अक्सर तारों और डिश एंटीना पर कूदते हैं और उन्हें तोड़ देते हैं। बंदरों से दिल्ली विधानसभा में मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है। दिल्ली में 2023 में आयोजित जी-20 समिट के दौरान बंदरों की समस्या से निपटने के लिए जगह-जगह लंगूर के कटआउट लगाए गए थे। एक अधिकारी ने बताया कि पहले विधानसभा परिसर में लंगूर के पुतले लगाने की भी योजना थी, लेकिन बंदर उनसे डरना बंद कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तानी ने स्वदेशी तैमूर मिसाइल का उड़ान परीक्षण

**अनंत ज्ञान, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की वायुसेना ने 600 किलोमीटर दूरी तक लक्ष्य को निशाना बनाने वाली स्वदेशी तैमूर हथियार प्रणाली का उड़ान परीक्षण किया है। पाक सेना ने रावलपिंडी में कहा कि यह परीक्षण राष्ट्रीय 'एयरोस्पेस' और रक्षा क्षमताओं के विकास में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 'तैमूर मिसाइल 600 किलोमीटर की दूरी तक दुश्मन के जमीनी और समुद्री लक्ष्यों को उच्च सटीकता के साथ निशाना बना सकती है और इसमें पारंपरिक हथियार ले जाने की क्षमता है।' अत्याधुनिक प्रणाली से लैस तैमूर को बेहद कम ऊंचाई पर उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे यह दुश्मन की वायु और मिसाइल रक्षा प्रणालियों को प्रभावी ढंग से चकमा दे सकती है। सेना ने कहा कि इस सफल उड़ान परीक्षण से पाकिस्तान के रक्षा उद्योग की तकनीकी परिपक्वता, नवाचार और आत्मनिर्भरता उजागर होती है। इस परीक्षण को पाकिस्तान सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ उन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने भी देखा, जिन्होंने इस उन्नत हथियार प्रणाली के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### पूर्व स्टार फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस को अस्पताल से मिली छुट्टी

**एजेंसी, साओ पाउलो।** ब्राजील और रियाल मैड्रिड के पूर्व स्टार फुटबॉलर रॉबर्टो कार्लोस को इस सप्ताह के शुरू में की गई हृदय शल्यक्रिया के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। रॉबर्टो कार्लोस को सोमवार को हृदय में कुछ परेशानी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस 52 वर्षीय खिलाड़ी को उसी दिन कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी गई। यह प्रक्रिया न्यूनतम चीर-फाड़ वाली होती है। इसमें दिल की अवरुद्ध या संकुचित धमनियों को चौड़ा किया जाता है। इस पूर्व डिफेंडर को चिकित्सा प्रोटोकॉल के कारण शुरू में गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था। रॉबर्टो कार्लोस एक जमाने में ब्राजील की टीम के अहम सदस्य थे। उन्होंने ब्राजील की तरफ से 125 मैच खेले। वह विश्व कप 1998 में उपविजेता और 2002 में चैंपियन रही ब्राजील की टीम के सदस्य थे। वह रियाल मैड्रिड की तरफ से 11 साल तक खेले। (अनंत ज्ञान)

### स्टैन वावरिंका ने यूनाइटेड कप में जीत के साथ की अपने विदाई वर्ष की शुरुआत

**एजेंसी, पर्थ।** इस सत्र के बाद संन्यास लेने की पहले ही घोषणा कर चुके स्टेन वावरिंका ने 40 वर्ष की उम्र में भी अपने दमखम का शानदार नमूना पेश करते हुए शनिवार को यहां यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट में जीत के साथ नए साल की शुरुआत की। तीन बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वावरिंका ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच को 5-7, 7-6 (5), 7-6 (5) से हराया। रिंडरकनेच की विश्व रैंकिंग 29, जबकि वावरिंका की 157 है। यह मैच तीन घंटे 16 मिनट तक चला। वावरिंका ने दिसंबर में घोषणा की थी कि यह वर्ष एटीपी टूर पर उनका आखिरी वर्ष होगा। स्विट्जरलैंड की उनकी साथी खिलाड़ी बेलिंडा बेनसिच ने इस मिश्रित टीम प्रतियोगिता के एक अन्य मुकाबले में फ्रांस की लियोलिया जीनजेन को 6-2, 6-4 से हराकर स्विस टीम को 2-0 से अजेय बढ़त दिलाई। (अनंत ज्ञान)

### प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी में राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वाराणसी के 'डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम' में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करेंगे। 4 से 11 जनवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में पूरे देश से 1,000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों और संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाली 58 टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। यहां जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस टूर्नामेंट में भारतीय वॉलीबाल में उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा, खेल भावना और प्रतिभा का प्रदर्शन होने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि वाराणसी में 72वें राष्ट्रीय वॉलीबाल टूर्नामेंट की मेजबानी यह दर्शाता है कि शहर में खेल अवसंरचना को मजबूत करने के साथ खेल विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### एना के आगे मॉडल्स भी फेल

**सर्बिया।** सर्बिया की टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविक भी खूबसूरती में किसी से पीछे नहीं हैं। वह दुनिया की नंबर वन टेनिस खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। उनकी सुंदरता के आगे कई मॉडल्स फेल हैं। वह अपने आक्रामक खेल के लिए जानी जाती हैं।



# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

## ईशान और संजू को नहीं मिला मौका, श्रेयस की हुई वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए शनिवार को भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान किया गया। चोट के बाद वापसी कर रहे शुभमन गिल ही भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। वहीं श्रेयस अय्यर को उपकप्तानी सौंपी गई है। टी20 विश्व कप को देखते हुए हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है।

बीसीसीआई की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, सीनियर पुरुष चयन समिति ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम का चयन कर लिया है। यह सीरीज 11 जनवरी से वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगी। चोट के बाद श्रेयस अय्यर की वापसी हुई है। श्रेयस अय्यर की उपलब्धता बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस मिलने पर निर्भर है। बोर्ड की ओर से दी गई जानकारी के मुताबकि, बीसीसीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने हार्दिक पांड्या को एक मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति नहीं दी है। आगामी आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप को देखते हुए उनके वर्कलोड को मैनेज किया जा रहा है। वनडे सीरीज के लिए चुनी गई टीम में बतौर विकेटकीपर केएल राहुल और ऋषभ पंत को चुना गया है। पंत की खराब फॉर्म को देखते हुए कयास लगाए जा रहे थे कि ईशान किशन या संजू का आजमाया जा सकता है। हालांकि, सेलेक्टर्स ने ऐसा नहीं किया। (अनंत ज्ञान)

**भारतीय टीम**

**शुभमन** गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल।

### पार्ल रॉयल्स ने एमआई केपटाउन को से हराया

**एजेंसी, पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)।** लुआन ड्रे प्रिटोरियस 98 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे पार्ल रॉयल्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक रोमांचक मैच में एमआई केपटाउन को एक रन से हराया। प्रिटोरियस शतक बनाने से चूक गए, लेकिन उनकी 69 गेंद पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से खेली गई शानदार पारी और आसा ट्राइब (34 गेंदों में 51 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की मदद से रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 181 रन बनाए। इसके जवाब में एमआई केपटाउन ने आठ विकेट 180 रन बनाए।

रयान रिकेलटन (36) और रासी वैन डेर डुसेन (42 गेंदों में 59 रन) ने पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी करके एमआई केपटाउन को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए और 15 ओवर तक उसका स्कोर छह विकेट पर 118 रन हो गया। एमआई केपटाउन के कप्तान राशिद खान (18 गेंदों में 35 रन) ने जॉर्ज लिंडे (नाबाद 20) के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी करके टीम को संभाला। उसे अंतिम ओवर में 15 रन की जरूरत थी, लेकिन राशिद और कागिसो रबाडा के आउट होने से उसकी टीम लक्ष्य तक पहुंचने में नाकाम रही। रॉयल्स की तरफ से ओटनील बार्टमैन ने 51 रन देकर चार और सिकंदर रजा ने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

### विजय हजारे ट्रॉफी

# हार्दिक की शतकीय पारी के बावजूद बड़ौदा हारा

**एजेंसी, राजकोट**



हार्दिक पांड्या की 92 गेंद में 133 रन की आक्रामक पारी के बावजूद बड़ौदा को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मैच में शनिवार को यहां विदर्भ के खिलाफ नौ विकेट की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। हार्दिक ने अपनी पारी में आठ छक्के और 11 चौके जड़े। उन्होंने इस दौरान पारी के 39वें ओवर में लगातार पांच छक्के और एक चौका भी लगाया।

बड़ौदा का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 71 रन था लेकिन इसके बाद हार्दिक ने अपना कमाल दिखाते हुए टीम को नौ विकेट पर 293 रन तक पहुंचा दिया। विदर्भ ने हालांकि, लक्ष्य का पीछा करते हुए आसानी से जीत हासिल कर ली। अमन मोखाडे ने 121 गेंदों में 150 रन बनाकर नाबाद रहे और ध्रुव शोरे ने 76 गेंदों में 65 रन का योगदान दिया। टीम ने 294 रनों का लक्ष्य 41.4 ओवरों में ही हासिल कर लिया। विदर्भ की यह पांच मैचों में चौथी जीत थी, जबकि बड़ौदा को पांच मैचों में दूसरी हार का सामना करना पड़ा।

इस प्रतियोगिता में अपना पहला मैच खेल रहे हार्दिक ने सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए तूफानी पारी खेली। इस तरह से वह अपने 119 वें मैच में लिस्ट ए में अपना पहला शतक जमाने में सफल रहे।

हार्दिक ने 39वें ओवर में विदर्भ के स्पिनर पार्थ रेखाडे को निशाना बनाया। उन्होंने इस ओवर में कुल 34 रन बटोरे, जिसमें पांच छक्के और एक चौका शामिल था। उन्होंने पहली पांच गेंदों पर छक्के लगाए लेकिन आखिरी गेंद पर चौका ही लगा सके।ग्रुप के अन्य मैच में हैदराबाद ने राजकोट में तिलक वर्मा की 109 गेंद में 118 रन की पारी के बूते नौ विकेट पर 286 रन बनाने के बाद चंडीगढ़ की पारी को 150 रन पर समेट कर 136 रन की बड़ी जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

# टॉफेल बोले–टी20 में गेंदबाज को मिलने चाहिए पांच ओवर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर साइमन टॉफेल ने टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजों के बढ़ते वर्चस्व पर चिंता जताते हुए सुझाव दिया है कि इस प्रारूप में एक गेंदबाज को मौजूदा चार ओवर की जगह पांच ओवर फेंकने की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन बनाया जा सके।

क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में फिलहाल प्रत्येक गेंदबाज को अधिकतम चार ओवर ही फेंकने की इजाजत है, लेकिन टॉफेल का मानना है कि एक अतिरिक्त ओवर देने से खेल में नया रणनीतिक आयाम जुड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि अगर कोई बल्लेबाज पहली गेंद से आखिरी गेंद तक क्रीज पर रह सकता है, तो हम गेंदबाजों को सिर्फ चार ओवर तक क्यों सीमित कर रहे हैं। क्या किसी एक गेंदबाज को एक अतिरिक्त ओवर देने पर विचार नहीं किया जा सकता? टॉफेल ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच संतुलन स्थापित करना है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह सीमित ओवरों के क्रिकेट में किए जा रहे सभी नए नियमों और प्रयोगों के पक्ष में नहीं हैं।

उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर नियम और रणनीतिक टाइमआउट जैसे बदलावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि हर बदलाव खेल के हित में नहीं होता और केवल मार्केटिंग के उद्देश्य से नियमों में बदलाव करते रहना खतरनाक हो सकता है। टॉफेल ने कहा कि आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर है, आईएलटी20 में सुपर सब। मैं व्यक्तिगत तौर पर 11 खिलाड़ियों बनाम 11 खिलाड़ियों का खेल देखना पसंद करता हूं और चाहता हूं कि क्रिकेट में ज्यादा ऑलराउंडर उभरें। (अनंत ज्ञान)

# पाक ने आईसीसी को सौंपी टी20 विश्व कप की संभावित टीम

**एजेंसी, लाहौर**




फाइल फोटो

पाकिस्तान ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय संभावित टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सौंप दी है। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अब तक इसे सार्वजनिक नहीं किया है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने इसकी पुष्टि की।

आईसीसी ने सभी भाग लेने वाली टीमों को एक जनवरी तक अपनी संभावित टीम जमा करने का निर्देश दिया था और पीसीबी ने तय समय सीमा के भीतर यह प्रक्रिया पूरी कर ली है। सभी टीमों को 31 जनवरी तक अपनी संभावित सूची में बदलाव करने की छूट दी गई है, इसके बाद किसी भी परिवर्तन के लिए आईसीसी की टूर्नामेंट तकनीकी समिति की मंजूरी आवश्यक होगी।

सूत्रों के अनुसार संभावित टीम में पूर्व कप्तान बाबर आजम, चोटिल तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और ऑलराउंडर शादाब खान को शामिल किया गया है। शादाब कंधे की चोट के कारण पिछले साल मई से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर थे, लेकिन उन्होंने हाल ही में बिग बैश लीग के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है। उन्हें सात जनवरी से श्रीलंका में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए भी पाकिस्तान की टीम में चुना गया है।

**15 सदस्यीय स्क्वॉड में बाबर आजम शाहीन अफरीदी टीम में शामिल**

सूत्रों ने बताया कि श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के लिए चयनित अधिकांश खिलाड़ियों को विश्व कप की संभावित टीम में भी जगह दी गई है। हालांकि, तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को संभावित टीम में शामिल नहीं किया गया है, जबकि शाहीन शाह अफरीदी का अंतिम चयन उनकी घुटने की चोट से पूरी तरह उबरने पर निर्भर करेगा। वह पिछले महीने बिग बैश लीग के दौरान चोटिल हो गए थे।

संभावित टीम में शामिल अन्य खिलाड़ियों में स्पिनर उस्मान तारिक और अबरार अहमद, ऑलराउंडर फहीम अशरफ और मोहम्मद नवाज, बल्लेबाज साइम अयूब, साहिबजादा फरहान, फखर जमां, उस्मान खान और सलमान अली आगा के अलावा तेज गेंदबाज नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# मुंबई मैराथन में अनीश–निर्मबेन करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**एजेंसी, मुंबई**

मौजूदा चैंपियन अनीश थापा और निर्मबेन ठाकोर 18 जनवरी को होने वाली टाटा मुंबई मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस मैराथन को विश्व एथलेटिक्स से गोल्ड लेबल रेस का दर्जा हासिल है। इस वर्ष की मैराथन में देश के 36 शीर्ष एथलीट भाग लेंगे। इनमें 23 पुरुष और 13 महिला एथलीट शामिल हैं।

भारतीय एलीट पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष तीन स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः पांच लाख रुपये, चार लाख रुपए और तीन लाख रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा प्रतियोगिता में नया रिकार्ड बनाने वाले खिलाड़ी को दो लाख रुपए का अलग पुरस्कार मिलेगा। वर्तमान में भारतीय रिकॉर्ड पुरुष वर्ग में नितेंद्र सिंह रावत (2:15:48 – दो घंटे, 15 मिनट, 48 सेकंड) और महिला वर्ग में सुधा सिंह (2:34:56) के नाम हैं।

अनीश को पिछली बार के उपविजेता मान सिंह से कड़ी चुनौती मिलेगी, जिन्होंने 2025 वालेंसिया मैराथन में 2:13:25 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। इनके अलावा श्रीनु बुगाथा और प्रदीप सिंह चौधरी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। महिला एलीट वर्ग में निर्मबेन खिताबी हैट्रिक पूरी करने की कोशिश करेंगी। अब तक ऐसा कारनामा ललिता बब्बर ही कर पाई है, जिन्होंने 2012 से 2014 तक लगातार तीन खिताब जीते थे। निर्मबेन को 2011 और 2017 की चैंपियन ज्योति गावते से कड़ी चुनौती मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

# नाओमी ओसाका की ऑस्ट्रेलियाई ओपन तक फिट होने की उम्मीद

**एजेंसी, पर्थ**



चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नाओमी ओसाका यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ महसूस कर रही हैं, लेकिन उन्हें 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन तक पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। ओसाका शुक्रवार को यूनान की मारिया सकारी से 6–4, 6–2 से हार गई थी। उन्होंने मैच के बाद कहा कि वह क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान 'वास्तव में बीमार' हो गई थीं और इसलिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई। मैच के दौरान ओसाका को बीच–बीच में खांसी आ रही थी और वह थकी हुई लग रही थीं।

उन्होंने कहा, ''मैं कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी, इसलिए अभी यहां आकर खुशी हो रही है। यह गंभीर नहीं है, लेकिन मैं उस स्तर का प्रदर्शन नहीं कर पा रही हूं जिस स्तर पर मैं करना चाहती हूं, जो थोड़ा निराशाजनक है।''

पिछले साल अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली ओसाका ने कहा, ''मैं अब ठीक होने के करीब हूं, लेकिन अभी भी पूरी तरह ठीक नहीं हूं। मैं बस हर दिन बेहतर होने की कोशिश कर रही हूं। मुझे खांसी, नाक बहना और इस तरह की कई परेशानियां थीं, इसलिए उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले ये सब ठीक हो जाएगा।'' स्टेफानोस सिटसिपास ने मिश्रित टीम प्रतियोगिता के इस मुकाबले में शिंटारो मोचिजुकी को 6–3, 6–4 से हराकर यूनान की जापान के खिलाफ जीत सुनिश्चित की। (अनंत ज्ञान)

# नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हराकर एमआई एमिरेट्स फाइनल में

**एजेंसी, शारजाह**

एमआई एमिरेट्स ने अपने ऑलराउंड खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए एक कम स्कोर वाले मैच में अबूधाबी नाइट राइडर्स को सात विकेट से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को एमआई एमिरेट्स का सामना डेजर्ट वाइपर्स से होगा।

**डेजर्ट वाइपर्स से रविवार को होगी भिड़ंत**

एमआई एमिरेट्स ने नाइट राइडर्स को केवल आठ विकेट पर 120 रन पर रोक दिया और फिर 16.1 ओवर में तीन विकेट पर 122 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नाइट राइडर्स के लिए अलीशान शरफू ने 40 गेंदों में 50 रन बनाए, लेकिन एमआई एमिरेट्स ने नियमित अंतराल में विकेट लेकर उस पर दबाव बनाए रखा। एमआई एमिरेट्स की तरफ से एएम गजनफर ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि मुहम्मद रोहिद और फजलहक फारुकी ने दो–दो विकेट हासिल किए।

छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए एमआई एमिरेट्स ने दूसरे ओवर की शुरुआत में ही मोहम्मद वसीम (10) का विकेट खो दिया और आंद्रे फ्लेचर (05) के सस्ते में आउट होने के बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 36 रन हो गया, लेकिन टॉम बैंटन (53 गेंदों में नाबाद 64) और शाकिब अल हसन (24 गेंदों में 38) के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की मदद से एमआई एमिरेट्स ने 23 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव के बीच आईपीएल से पहले बड़ा फैसला

# केकेआर ने मुस्तफिजुर रहमान को किया बाहर

**बीसीसीआई के आदेश के बाद लिया फैसला**

**एजेंसी, गुवाहाटी**




कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से पहले टीम से रिलीज कर दिया है। पिछले महीने हुई खिलाड़ियों की नीलामी में केकेआर ने मुस्तफिजुर को 9.20 करोड़ रुपए में खरीदा था, जबकि उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपए था। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के साथ कड़ी बोली के बाद केकेआर उन्हें टीम में शामिल करने में सफल रहा था।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि हालिया घटनाक्रम को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है और जरूरत पड़ने पर केकेआर को उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को चुनने की अनुमति दी जाएगी। केकेआर ने एक बयान में कहा कि उसने बीसीसीआई–आईपीएल के निर्देशों के अनुरूप उचित प्रक्रिया के बाद मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज किया है। भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ते कटनीतिक तनाव, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता और हालिया राजनीतिक अस्थिरता के कारण इस फैसले को अहम माना जा रहा है। मुस्तफिजुर रहमान 2016 से आईपीएल में विभिन्न फ्रेंचाइजियों का हिस्सा रह चुके हैं और पहली बार केकेआर से जुड़े थे, लेकिन अब आईपीएल में उनका यह सफर फिलहाल थम गया है। (अनंत ज्ञान)

### तेज गेंदबाज मयंक फिटनेस हासिल करने के करीब

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन के कारण लगभग एक साल तक मैदान से बाहर रहने के बाद अब अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी करने के लिए फिट होने के करीब हैं। इस 23 वर्षीय तेज गेंदबाज ने आईपीएल 2024 में अपनी तूफानी गेंदबाजी से सबका ध्यान खींचा था। इसके बाद वह सबसे छोटे प्रारूप में भारत के लिए भी खेले। हालांकि, पीठ की चोट के कारण वह 2025 में केवल दो प्रतिस्पर्धी मैच ही खेल पाए। मयंक की फिटनेस संबंधी समस्याओं के बावजूद उनकी आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस तेज गेंदबाज पर भरोसा दिखाया और पिछले महीने हुई नीलामी से पहले उन्हें अपनी टीम में बनाए रखा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, ''मयंक यादव अच्छी प्रगति कर रहे हैं और वह अपनी पूरी क्षमता के साथ गेंदबाजी करने के करीब हैं। उन्होंने अपनी ताकत और शारीरिक क्षमता में भी महत्वपूर्ण सुधार दिखाया है, जिससे वह तेज गेंदबाजी के लिए आवश्यक अधिकतम फिटनेस स्तर हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं।'' (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** | तिल्ली की चोट से उबरने के बाद पहला मुकाबला, न्यूजीलैंड सीरीज पर नजर

# अय्यर की वापसी तय, विजय हजारे में उतरेंगे मैदान पर

**एजेंसी, मुंबई**




भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पिछले साल अक्तूबर में लगी तिल्ली (स्पलीन) की चोट से उबरने के बाद अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई और हिमाचल प्रदेश के बीच छह जनवरी को होने वाले मैच में खेलेंगे लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी।

सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच के दौरान अय्यर को चोट लगी थी। उन्हें तिल्ली में घाव और आंतरिक रक्तस्राव के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नवंबर की शुरुआत में अय्यर को टीम से रिलीज कर दिया था। इसके बाद दाएं हाथ का यह बल्लेबाज अब वापसी करने के करीब है।

बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के एक सूत्र के अनुसार यह 31 वर्षीय खिलाड़ी अपनी घरेलू टीम मुंबई के लिए 50 ओवरों की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में खेलेगा। सूत्र ने पीटीआई से कहा, ''श्रेयस दो जनवरी, 2026 को अपना पहला 50 ओवर का आरटीपी (रिटर्न टू प्ले) मैच खेलने में सफल रहे। वह पूरी तरह फिट होने की मंजूरी मिलने से पहले छह जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी के मैच के रूप में अपना दूसरा आरटीपी मैच खेलेंगे।''

इस प्रकार अय्यर एक अन्य भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। जायसवाल ने 31 दिसंबर को गोवा के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में अपना पहला मैच खेला था। भारत 11 से 31 जनवरी तक न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर तीन वनडे और फिर पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगा। (अनंत ज्ञान)